www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹ 400/-

वर्ष 1976 से

# रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

50 वर्ष

खंड-51 अंक-17 पृष्ठ 36 | नई दिल्ली 25 - 31 जुलाई 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

## सीपीग्राम्स

# लोकतांत्रिक संवाद की दिशा में एक बड़ी छलांग




डॉ. शुभंकर मिश्रा

जवाबदेही, नैतिक जिम्मेदारी और फीडबैक, प्रभावी निर्णय लेने और लोक प्रशासन के महत्वपूर्ण तत्व हैं। भारतीय बौद्धिक परंपरा में 'श्रवण' यानी ध्यानपूर्वक सुनने को सीखने, चिंतन और संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम माना गया है। वैदिक और उपनिषद ग्रंथों में चर्चा, प्रश्न पूछने और विचारों के आदान-प्रदान को खोज और समझ के तरीकों के रूप में महत्व दिया गया है। इसी प्रकार, भाषा सीखने में, 'सुनने' को प्रतिपुष्टि चार कौशलों- सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना- में पहला माना जाता है, क्योंकि संवाद की शुरुआत अभिव्यक्ति से पहले समझने से होती है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की शासन प्रणालियों में जनभागीदारी और प्रशासनिक उत्तरदायित्व के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं रही हैं। 'अर्थशास्त्र' में वर्णित 'राजधर्म' की अवधारणा जनकल्याण और शासन के प्रति शासक की जिम्मेदारियों पर जोर देती है। सभाओं, पंचायतों, ग्राम सभाओं और याचिका प्रणालियों जैसी संस्थाओं ने लोगों को शासन अधिकारियों से संवाद करने के अवसर प्रदान किए।

### लोकतांत्रिक प्रतिक्रिया के रूप में शिकायतें

लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिकायत निवारण एक औपचारिक माध्यम उपलब्ध कराता है, जिसके जरिए नागरिक सार्वजनिक सेवाओं, प्रशासन और नीतियों के कार्यान्वयन से जुड़ी अपनी चिंताओं से अवगत कराते हैं। जनता की प्रतिक्रिया की व्यवस्थित अभिव्यक्ति के रूप में शिकायतें, सरकारी अधिकारियों को कमियों की पहचान करने, सेवा वितरण में सुधार लाने और प्रशासनिक जवाबदेही मजबूत करने में सहायता करती हैं। भारत की शिकायत निवारण प्रणाली का विकास चरणबद्ध और क्रमिक रूप से हुआ है। औपनिवेशिक काल के दौरान याचिकाओं और औपचारिक प्रशासनिक प्रक्रियाओं के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था तेजी से संस्थागत हुई। ब्रिटिश प्रशासन के अंतर्गत वर्ष 1864 के आसपास डाक नेटवर्क के विस्तार ने याचिकाओं और शिकायतों को सरकारी कार्यालयों तक पहुंचाना और आसान बना दिया।

स्वतंत्रता के बाद शिकायत निवारण प्रणाली धीरे-धीरे विकसित हुई। शुरुआती दशकों में शिकायतों का निपटारा मुख्य रूप से सरकारी विभागों, मंत्रिस्तरीय कार्यालयों, केंद्रीय सचिवालय की लोक शिकायत इकाइयों और जिला स्तर के जनसंपर्क कार्यालयों के माध्यम से किया जाता था। वर्ष 1970 और 1980 के दशकों के दौरान रेलवे यात्री सुविधा समितियों, औपचारिक शिकायत रजिस्टरों, श्रम न्यायालयों और औद्योगिक न्यायाधिकरणों की स्थापना के साथ क्षेत्र-विशेष से संबंधित व्यवस्थाओं का विस्तार हुआ। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 और बैंकिंग लोकपाल योजना, 1987 जैसे विधायी उपायों ने विशिष्ट क्षेत्रों में व्यवस्थित शिकायत निवारण तंत्र शुरू किए।

वर्ष 1990 के दशक से शासन सुधारों के तहत लोकपाल और लोकायुक्त, सतर्कता आयोग, सूचना का अधिकार अधिनियम, नागरिक चार्टर तथा सार्वजनिक सेवा गारंटी ढांचे जैसी संस्थाएं और कानूनी व्यवस्थाएं शुरू की गईं। इनसे शिकायतों के निपटारे और सार्वजनिक सेवाओं की जवाबदेही को मजबूती मिली। हाल के वर्षों में रेल मदद, एयरसेवा, ई-निवारण (आयकर) और सेबी स्कोर्स जैसे डिजिटल मंचों ने विभिन्न क्षेत्रों में शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने, उनकी निगरानी और निवारण की सुविधा प्रदान की है। इससे शिकायतों का अधिक समयबद्ध और डेटा-आधारित प्रबंधन संभव हुआ है।

### डिजिटल युग में शिकायत निवारण

डिजिटलीकरण के आगमन ने विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक सेवाओं के वितरण को बदल दिया है। इससे नागरिकों और शासन के बीच संवाद का तरीका भी मूल रूप से बदल गया है। इस बदलाव से लोक शिकायत निवारण को विशेष लाभ हुआ है। डिजिटल इंडिया ढांचे के अंतर्गत डिजिटल शासन ने पारंपरिक व्यवस्थाओं की सीमाओं को दूर किया है। ये व्यवस्थाएं प्रक्रियागत देरी, बिखरी हुई निगरानी और भौगोलिक बाधाओं से प्रभावित थीं।

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा विकसित और निगरानी की जाने वाली केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स), भारत की शिकायत निवारण व्यवस्था के डिजिटल विकास को दर्शाती है। यह चौबीसों घंटे उपलब्ध ऑनलाइन मंच है, जो केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जोड़ता है। इसके माध्यम से नागरिक वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और उमंग मंच के जरिए अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक शिकायत को एक विशिष्ट पंजीकरण आईडी दी जाती है, जिससे समयबद्ध, पता लगाने योग्य और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित होती है।

सीपीग्राम्स लोक शिकायत निदेशालय (डीपीजी-कैबिनेट सचिवालय), पेंशन संबंधी शिकायतों के लिए सीपेनग्राम्स तथा प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रपति सचिवालय के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के साथ संस्थागत समन्वय के जरिए काम करता है। कॉमन सर्विस सेंटर नेटवर्क के साथ इसके एकीकरण ने अंतिम छोर तक इसकी पहुंच को और मजबूत किया है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के नागरिक भी डिजिटल शिकायत सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

इस अंक में 6,045+ रिक्तियां

सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में लागू सीपीग्राम्स को समय-समय पर तकनीकी रूप से उन्नत किया गया है। इसके संस्करण 7.0 में कार्यप्रवाह प्रबंधन को बेहतर बनाया गया है। इसमें शिकायतों के बेहतर वर्गीकरण, तेज प्रक्रिया और डेटा-आधारित निर्णय लेने के लिए शिकायतों की श्रेणियों और उप-श्रेणियों को अधिक स्पष्ट बनाया गया है। इसके साथ ही विभागों में शिकायतों के अधिक प्रभावी निपटारे के लिए कार्यप्रवाह प्रबंधन, निगरानी और विश्लेषण क्षमताओं को भी बेहतर किया गया है। नागरिकों को रियल टाइम ट्रैकिंग, स्वचालित एसएमएस और ईमेल अपडेट तथा

शेष पृष्ठ 2 पर

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

## सीपीग्राम्सः लोकतांत्रिक संवाद की दिशा में एक बड़ी छलांग

शिकायत के निपटारे के बाद डिजिटल माध्यमों और कॉल सेंटरों के जरिए प्रतिक्रिया देने की सुविधा मिलती है। इससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता, प्रशासन की तत्परता और जवाबदेही मजबूत होती है।

सीपीग्राम्स में समीक्षा और अपील की एक व्यवस्थित व्यवस्था भी शामिल है। शिकायत के निपटारे से असंतुष्ट नागरिक नामित अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है। यह अधिकारी सामान्यतः संबंधित शिकायत निवारण अधिकारी से वरिष्ठ होता है। अपीलीय प्राधिकारी निर्णय लेने से पहले शिकायत, उस पर की गई कार्रवाई और अपील में बताए गए आधारों की स्वतंत्र रूप से समीक्षा करता है। अपीलों का निपटारा सामान्यतः तीस दिनों के भीतर किया जाता है। इससे सुधारात्मक निगरानी और शिकायत निवारण की प्रक्रिया में निरंतर सुधार सुनिश्चित होता है।

इन सभी विशेषताओं ने सीपीग्राम्स को फाइलों पर आधारित पारंपरिक शिकायत निवारण व्यवस्था से बदलकर प्रौद्योगिकी-सक्षम, एकीकृत, पारदर्शी और जवाबदेह शासन मंच बना दिया है।

### नागरिक-केंद्रित शासन को बनाए रखना

हाल के रुझान भारत की प्रौद्योगिकी-सक्षम शिकायत निवारण व्यवस्था की बढ़ती प्रभावशीलता को दर्शाते हैं। मई 2026 के दौरान सीपीग्राम्स को लगभग 1.77 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं। वहीं, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में शिकायतों के निपटारे का औसत समय लगभग 14 दिन रहा, जो निर्धारित 21 दिन की समय-सीमा से काफी कम है।सीपीग्राम्स प्रतिक्रिया कॉल सेंटर, हर महीने नागरिकों से लगभग 60,000 से 70,000 प्रतिक्रियाएं एकत्र करता है। इससे सेवाओं की गुणवत्ता के आकलन, व्यवस्थागत समस्याओं की पहचान और प्रशासनिक सुधारों के लिए एक मजबूत साक्ष्य आधार तैयार होता है।

यह मंच स्पैम तथा बड़ी संख्या में एक जैसी और बार-बार दर्ज होने वाली शिकायतों की रियल टाइम पहचान, शिकायतों की सामग्री और संलग्न दस्तावेजों को स्वचालित रूप से निकालने, विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित बार-बार सामने आने वाली समस्याओं का विषयवार समूहीकरण तथा स्वॉट यानी शक्तियों, कमजोरियों, अवसरों और खतरों के विश्लेषण के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का तेजी से उपयोग कर रहा है। ये क्षमताएं नीतिगत स्तर की कमियों और कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं की पहचान करने में सहायता करती हैं। इससे साक्ष्य-आधारित निर्णय प्रक्रिया मजबूत होती है और सेवा वितरण में सुधार आता है।

इन तकनीकी प्रगतियों के साथ शिकायत निवारण मूल्यांकन और सूचकांक निर्धारित मानकों पर आधारित एक व्यवस्थित मूल्यांकन ढांचे के माध्यम से मंत्रालयों और विभागों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करता है। यह मूल्यांकन व्यवस्था पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्यापन की क्षमता को बढ़ाती है तथा शिकायत निवारण में निरंतर सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देती है।ये सभी विकास दर्शाते हैं कि सीपीग्राम्स शिकायतों का निपटारा करने वाली व्यवस्था से आगे बढ़कर डेटा-आधारित शासन परिवेश के रूप में विकसित हो रहा है, जो जनता के विश्वास को मजबूत करता है और नागरिक-केंद्रित शासन को अधिक प्रभावी बनाता है।

### नागरिकों के अनुभव

सीपीग्राम्स नागरिकों की रोजमर्रा की शिकायतों को व्यवस्थित प्रशासनिक कार्रवाई में बदलकर नागरिकों और सरकार के बीच संपर्क को मजबूत करता है। वित्तीय सेवाओं, कल्याणकारी योजनाओं, उपभोक्ता संरक्षण और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों के नागरिक इस मंच का उपयोग बीमा दावों में देरी, लंबित धनवापसी, सेवाओं में कमी तथा बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याओं की जानकारी देने के लिए करते हैं।

कई मामलों में समय पर हस्तक्षेप से समस्याओं का प्रभावी समाधान हुआ है और सेवा वितरण में स्पष्ट सुधार आया है। उदाहरण के लिए, एक्सप्रेसवे की सुरक्षा के संबंध में नागरिकों की प्रतिक्रिया के बाद बेहतर सफाई और धूल जमा होने से रोकने वाले उपकरणों की तैनाती जैसे सुधारात्मक कदम उठाए गए। अलग-अलग मामलों का स्तर और स्वरूप भिन्न हो सकता है, लेकिन सामूहिक रूप से वे बेहतर जवाबदेही, प्रशासन की तेज प्रतिक्रिया और सेवा वितरण में सुधार को दर्शाते हैं।

### चुनौतियां और मुद्दे

सीपीग्राम्स बड़ी संख्या में प्राप्त शिकायतों वाले एक जटिल प्रशासनिक परिवेश में काम करता है। प्रभावी शिकायत निवारण के लिए स्पष्ट रूप से निर्धारित स्वीकार्यता ढांचे की आवश्यकता होती है, जो कार्रवाई योग्य सेवा वितरण संबंधी समस्याओं और वैकल्पिक कानूनी या संस्थागत उपायों की जरूरत वाले मामलों के बीच अंतर कर सके। इससे परिणाम-केंद्रित कार्यप्रणाली सुनिश्चित होती है।

मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार, सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामले, न्यायालय में विचाराधीन मामले, सरकारी कर्मचारियों के सेवा विवाद, नीतिगत सुझाव, धार्मिक मुद्दे तथा राष्ट्रीय सुरक्षा या विदेशी संबंधों से जुड़े मामले शिकायत निवारण के दायरे में नहीं आते। ऐसे मामलों का उचित मार्गदर्शन के साथ निपटारा किया जाता है। इससे प्रणाली का कार्यात्मक केंद्र बनाए रखते हुए नागरिकों को संबंधित संस्थागत व्यवस्था की ओर भेजना सुनिश्चित होता है।

संचालन संबंधी चुनौतियों में बार-बार दर्ज की जाने वाली, अस्पष्ट, अधूरी और कार्रवाई योग्य न होने वाली शिकायतों के साथ निरर्थक तथा असंगत शिकायतें भी शामिल हैं। व्यवस्थित और स्वचालित छंटाई तंत्र उचित सत्यापन के बाद ऐसे मामलों की पहचान करते हैं। नागरिकों के सुझावों को नीतिगत इनपुट के रूप में अलग से देखा जाता है और उचित होने पर उन्हें संबंधित मंत्रालयों या विभागों को भेजा जा सकता है। सामान्य सुझावों को उचित रूप से दर्ज करके उनका निपटारा किया जाता है।

अन्य चुनौतियों में विभागों के बीच समन्वय की सीमाएं, शिकायत निवारण इकाइयों की संस्थागत क्षमता में असमानता तथा निपटारे की गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर नागरिकों की बढ़ती अपेक्षाएं शामिल हैं। इन समस्याओं का समाधान मंत्रालयों, विभागों और नोडल लोक शिकायत अधिकारियों से संबंधित बहुस्तरीय निगरानी ढांचे के माध्यम से किया जाता है। इसे समय-समय पर होने वाली समीक्षाओं और प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी से सहायता मिलती है। इससे जवाबदेही मजबूत होती है और निपटारे की दक्षता में सुधार आता है।

### आगे की राहः अगली पीढ़ी का सीपीग्राम्स

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग सीपीग्राम्स को अधिक नागरिक-केंद्रित, बुद्धिमान और उत्तरदायी बनाने के लिए लगातार मजबूत कर रहा है। इस विकास का विस्तार नागरिकों के लिए एआई-सक्षम वॉयस चैटबॉट 'समाधान दीदी' के रूप में एक बुद्धिमान इंटरफेस तक हुआ है। इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा समर्थित भाषा मंच 'भाषिणी' के सहयोग से विकसित किया गया है। बाईस अनुसूचित भाषाओं में बहुभाषी सहायता प्रदान करने वाले इस चैटबॉट का शुभारंभ कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री श्री जितेंद्र सिंह ने 30 मई, 2026 को किया। इसका उद्देश्य शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ और समावेशी बनाना है।

सुधारों के अगले चरण में सीपीग्राम्स को एक अलग पोर्टल के रूप में काम करने के बजाय एकीकृत शासन बुद्धिमत्ता से संचालित अगली पीढ़ी की शिकायत व्यवस्था बनाने की परिकल्पना की गई है। प्रस्तावित सुधारों में उन्नत निगरानी डैशबोर्ड, सेवोत्तम ढांचे के अंतर्गत क्षमता निर्माण, बुद्धिमत्तापूर्ण स्वचालित रूटिंग व्यवस्था, राज्यों के शिकायत पोर्टलों के साथ निर्बाध एकीकरण, बहुभाषी पहुंच, रियल टाइम प्रतिक्रिया प्रणालियां और डेटा-आधारित प्रदर्शन विश्लेषण शामिल हैं।

नागरिक भागीदारी के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए विकसित होती यह व्यवस्था भौतिक पत्राचार, व्हाट्सऐप, चैटबॉट, वॉयस इंटरफेस और मोबाइल एप्लिकेशन सहित अनेक माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को एकीकृत मंच पर जोड़ेगी। प्रत्येक शिकायत की विशिष्ट पहचान की जाएगी तथा उसे स्वचालित रूप से वर्गीकृत करके एआई-सक्षम प्रणालियों के माध्यम से संबंधित अधिकारी या विभाग को भेजा जाएगा। इससे दोहराव कम करते हुए सटीकता, गति और निरंतरता में सुधार होगा।

डीएआरपीजी, आईआईटी कानपुर के सहयोग से विकसित किए जा रहे एकीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली (आईजीएमएस) के माध्यम से एकीकृत शासन बुद्धिमत्ता की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। इस प्रणाली का उद्देश्य शासन के विभिन्न स्तरों पर शिकायतों के रुझानों को रियल टाइम में दर्शाकर सीपीग्राम्स के भीतर एक व्यवस्थित विश्लेषण ढांचा उपलब्ध कराना है। यह रुझानों की पहचान और मशीन लर्निंग-आधारित विश्लेषण के माध्यम से शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई करने वाली व्यवस्था से पूर्वानुमान-आधारित शासन की ओर बदलाव का संकेत है।

इस मंच के विकसित होने के साथ सीपीग्राम्स के न केवल शिकायत निवारण तंत्र, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बहुभाषी संवाद, पूर्वानुमान आधारित विश्लेषण और स्वचालित निर्णय सहायता को एकीकृत करने वाले शासन बुद्धिमत्ता मंच के रूप में भी काम करने की उम्मीद है। इस ढांचे में नागरिकों की शिकायतें व्यवस्था के प्रदर्शन के रियल टाइम संकेतक के रूप में काम करेंगी तथा संस्थागत सीख और नीतियों को बेहतर बनाने में योगदान देंगी।

'विकसित भारत@2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित होता सीपीग्राम्स ढांचा ऐसे शासन परिवेश की परिकल्पना करता है, जिसमें नागरिक व्यवस्थित प्रतिक्रिया के जरिए प्रशासन में निरंतर सुधार में योगदान देते हैं। डिजिटल शासन की निरंतर प्रगति के साथ पहुंच, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और साक्ष्य-आधारित सार्वजनिक सेवा वितरण को मजबूत करने पर ध्यान बना रहेगा।

**(लेखक, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त निदेशक हैं। इस लेख में प्रस्तुत विचार उनके निजी हैं।)**


# भारतीय विश्वविद्यालय संघ

एआईयू हाउस, 16, कॉमरेड इंद्रजीत गुप्ता मार्ग

नई दिल्ली-110002

**एआईयू में संविदा के आधार पर परामर्शदाता और युवा पेशेवरों की नियुक्ति**

भारतीय विश्वविद्यालय संघ निम्नलिखित संविदात्मक पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता हैः-

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता | एक (01) पद |
| 2. | युवा पेशेवर (खेल, वित्त, आईटी एवं एआई) | पांच (05) पद |

**विस्तृत विज्ञापन और आवेदन-पत्र के लिए, कृपया एआईयू की वेबसाइट www.aiu.ac.in देखें।**

EN 17/37



## रोज़गार समाचार

अम्बरीष बी. किशोर
मुख्य संपादक

रहीसुद्दीन रिहान
संपादक

अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)

मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी

शशि प्रकाश सिंह
सहायक निदेशक (उत्पादन)

अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार, सातवां तल,
सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in

प्रसार और शिकायत
en-support@gov.in

संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार : 011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

# संघ लोक सेवा आयोग

**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली -110069**

**सूचनात्मक विज्ञापन सं. 09/2026**

निम्नलिखित पदों पर चयन द्वारा सीधी भर्ती के लिए वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** के माध्यम से **25 जुलाई, 2026 से 14 अगस्त, 2026 तक** ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. **(रिक्ति संख्या 26070901525)** फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में **कृषि अभियंता के पद के लिए एक रिक्ति. (अ.पि.व.-01). वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार **वेतन मैट्रिक्स में स्तर-07. आयु : अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष.**

2. **(रिक्ति संख्या 26070902125)** आयुष मंत्रालय में **चिकित्सा अधिकारी/अनुसंधान** अधिकारी (यूनानी) के पद हेतु **चार रिक्तियां (अना.-01, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-01, अ.जा.-01)** (पीडब्ल्यूबीडी-01*). * चार रिक्तियों में से एक रिक्ति बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10** तथा गैर प्रैक्टिस भत्ता (एनपीए). **आयुः अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के** लिए 38 वर्ष और अ.जा. के लिए 40 वर्ष.

3. **(रिक्ति संख्या 26070903225)** सांस्कृतिक संपत्ति के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ, संस्कृति मंत्रालय में **वैज्ञानिक 'बी' (वनस्पति विज्ञान)** के पद के लिए **एक रिक्ति. (अना.-01). वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.**

4. **(रिक्ति संख्या 26070904225)** सांस्कृतिक संपत्ति के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ, संस्कृति मंत्रालय में **वैज्ञानिक 'बी' (पर्यावरण विज्ञान)** के पद के लिए **एक रिक्ति. (अना.-01). वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.**

5. **(रिक्ति संख्या 26070905225)** सांस्कृतिक संपत्ति के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ, संस्कृति मंत्रालय में **वैज्ञानिक 'बी' (भूविज्ञान)** के पद के लिए **एक रिक्ति. (अना.-01). वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.**

6. **(रिक्ति संख्या 26070906225)** सांस्कृतिक संपत्ति के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ, संस्कृति मंत्रालय में **वैज्ञानिक 'बी' (भौतिक विज्ञान)** के पद के लिए **एक रिक्ति. (अ.पि.व.-01). वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष.**

7. **(रिक्ति संख्या 26070907225)** सांस्कृतिक संपत्ति के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ, संस्कृति मंत्रालय में **वैज्ञानिक 'बी' (प्राणीविज्ञान)** के पद के लिए एक रिक्ति. (अ.जा.-01). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु** : अ.जा. के लिए **40 वर्ष.**

8. **(रिक्ति संख्या 26070908125)** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय में **असैनिक चिकित्सा अधिकारी** के पद के लिए **अठारह रिक्तियां (अना.-06, ईडब्ल्यूएस-03, अ.पि.व.-04, अ.जा.-03, अ.ज.जा.-02)** (पीडब्ल्यूबीडी-01*). *अठारह रिक्तियों में से एक रिक्ति बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10** तथा गैर प्रैक्टिस भत्ता (एनपीए). **आयुः अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष.**

9. **(रिक्ति संख्या 26070909125)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (प्रतिरक्षा-रक्त विज्ञान और रक्त आधान)** के पद के लिए **पांच रिक्तियां (अना.-04, अ.पि.व.-01). वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर -11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. **आयुः अना. के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**

10. **(रिक्ति संख्या 26070910125)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी)** के पद के लिए एक रिक्ति (अ.पि.व.-01). वेतनमान : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयुः अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**

11. (रिक्ति संख्या 26070911625) इस्पात मंत्रालय में **सहायक औद्योगिक सलाहकार** के पद के लिए **दो रिक्तियां** (अना.-02). वेतनमानः 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयुः अना. के लिए 35 वर्ष.**

12. (रिक्ति संख्या 26070912125) पशुपालन और पशु कल्याण विभाग, पुडुचेरी सरकार में **सहायक पशु चिकित्सा शल्य चिकित्सक** के पद के लिए **चार रिक्तियां. (अना.-02, अ.पि.व.-01, अ.जा.-01). वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10** तथा गैर प्रैक्टिस भत्ता (एनपीए). आयु : अना. के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा. के लिए 40 वर्ष.

नोट 1: पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त और/या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के संबंध में आयु सीमा में 10 वर्ष तक की अतिरिक्त छूट है. पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियों के लिए श्रेणीवार/उप-श्रेणीवार आरक्षण और उपयुक्तता के विवरण के लिए, कृपया आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

नोट 2: सूचनात्मक विज्ञापन और विस्तृत विज्ञापन के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में, जब तक कि कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित न हो जाए, आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में प्रदान किया गया संस्करण ही मान्य होगा.

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, आयु सीमा की गणना करने हेतु निर्णायक तिथि होगी.

उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आयोग की वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर जाएं. **'चयन द्वारा भर्ती हेतु उम्मीदवारों के लिए अनुदेश तथा अतिरिक्त सूचना'** के साथ विस्तृत भर्ती विज्ञापन, आयोग की वेबसाइट **https://upsc.gov.in** के साथ-साथ वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर भी प्रदर्शित किया गया है.

**हिन्दी और अंग्रेजी पाठ में किसी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा.**

**EN 17/68**

# संघ लोक सेवा आयोग

**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली -110069**

**सूचनात्मक विशेष विज्ञापन सं. 51/2026**

निम्नलिखित पदों पर चयन द्वारा सीधी भर्ती के लिए वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** के माध्यम से **25 जुलाई, 2026 से 14 अगस्त, 2026 तक** ऑन-लाइन भर्ती आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. **(रिक्ति संख्या 26075101725)** शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में **प्रधानाचार्य** के पद के लिए **एक सौ चौबीस** रिक्तियां.

| पदों का श्रेणी-वार आरक्षण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पद | प्रधानाचार्य | | | | | |
| रिक्तियों की संख्या | अना. | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
| | 69 | 11 | 18 | 16 | 10 | 124 |
| पुरुष | 37 | 07 | 07 | 13 | 08 | 72 |
| महिला | 32 | 04 | 11 | 03 | 02 | 52 |

एक सौ चौबीस रिक्तियों में से, सात रिक्तियां बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सात रिक्तियों में से पांच नई रिक्तियां हैं और दो बैकलॉग रिक्तियां हैं. **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-12. आयुः** अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 50 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 53 वर्ष, अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 55 वर्ष.

2. **(रिक्ति संख्या 26075102725)** शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में **उप-प्रधानाचार्य** के पद के लिए सात सौ चार रिक्तियां.

| पदों का श्रेणी-वार आरक्षण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पद | उप-प्रधानाचार्य | | | | | |
| रिक्तियों की संख्या | अना. | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
| | 287 | 71 | 189 | 103 | 54 | 704 |
| पुरुष | 150 | 37 | 96 | 52 | 29 | 364 |
| महिला | 137 | 34 | 93 | 51 | 25 | 340 |

सात सौ चार रिक्तियों में से, अट्ठाईस रिक्तियां बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित अट्ठाईस रिक्तियों में से सत्ताईस नई रिक्तियां हैं और एक बैकलॉग रिक्ति है. **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु** : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष, अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष.

नोट 1 : पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त और/या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के संबंध में आयु सीमा में 10 वर्ष तक की अतिरिक्त छूट है. पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियों के लिए श्रेणीवार/उप-श्रेणीवार आरक्षण और उपयुक्तता के विवरण के लिए, कृपया आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

नोट 2 : सूचनात्मक विज्ञापन और विस्तृत विज्ञापन के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में, जब तक कि कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित न हो जाए, आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में प्रदान किया गया संस्करण ही मान्य होगा.

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, आयु सीमा की गणना करने हेतु निर्णायक तिथि होगी.

उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आयोग की वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर जाएं. **'चयन द्वारा भर्ती हेतु उम्मीदवारों के लिए अनुदेश तथा अतिरिक्त सूचना'** के साथ विस्तृत भर्ती विज्ञापन, आयोग की वेबसाइट **https://upsc.gov.in** के साथ-साथ वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर भी प्रदर्शित किया गया है.

**हिन्दी और अंग्रेजी पाठ में किसी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा.**

**EN 17/64**

# संघ लोक सेवा आयोग

## नोटिस

### सम्मिलित भू-वैज्ञानिक परीक्षा, 2025

आयोग द्वारा सम्मिलित भू-वैज्ञानिक परीक्षा, 2025 के लिए आरक्षित सूची जारी कर दी गई है तथा यह आयोग की वेबसाइट (**http://www.upsc.gov.in**) पर उपलब्ध है. इसका लिंक राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल (**http://www.ncs.gov.in**) पर भी उपलब्ध है.

**EN 17/48**

## भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन)

**इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एक सांविधिक निकाय**

भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन), इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) का एक सांविधिक निकाय, **वैज्ञानिक 'बी' के 133 पदों पर** सीधी भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

आवेदन का प्रारूप, पात्रता की शर्तें, आवश्यक शैक्षिक अर्हताएं तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए, सर्ट-इन की वेबसाइट **www.cert-in.org.in** का अवलोकन करें.

अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन-पत्र को पूर्ण रूप से भरकर, **GATE** स्कोर कार्ड, मार्कशीट/सर्टिफिकेट आवेदन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे.

**CBC 06170/11/0001/2627**

EN 17/52

---

## भा.कृ.अनु. परिषद्- राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान संस्थान

राजपुर खुर्द पोस्ट ऑफिस, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

**ICAR- National Research Institute for Integrated Pest Management**

Rajpur Khurd, Maidan Garhi New Delhi-110068

E-Mail: director.nriipm@icar.org.in, Web: http://nriipm.res.in

Phone: 011-20907410, 011-26303936, 011-26303931

F.No.1 (140)/2024/Hortisap Project Haryana/IPM

Dated 14th July, 2026

**वॉक् इन इंटरव्यू**

भा.कृ.अनु. परिषद्-राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान संस्थान, राजपुर खुर्द, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-100068 के अंतर्गत 'Institute Head' में एक पोजीशन **यंग प्रोफेशनल-I** यह पोजीशन विशुद्ध रूप से संविदा (PURELY CONTRACTUAL BASIS) के आधार पर हैं. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट **https://nriipm.res.in** देखें.

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

EN 17/43

---

## दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लि.

DSIIDC

एन-36, बॉम्बे लाइफ बिल्डिंग, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001

दूरभाष: +91-11-20810067-69 (Extn. 150/169), वेबसाइट: www.dsiidc.org

### सहायक कार्यकारी अभियंताओं की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईआईडीसी), इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा-2024 के उन इच्छुक उम्मीदवारों की सूची में से योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है जिन्हें अंतिम रूप से अनुशंसित नहीं किया गया था, और जिनके नाम और विवरण यूपीएससी प्रतिभा सेतु पोर्टल पर उपलब्ध हैं (सिविल इंजीनियरिंग स्ट्रीम के 142 उम्मीदवार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्ट्रीम के 38 उम्मीदवार), नीचे दिए गए विवरण के अनुसार पे लेवल 10 (56100-177500) में सहायक कार्यकारी अभियंता (सिविल) और सहायक कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) के पदों पर नियुक्त किया जाना है:

**1. पदों का विवरण**

**क. सहायक कार्यकारी अभियंता (सिविल) – कुल पद : 05**

| श्रेणी | पद |
|---|---|
| अनारक्षित (यूआर) | 03 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (दिल्ली) | 01 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) | 01 |

**ख. सहायक कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) – कुल पद : 02**

| श्रेणी | पद |
|---|---|
| अनारक्षित (यूआर) | 02 |

**2. योग्यता मानदंड**

- उम्मीदवार का नाम यूपीएससी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा-2024 के उन इच्छुक उम्मीदवारों की सूची में होना चाहिए जिन्हें अनुशंसित नहीं किया गया था (सिविल इंजीनियरिंग स्ट्रीम के 142 उम्मीदवार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्ट्रीम के 38 उम्मीदवार, जिनके नाम और अन्य विवरण यूपीएससी प्रतिभा सेतु पोर्टल पर दिख रहे हैं)।
- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय (सिविल / इलेक्ट्रिकल) में इंजीनियरिंग की डिग्री।

**3. आयु सीमा**

- आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 21 से 30 वर्ष।
- आरक्षित श्रेणियों (एससी / एसटी / ओबीसी / ईडब्ल्यूएस / पीडब्ल्यूबीडी / पूर्व-सैनिक आदि) के लिए आयु में छूट भारत सरकार/जीएनसी टीडी के नियमों के अनुसार लागू होगी।

**4. नियुक्ति का स्वरूप**

- नियुक्ति दो (02) साल की प्रोबेशन अवधि के लिए की जाएगी।
- प्रोबेशन की अवधि सफलतापूर्वक पूरी होने पर, डीएसआईआईडीसी/दिल्ली सरकार (एनसीटी) के लागू नियमों के अनुसार सेवाओं को स्थायी किया जाएगा।
- प्रोबेशन की अवधि के दौरान, लागू नियमों के अनुसार सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

**5. वेतन एवं भत्ते**

- पद का वेतन स्तर: लेवल-10 (56100-177500)
- वेतन और भत्ते डीएसआईआईडीसी के कर्मचारियों के लिए लागू नियमों के अनुसार होंगे।

**6. चयन की प्रक्रिया**

- चयन, यूपीएससी प्रतिभा सेतु पोर्टल पर उपलब्ध इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा-2024 के रिकॉर्ड के आधार पर तैयार मेरिट के अनुसार किया जाएगा।

**7. आवेदन कैसे करें**

- इच्छुक उम्मीदवार केवल निर्धारित आवेदन प्रारूप में ही आवेदन कर सकते हैं।
- सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों और स्वयं सत्यापित प्रतियों के साथ, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), डीएसआईआईडीसी लिमिटेड, एन-36, बॉम्बे लाइफ बिल्डिंग, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001 के पते पर भौतिक रूप से (यानी खुद जाकर या डाक/कूरियर) द्वारा जमा किए जाने चाहिए।
- इस संबंध में, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि यूपीएससी प्रतिभा सेतु पोर्टल पर उपलब्ध उनकी पंजीकृत ईमेल आईडी पर, निर्धारित प्रोफार्मा के साथ एक ईमेल भेजा गया है।

**8. जमा करने की अंतिम तिथि: 5 अगस्त 2026**

**9. सामान्य निर्देश**

- उम्मीदवारों को वैध श्रेणी प्रमाण-पत्र (ओबीसी, दिल्ली/एससी/ईडब्ल्यूएस, आदि) जमा करने होंगे।
- निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन या अधूरे आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।
- डीएसआईआईडीसी के पास बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करने या उसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
- चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.dsiidc.org देखें

हस्ता

EN 17/53 **मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), डीएसआईआईडीसी लिमिटेड**

---

# मुंबई पत्तन प्राधिकरण

प्रतिनियुक्ति आधार पर **वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (विकिरण चिकित्सा) के पद (01 पद)** के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए जाते हैं। प्रतिनियुक्ति आधार पर **वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (विकिरण चिकित्सा)** के पद के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **07/09/2026** है। पात्रता मापदंड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in (पीपल एंड करियर/जॉब्स)** पर जा सकते हैं और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के ऑनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

EN 17/6

---

## राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केन्द्र

**National Centre for Polar and Ocean Research**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार

Ministry of Earth Sciences, Govt. of India

हेडलैंड सडा, वास्को-द- गामा, गोवा-403804

निदेशक, एनसीपीओआर, एनसीपीओआर में सीधी भर्ती के आधार पर वेतन स्तर-10 में **संयुक्त प्रबंधक (प्रशासन)** के एक पद को भरने के लिए पात्र एवं इच्छुक भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हैं. पात्रता और अन्य शर्तों के लिए आवेदक एनसीपीओआर की वेबसाइट अर्थात् **www.ncpor.res.in** देखें.

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की **अंतिम तारीख 20 अगस्त, 2026 (बृहस्पतिवार) को भारतीय मानक समयानुसार शाम 05:00 बजे तक है.**

**विज्ञापन सं.: एनसीपीओआर/2026/06**

EN 17/33 **निदेशक, एनसीपीओआर की ओर से**

# भारतीय वायु सेना

**अग्निवीरवायु अयोद्धी के रूप में भारतीय वायु सेना में शामिल हों**

# Indian Air Force

**Join Indian Air Force as an Agniveervayu Non-Combatant**

**भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत अविवाहित भारतीय पुरुष अभ्यर्थियों से अग्निवीरवायु अयोद्धी (नॉन-कॉम्बैटेंट) भर्ती 01/2027 के लिए चयन परीक्षा में उपस्थित होने हेतु आवेदन आमंत्रित करती है. 10वीं/मैट्रिक उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनका जन्म 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2009 (दोनों तिथियां शामिल हैं) के बीच हुआ हो, वे 17 अगस्त 2026 (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि) को अथवा उससे पहले आवेदन कर सकते हैं. वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in** के नॉन-कॉम्बैटेंट टैब के अंतर्गत प्रकाशित प्रारूप के अनुसार विधिवत भरा हुआ आवेदन, सामान्य डाक द्वारा वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** के नॉन-कॉम्बैटेंट टैब के अंतर्गत प्रकाशित सूची में से किसी एक पते पर अग्रेषित किया जा सकता है या किसी भी ड्रॉप बॉक्स वाले स्थान पर जमा किया जा सकता है जिससे यह नियत तिथि तक या उससे पहले पहुंच जाए. **प्रति अभ्यर्थी केवल एक आवेदन** अग्रेषित किया जाना चाहिए. नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे और एक से अधिक आवेदन जमा करने वाले अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता पूरी तरह से रद्द कर दी जाएगी. सूचना/दस्तावेजों के संदर्भ में अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे.

**परीक्षा के क्रम और नियम एवं शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए https://iafrecruitment.edcil.co.in पर जाएं या निकटतम वायु सेना स्टेशन से संपर्क करें.**

**Indian Air Force invites applications from unmarried Indian male candidates to appear in selection test for Agniveervayu Non-Combatant Intake 01/ 2027 under Agnipath scheme. 10th/ Matriculation passed candidates born between 01 January 2005 and 01 July 2009 (both dates inclusive) may apply on or before 17 August 2026 (last date for receipt of application). Duly filled application, as per the format published under Non-Combatant tab of web portal** https://iafrecruitment.edcil.co.in, may be forwarded through normal post to any one of the addresses or submitted at any drop box locations, from the list published under non-combatant tab of web portal **https://iafrecruitment.edcil.co.in**, so as to reach on or before due date. **Only one application per candidate** should be forwarded. Applications received after due date will not be accepted and candidature of a candidate submitting multiple applications will be rejected in total. Incomplete applications, in terms of information/ documents, will be rejected.

FOR DETAILED INFORMATION ON SEQUENCE OF EXAMINATION AND TERMS & CONDITIONS visit https://iafrecruitment.edcil.co.in or CONTACT NEAREST AIR FORCE STATION

CBC 10803/11/0008/2627

EN 17/73

# सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स

सी-डॉट C-DOT

विज्ञापन संख्या C-DOT/HR/REC/2026/07/01 दिनांक : 25 जुलाई 2026

## रिक्ति सूचना

संविदात्मक आधार पर सी-डॉट में निम्नलिखित पदों हेतु रिक्ति सूचना

सी-डॉट में नीचे उल्लिखित पदों को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | सीटीसी | रिक्तियों की संख्या | कार्य स्थान | तरीका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विशेषज्ञ-सामरिक एन्क्रिप्टरों के अभिकल्पन एवं प्रमाणीकरण | अधिकतम रु. 42 लाख प्रति वर्ष | 1 | दिल्ली | निश्चित अवधि के अनुबंध पर |
| 2. | सलाहकार-सतर्कता | सरकारी मानदंडों के अनुसार | 2 | 01-दिल्ली 01- बेंगलुरु | अनुबंध के आधार पर |

इच्छुक और पात्र उम्मीदवार केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन कर सकते हैं और अपना आवेदन जमा कर सकते हैं.

नौकरी विवरण और आवेदन प्रक्रिया सहित विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया सी-डॉट वेबसाइट के 'करियर' अनुभाग पर जाएं:

**https://www.cdot.in/cdotweb/web/careers.php?lang=en#current_openings**

**आवेदन की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार (अंग्रेजी) में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर है. सभी सरकारी उम्मीदवारों को वेबसाइट में दिए गए विवरण के अनुसार उचित माध्यम से अपना आवेदन भेजना होगा.**

**CBC 06268/12/0007/2627** **प्रमुख-कार्मिक एवं मानव संसाधन और कानूनी**

EN 17/51

# सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ़ इंडिया

**(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)**

## रोज़गार सूचना संख्याः 2(1)/I/एसटीपीआई-एचक्यू/2026-27

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ़ इंडिया (एसटीपीआई), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक प्रमुख विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) संगठन है. यह संगठन आईटी/आईटीईएस उद्योग, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, स्टार्ट-अप्स और प्रोडक्ट/आईपी रचना को बढ़ावा देने का काम करता है. यह काम इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (आईओटी), ब्लॉकचेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), कंप्यूटर विजन, रोबोटिक्स, रोबोटिक्स प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए), ऑगमेंटेड और वर्चुअल रियलिटी, एनिमेशन और विजुअल इफेक्ट, डेटा साइंस और एनालिटिक्स जैसी उभरती हुई तकनीकों के क्षेत्र में किया जाता है. ये तकनीकें गेमिंग, फिनटेक, एग्रीटेक, मेडटेक, ऑटोनॉमस कनेक्टेड इलेक्ट्रिक और शेयर्ड (एसीईएस) मोबिलिटी, ईएसडीएम, साइबर सिक्योरिटी, इंडस्ट्री 4.0, ड्रोन, एफिशिएंसी ऑग्मेंटेशन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए हैं. एसटीपीआई, एसटीपी/ईएचटीपी स्कीम के तहत निर्यात को कानूनी सेवाएं और हाई-स्पीड इंटरनेट और आईपीएलसी लिंक जैसी अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करता है. वर्तमान में एसटीपीआई के देश भर में अलग-अलग जगहों पर 73 केंद्र हैं.

नीचे दी गई समूह 'क' की गैर-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रिक्तियों को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इन रिक्तियों को सीधी भर्ती के आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है. सीधी भर्ती के आधार पर की गई नियुक्तियां, पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए होंगी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| पद कोड | : | जेएचटी | |
| पद का नाम | : | **कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक** | |
| पे मैट्रिक्स में लेवल | : | लेवल 6 (रुपये 35400-112400) | |
| आयु सीमा (अधिकतम) | : | सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति के मामले में. | 30 वर्ष (केन्द्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को 5 वर्ष तक छूट दी जाएगी. |
| पदों की संख्या | : | 9 (अना-6, अपिव-2, अजा-1) | |
| भर्ती की पद्धति | : | सीधी भर्ती के आधार पर | |

**अनिवार्य योग्यता:**

**सीधी भर्ती के लिए:**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि, जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय रहा हो या परीक्षा का माध्यम रहा हो; या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री, जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय हो या परीक्षा का माध्यम हो; या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी माध्यम हो और अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय हो या परीक्षा का माध्यम हो. या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी माध्यम हो और हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय हो या परीक्षा का माध्यम हो. या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय रहा हो या उनमें से कोई एक परीक्षा का माध्यम हो और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय हो; और

हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद का मान्यताप्राप्त डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स, या केंद्र सरकार या राज्य सरकार के कार्यालय (भारत सरकार के उपक्रम सहित) में हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव.

**आवेदन कैसे करें:**

जो उम्मीदवार ऊपर बताई गई योग्यता की शर्तों को पूरा करते हैं, वे वेबसाइट **www.stpi.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. **आवेदन का कोई दूसरा तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा.** उम्मीदवार यह पक्का कर लें कि वे ऑनलाइन आवेदन ठीक से भरें और ऑनलाइन आवेदन के सभी जरूरी चरण पूरे करें. **भर्ती की आगे की प्रक्रिया के लिए केवल पूरी तरह से भरे हुए ऑनलाइन आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा.**

केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/स्वायत्त संगठनों में काम करने वाले व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने संगठन से जारी एनओसी की कॉपी जमा कर सकते हैं.

**आवेदन शुल्क:** उम्मीदवार को प्रति आवेदन रुपये 500 (**केवल पांच सौ रुपये**) का आवेदन शुल्क देना होगा. भुगतान का तरीका और प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर बताई जाएगी. महिला उम्मीदवारों और अजा/अजजा/शावि श्रेणी के उम्मीदवारों को कोई शुल्क नहीं देना होगा. एसटीपीआई को एक बार आवेदन शुल्क मिल जाने के बाद, इसे किसी भी हालत में वापस नहीं किया जाएगा.

**चयन प्रक्रिया:** ऊपर बताए गए पद के लिए चयन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा. ऑनलाइन आवेदन मिलने की आखिरी तारीख तक पूरी तरह से भरे गए ऑनलाइन आवेदनों पर ही स्क्रीनिंग के लिए विचार किया जाएगा और केवल स्क्रीनिंग में चुने गए उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा. अनुभव पर केवल योग्यता प्राप्त करने के बाद के आधार पर ही विचार किया जाएगा. लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को मेरिट के आधार पर नियुक्ति की पेशकश की जाएगी.

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 45 दिनों के भीतर.**

**(अनिवार्य योग्यता और अनुभव, परीक्षा का पैटर्न, आवेदन कैसे करें, आवेदन शुल्क, सामान्य नियम और शर्तें, स्क्रीनिंग/चयन मानदंड, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आरंभ तिथि, ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा केंद्र आदि की जानकारी के लिए उम्मीदवार एसटीपीआई की वेबसाइट www.stpi.in देख सकते हैं.)**

EN 17/46

## भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड

IHMCL

(भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एक पहल)

### भर्ती सूचना

आईएचएमसीएल अनुभवी और कर्मठ व्यक्तियों को उन्नत तकनीकों का कार्यान्वयन करने और राष्ट्रीय राजमार्गों के भविष्य को आकार देने का अवसर प्रदान करता है।

| पद | श्रेणी | भर्ती की पद्धति | वेतन ग्रेड (आईडीए पैटर्न के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) | 01 | सलेक्शन/लैटरल इंडक्शन | अनुभव एवं मार्केट रेट के अनुसार या आईडीए ग्रेड ई–7 के अनुसार (रु.1,00,000–2,60,000) |

2. आईएचएमसीएल की आवश्यकता के अनुसार पदों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
3. पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें आईएचएमसीएल की वेबसाइट **www.ihmcl.co.in** पर देखी जा सकती हैं
4. **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 09.08.2026 (सायं 6:00 बजे तक) है।**
5. शुद्धिपत्र या परिशिष्ट या निरस्तीकरण, यदि कोई हो, केवल आईएचएमसीएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

EN 17/36

## स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़

सं. एफ-006/आरएलओ/ईआई(2)/पीजीआई/सीएचडी/2026/1292

दिनांकः 03.07.2026

### प्रतिनियुक्ति के आधार पर 'श्रम अधिकारी' के पद के लिए विज्ञापन सूचना

वेतन स्तर-09 (ग्रेड वेतन-5400) में कम-से-कम 02 वर्ष की नियमित सेवा अथवा वेतन स्तर-8 (ग्रेड वेतन-4800) में 04 वर्ष की नियमित सेवा अथवा वेतन स्तर-7 (ग्रेड वेतन-4600) में क्रमशः 05 वर्ष की नियमित सेवा रखने वाले श्रम अधिकारियों के केंद्रीय पूल/राज्य पूल से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. प्रतिनियुक्ति सामान्यतः तीन वर्ष के लिए होगी.

निर्धारित प्रपत्र में विधिवत भरा हुआ आवेदन संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है. आवेदन पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों सहित विभाग/संगठन के प्रमुख के माध्यम से **31.08.2026 तक निदेशक, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़** को पहुंच जाना चाहिए. ऐसे आवेदन अग्रेषित करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई विभागीय/अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित नहीं है अथवा उस पर विचार नहीं किया जा रहा है और इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाए. इसके अतिरिक्त, अधिकारी की कार्य-रूपरेखा से संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्र भी आवेदन के साथ अग्रेषित किया जाए.

अपूर्ण आवेदनों और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा. यदि अंतिम तारीख से पहले उचित माध्यम से आवेदन भेजना संभव नहीं है, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले पांच वर्षों की एपीएआर के साथ आवेदन की अग्रिम प्रति भेजी जा सकती है. हालांकि, उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त होने के बाद ही उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा. निदेशक, पीजीआईएमईआर बिना कोई कारण बताए अथवा इस संबंध में किसी दावे के बिना किसी भी चरण में चयन प्रक्रिया वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

EN 17/34 निदेशक

भारत सरकार/Government of India

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय/Ministry of Development of NER

## उत्तर-पूर्वी परिषद् सचिवालय
## North Eastern Council Secretariat

प्रशासन अनुभाग/Administration Section

नॉनग्रिम हिल्स, शिलांग/Nongrim Hills, Shillong -793003

Website: https://necouncil.gov.in

सीओएमपी. सं. 2721 तिथिः 2 जुलाई, 2026

उत्तर-पूर्वी परिषद् सचिवालय, भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) आधार पर **उप सलाहकार (सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन)** के 01 (एक) पद को भरने के लिए योग्य अधिकारी की सेवाओं की तलाश कर रहा है. वेतन और प्रतिनियुक्ति के अन्य नियम व शर्तें, समय-समय पर संशोधित अनुसार डीओपीटी की ओ.एम सं.6/8/2009-ईएसटीटी (वेतन-II) तिथि 17.06.2010 के अनुसार शासित होंगे. काडर प्राधिकारियों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे पात्र और इच्छुक उम्मीदवार जिनकी सेवाओं को प्रतिनियुक्ति आधार पर तुरंत कार्यमुक्त किया जा सकता है **उनके आवेदन रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन** के अंदर अधोहस्ताक्षरी के पास अग्रेषित करें. पद का विवरण, पात्रता मानदंड, कार्य अपेक्षा, पद के लिए आयु सीमा, योग्यताएं और अपेक्षित अनुभव नीचे **परिशिष्ट-I** में अंकित है. आवेदन पत्र/आत्मवृत्त प्रारूप **(परिशिष्ट-II)** और अन्य आवश्यक विवरण के लिए उम्मीदवार एनईसी की वेबसाइट **http://necouncil.gov.in** देखने और डाउनलोड करने की सलाह दी जाती है.

**आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले संलग्नकों की सूचीः**

1. उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित और काडर/नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित और विधिवत पूर्ण निर्धारित प्रारूप-परिशिष्ट-II में आवेदन.
2. भारत सरकार के अवर सचिव से ऊपर के अधिकारी द्वारा मुहर के साथ प्रत्येक पेज पर विधिवत सत्यापित पिछले 5 (पांच) वर्षों के लिए एसीआर की सत्यापित प्रतियां.
3. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र.
4. सतर्कता अनापत्ति.
5. अपनी सेवा के पिछले 10 वर्षों के लिए बड़े या छोटे दंड प्रमाणपत्र.
6. इस प्रभाव का प्रमाणपत्र कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत विवरण को सत्यापित किया गया है और सेवा रिकॉर्ड के अनुसार सही पाया गया है.
7. काडर अनापत्ति प्रमाणपत्र.
8. शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रति.

(एल.एस. गांगटे)/(L.S. Gangte)

निदेशक (प्रशासन)/Director (Admn.)

एनईसी सचिवालय, नॉनग्रिम हिल्स, शिलांग-793003

फोन नं.: 0364-2522647

परिशिष्ट-I

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क. | पद का नाम | उप सलाहकार (सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन) | | |
| | ख | पद की संख्या | 1 (एक) | | |
| | ग. | वेतनमान | 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (रुपये 78800-209200) | | |
| | घ. | भर्ती का तरीका और पात्रता मानदंड | प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)<br>केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित राज्य या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधीन अधिकारी जोः | | |
| | | | क. | (i) | मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर समदृश पद धारण किए हुए हो; या |
| | | | | (ii) | मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 (रुपये 67700-208700) में नियमित आधार पर उस नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा या समकक्ष; और |
| | | | ख. | निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव धारक होः | |
| | | | | (i) | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सिविल इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री. |
| | | | | (ii) | हाइड्रोलॉजी योजना या अन्वेषण कार्य या डिजाइन या निर्माण और जल संसाधन विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव हो. |
| | | | | | (केन्द्र सरकार के उसी या अन्य किसी संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले अन्य किसी बाह्य काडर में प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित) को मिलाकर प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार 56 (छप्पन) वर्ष से अधिक नहीं होगी.) |
| | च. | नौकरी अपेक्षाएं | क. | क्षेत्र, बाढ़ नियंत्रण विकास और सिंचाई संसाधन और भू-संरक्षण कार्यक्रम में व्यापक कार्यक्रमों को लेने में सचिव, उत्तर पूर्वी परिषद को सलाह देना. | |
| | | | ख. | उत्तरपूर्वी क्षेत्र के राज्यों में जल संसाधान का अध्ययन करना और सिंचाई और पीने के जल के लिए संसाधनों को उपयोग करने के लिए सुझाव देना . | |
| | | | ग. | उक्त क्षेत्र में परियोजनाओं को फार्म्युलेट करना. गतिविधियों के उस क्षेत्र से संबंधित सभी मामलों में उत्तरपूर्वी क्षेत्र के राज्यों की सहायता करना. | |

EN 17/32

## भारत सरकार, रेल मंत्रालय
## रेलवे भर्ती बोर्ड

### केंद्रीकृत रोज़गार सूचना (सीईएन) संख्या 04/2026

## जूनियर इंजीनियर, डिपो सामग्री अधीक्षक और रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक के विभिन्न पदों की भर्ती

### संकेतात्मक सूचना

पात्र उम्मीदवारों से नीचे दी गई तालिका में दिए गए विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। स
प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए।

आवेदन शुरू होने की तिथि : 14/08/2026 (संभावित)

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 13/09/2026 (संभावित)

| पद का नाम | 7 वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक वेतन (₹) | 01.01.2027 को आयु | चिकित्सा मानक | संभावित रिक्तियां (स आरआरबी |
|---|---|---|---|---|---|
| जूनियर इंजीनियर (जेई), डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस) और रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए) | स्तर - 6 | 35,400/- | 18-33 | विस्तृत CEN में अनुलग्नक-A देखें | 4098 |

1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अ प्राथमिक विवरण को सत्यापित कर लें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के चरण में होने वाली विस्तृत जांच के कारण असुविधा और अतिरिक्त देरी से बचा जा सके।
2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए, आधार में नाम और जन्मतिथि को दस कक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र में अंकित पूरा नाम और जन्मतिथि के साथ 100% मिलान करने के लिए अप किया जाना चाहिए। इसी तरह, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो अ बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस) के साथ अपडेट करना होगा।
3. यह सूचना पूर्ण रूप से सांकेतिक प्रकृति की है, जिसे केवल संभावित उम्मीदवारों को आगामी सीई (CEN) के बारे में सूचित करने और आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों को तैयार करने उद्देश्य से जारी की गई है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियमों,शर्तें, पात्र मानदंड, प्रक्रियाएं और अन्य आवश्यकताएं पूर्णतः विस्तृत सीईएन सं. 04/2026 (साथ ही समय - स पर जारी किए जाने वाले शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही मान्य होगी, जो विशेष रूप से सभी आरआरबी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। https://rrb.indianrailways.gov.in/ स में नीचे सूचीबद्ध सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट :

### आरआरबी के वेबसाइटों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| Ahmedabad www.rrbahmedabad.gov.in | Guwahati www.rrbguwahati.gov.in | Prayagraj www.rrbald.gov.in |
| Ajmer www.rrbajmer.gov.in | Jammu Srinagar www.rrbjammu.nic.in | Ranchi www.rrbranchi.gov.in |
| Bhopal www.rrbbhopal.gov.in | Kolkata www.rrbkolkata.gov.in | Secunderabad www.rrbsecunderabad.go |
| Bhubaneswar www.rrbbbs.gov.in | Malda www.rrbmalda.gov.in | Siliguri www.rrbsiliguri.gov.in |
| Bilaspur www.rrbbilaspur.gov.in | Mumbai www.rrbmumbai.gov.in | Bengaluru RRB www.rrbbnc.gov.in |
| Chandigarh www.rrbcdg.gov.in | Muzaffarpur www.rrbmuzaffarpur.gov.in | Gorakhpur www.rrbgkp.gov.in |
| Chennai www.rrbchennai.gov.in | Patna www.rrbpatna.gov.in | Thiruvananthapuram www.rrbthiruvananthapuram.go |

संख्या : आरआरबी/भुवनेश्वर/Advt./CEN-04/2026 अध्यक्ष

दिनांक : 25/07/2026 PR-284/R/26-27 रेलवे भर्ती ब

**" दलालों, नौकरी दिलाने वालों और ठगों से सावधान रहें "**

EN 17/1

## भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण

भारत सरकार

एनसीयूआई भवन, चौथी मंजिल, 3, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया
अगस्त क्रान्ति मार्ग, हौज़ खास, नई दिल्ली- 110016
दूरभाष-: 49536496, 49092978

## Warehousing Development and Regulatory Authority

Government of India
NCUI Building, 4th Floor, 3, Siri Institutional Area
August Kranti Marg, Hauz Khas, New Delhi - 110016
Tel. No. 49536496, 49092978

फा. सं. डब्ल्यूडीआरए-एचआर0डेप(एडीएएफ)/1/2022-एचआर/927

दिनांकः 09.07.2026

### डब्ल्यूडीआरए में प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर एक पद पर भर्ती

भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए), भारत सरकार निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकारों/केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त/सांविधिक निकायों में कार्यरत पात्र कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित करता हैः-

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या (प्रत्याशित) |
|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (प्रशासन तथा वित्त एवं संविदा) [स्तर-08, रु. 47,600-1,51,100 (7वां केंद्रीय वेतन आयोग)] | 01 |

विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट **www.wdra.gov.in** पर देखी जा सकती है. **वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन, रोज़गार समाचार में रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक निदेशक (मानव संसाधन), भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली को प्रस्तुत किए जा सकते हैं.** शुद्धिपत्र आदि, यदि कोई हो, डब्ल्यूडीआरए की वेबसाइट पर डाला जाएगा.

(वेनीता सोलोमन)
सहायक निदेशक (मानव संसाधन)

EN 17/10

## भारतीय सेना

**www.joinindianarmy.nic.in**

**68वां शॉर्ट सर्विस कमीशन (टेक्निकल) पुरुष (अप्रैल 2027)**

### मुख्य बातें

**(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है और कानूनी रूप से अमान्य है) (www.joinindianarmy.nic.in पर प्रकाशित पाठ्यक्रम अधिसूचना ही उस पाठ्यक्रम के लिए लागू एकमात्र आधिकारिक विज्ञापन है)**

| श्रेणी | विवरण | अधिसूचना का पैरा संख्या |
|---|---|---|
| प्रवेश का प्रकार | शॉर्ट सर्विस एंट्री (तकनीकी) (SSC(T)-68) (पुरुष) | पैरा 1 |
| आयु | 01 अप्रैल 2027 को 20 से 27 वर्ष | पैरा 2 |
| आवेदन हेतु पात्र | अविवाहित पुरुष | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिसूचित शाखाओं में इंजीनियरिंग डिग्री | पैरा 2 |
| स्वीकार्य शाखाएं | सूची के अनुसार | पैरा 3 |
| आवेदन कैसे करें | www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करें | पैरा 11 |
| आवेदन अवधि | 09 जुलाई 2026 से 07 अगस्त 2026 तक | पैरा 15 |
| चिकित्सा मानक/परीक्षा | www.joinindianarmy.nic.in पर दिए अनुसार | पैरा 5 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन > शॉर्टलिस्टिंग > एसएसबी > मेडिकल > मेरिट सूची > जॉइनिंग लेटर | पैरा 4 |
| शॉर्टलिस्टिंग हेतु कट-ऑफ प्रतिशत प्रकाशित होने की तिथि | सितंबर 2026 का प्रथम सप्ताह | — |
| एसएसबी की संभावित अवधि एवं तिथियां | अक्टूबर से दिसंबर 2026 के बीच, पांच दिवसीय एसएसबी. (एसएसबी की तिथि एवं केंद्र चुनने का विकल्प सितंबर 2026 में दो सप्ताह के लिए उपलब्ध रहेगा.) | — |
| प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमी | ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया, बिहार | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण अवधि | अप्रैल 2027 से मार्च 2028 तक 49 सप्ताह | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण के दौरान वजीफा | रु. 56,100 प्रति माह | पैरा 9 |
| प्रशिक्षण पूर्ण होने पर रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 9 |
| कमीशन प्राप्त होने पर वेतन | लगभग रु. 17-18 लाख वार्षिक सीटीसी (निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं वर्ष में एक बार गृह-यात्रा को छोड़कर) | — |
| कमीशन का प्रकार | शॉर्ट सर्विस कमीशन | पैरा 6 |
| न्यूनतम सेवा अवधि | 10 वर्ष | पैरा 7 |
| अधिकतम सेवा अवधि | 14 वर्ष | पैरा 7 |
| सेवा से मुक्त होने का विकल्प | प्रथम-5 वर्ष के बाद, द्वितीय-10 वर्ष के बाद, तृतीय-14 वर्ष के बाद | पैरा 7 |
| स्थायी कमीशन का विकल्प | 10 वर्ष के बाद | पैरा 7 |

CBC 10601/11/0014/2627 EN 17/4

भारत सरकार

## राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र

(स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय)
22-शामनाथ मार्ग, दिल्ली-110054

### सार्वजनिक सूचना

राष्ट्रीय पोलियो निगरानी परियोजना (विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वित्तपोषित) के अंतर्गत **कनिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन ग्रेड-II** के दो पदों और **क्षेत्र कार्यकर्ता** के एक पद पर 31.12.2026 तक संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए **राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, 22-शामनाथ मार्ग (सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन के निकट), दिल्ली-110054** में स्क्रीनिंग-सह-लिखित परीक्षा के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| पद का नाम | पदों की संख्या | तैनाती का स्थान |
|---|---|---|
| कनिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन ग्रेड-II | 2 | दिल्ली |
| क्षेत्र कार्यकर्ता | 1 | |

संविदात्मक पदों की अनिवार्य योग्यताओं/अन्य नियमों और शर्तों से संबंधित अन्य विवरणों सहित स्क्रीनिंग और वॉक्-इन लिखित परीक्षा की सही तारीख एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.mohfw.gov.in पर देखी जा सकती है.

शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि पूरा करने वाले पात्र उम्मीदवार स्क्रीनिंग-सह-वॉक-इन लिखित परीक्षा में शामिल हो सकते हैं. स्क्रीनिंग-सह-वॉक-इन लिखित परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवारों का पंजीकरण प्रातः 09:30 बजे से 10:30 बजे के बीच किया जाएगा. प्रातः 10:30 बजे के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा.

**टिप्पणीः** आवश्यकता उत्पन्न होने पर सक्षम प्राधिकारी बिना कोई और कारण बताए चयन प्रक्रिया को (आंशिक या पूर्ण रूप से) संशोधित अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

(बलराम कश्यप)
प्रशासनिक अधिकारी
ई-मेलः kashyapbalu32@gmail.com
दूरभाष सं. 011-23954813

CBC 17129/11/0011/2627 EN 17/20

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी

(नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त निकाय)
फुरसतगंज एयरफील्ड, अमेठी-229302, उत्तर प्रदेश

### अधिसूचना

इग्रुआ अनुबंध के आधार पर निम्न पद हेतु इच्छुक एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है-

| क्रम संख्या | पद का नाम | विज्ञापन संख्या |
|---|---|---|
| 01 | सहायक विमान क्षेत्राधिकारी | इग्रुआ/विज्ञापन/IGRUA/ADVT/24/2026 |
| 02 | प्रशिक्षणाधीन सहायक उड़ान अनुदेशक | इग्रुआ/विज्ञापन/IGRUA/ADVT/25/2026 |

अधिक जानकारी हेतु उम्मीदवार इग्रुआ की आधिकारिक वेबसाइट **https://igrua.gov.in/** पर कैरियर पेज पर विजिट कर सकते है.

**निदेशक, इग्रुआ**

EN 17/19

भारत सरकार

## विकास आयुक्त कार्यालय

एमईपीजेड विशेष आर्थिक क्षेत्र,

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

वाणिज्य विभाग

प्रशासनिक कार्यालय भवन,

जीएसटी रोड, तांबरम, चेन्नई - 600 045

एफ.सं.01/06/2022-प्रशासन.I/1 दिनांक: 27.06.2026

**विषय: तमिलनाडु में स्थित निजी विशेष आर्थिक क्षेत्रों में सहायक विकास आयुक्त के 07 पदों तथा एमईपीज़ेड विशेष आर्थिक क्षेत्र, चेन्नई में सहायक विकास आयुक्त के 02 पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के संबंध में।**

*****

**निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है। पदों हेतु अपेक्षित अनुभव और योग्यताएँ अनुलग्नक-I में दी गई हैं।**

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतनमान | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | **सहायक विकास आयुक्त, एमईपीज़ेड विशेष आर्थिक क्षेत्र, चेन्नई** | (समूह 'ख' - राजपत्रित) वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर: 7, वेतनमान रु. 44,900-1,42,400/- (7वें केन्द्रीय वेतन आयोग) | 2 पद* |
| | **भर्ती की पद्धति** | **प्रतिनियुक्ति** | |
| 2 | **तमिलनाडु में स्थित निजी विशेष आर्थिक क्षेत्रों में सहायक विकास आयुक्त** | (समूह 'ख' - राजपत्रित) वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर: 7, वेतनमान रु. 44,900-1,42,400/- (7वें केन्द्रीय वेतन आयोग) | 07 पद* |
| | **भर्ती की पद्धति** | **लागत वसूली आधार पर प्रतिनियुक्ति** | |

*** दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा भर्ती के समय वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार एमईपीज़ेड द्वारा बढ़ाई या घटाई जा सकती है।**

2. पात्र एवं इच्छुक अधिकारी अपने विभागाध्यक्ष से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) प्राप्त करने के पश्चात् निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन, निम्नलिखित दस्तावेजों सहित, उचित माध्यम से विकास आयुक्त, एमईपीज़ेड विशेष आर्थिक क्षेत्र, प्रशासनिक कार्यालय भवन, जीएसटी रोड, तांबरम, चेन्नई-600045 को भेजा जाए।
   - **(क) पिछले पाँच वर्षों के पूर्ण एवं अद्यतन वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदनों (APARs) की मूल प्रतियां अथवा उनकी सत्यापित फोटोप्रतियां।**
   - **(ख) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र / सतर्कता मंजूरी।**
   - **(ग) पिछले 05 वर्षों के दौरान लगाए गए प्रमुख/लघु दंडों का विवरण (यदि कोई दंड नहीं लगाया गया है, तो इसका उल्लेख किया जाए)।**
3. अपूर्ण आवेदन तथा उपर्युक्त अपेक्षित दस्तावेजों के अभाव में प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर होगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति की शर्तें भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (वेबसाइट: www.persmin.nic.in) द्वारा दिनांक 17/06/2010 के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-Estt(Pay-II), जैसा कि समय-समय पर संशोधित किया गया है, में निर्धारित मानक नियमों एवं शर्तों के अनुसार विनियमित होंगी।
5. यह विज्ञापन रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 1 वर्ष के लिए खुला विज्ञापन है। प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों की पात्रता शर्तों के अनुसार जांच की जाएगी और संक्षिप्त-सूचीबद्ध अभ्यर्थियों का साक्षात्कार अगले माह, रिक्तियां भर जाने तक अथवा विकास आयुक्त, एमईपीज़ेड एसईजेड के आदेशानुसार, आयोजित किया जाएगा।

### अनुलग्नक-I

### पदों हेतु अनुभव और योग्यताएँ

**सहायक विकास आयुक्त का पद भरने की पद्धति**

- **(i) नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर होगी।**
- **(ii) इस पद के लिए केवल केंद्र सरकार के कर्मचारी पर ही विचार किया जा सकेगा।**
- **(iii) इन पदों के लिए केवल केंद्र सरकार या राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार/राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों पर ही विचार किया जा सकेगा।**
- **(iv) शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव और आयु सीमा आदि जैसी अन्य पात्रता शर्तें निर्धारित भर्ती नियमों में यथाप्रावधानित होंगी।**

**1. सहायक विकास आयुक्त (समूह 'ख' - राजपत्रित) - एमईपीज़ेड एसईजेड हेतु संख्या - 02 पद**

| | |
|---|---|
| पद का नाम: | **सहायक विकास आयुक्त** |
| वेतनमान: | वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर 7<br>वेतनमान रु. 44,900-1,42,400/-<br>वेतन बैंड रु. 9,300-34,800 (पीबी2-) में रु. 4,600/- ग्रेड वेतन (पूर्व-संशोधित) (समूह 'ख'-राजपत्रित-मंत्रालयिक) |
| भर्ती की पद्धति: | प्रतिनियुक्ति |
| रिक्तियों की संख्या: | 2 |

**पात्रता**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार/राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का कर्मचारी केंद्र सरकार के अधीन अधिकारी

**(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण करते हों; अथवा**

**(ii) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् पीबी-2: रु. 9,300-34,800, ग्रेड वेतन रु. 4,200/- (पूर्व-संशोधित), जो 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग मैट्रिक्स स्तर-06 (रु. 35,400-1,12,400) के अनुरूप है, अथवा समकक्ष वेतनमान में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो; और**

**(ख) औद्योगिक विकास या विदेश व्यापार के क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव रखते हों।**

(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारण किए गए किसी अन्य बाह्य-संवर्गीय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

**2. सहायक विकास आयुक्त (समूह 'ख' - राजपत्रित) - राज्य सरकार / निजी एसईजेड - 07 पद - राज्य सरकार / निजी एसईजेड हेतु**

| | |
|---|---|
| पद का नाम: | **सहायक विकास आयुक्त** |
| वेतनमान: | वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर 7<br>वेतनमान रु. 44,900-1,42,400/-<br>वेतन बैंड रु. 9,300-34,800 (पीबी2-) में रु. 4,600/- ग्रेड वेतन (पूर्व-संशोधित) (समूह 'ख'-राजपत्रित-मंत्रालयिक) |
| भर्ती की पद्धति: | प्रतिनियुक्ति |
| रिक्तियों की संख्या: | 07 |

**पात्रता**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार/राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का कर्मचारी केंद्र सरकार के अधीन अधिकारी

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण करते हों; अथवा

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् पीबी-2: रु. 9,300-34,800, ग्रेड वेतन रु. 4,200/- (पूर्व-संशोधित), जो 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग मैट्रिक्स स्तर-06 (रु. 35,400-1,12,400) के अनुरूप है, अथवा समकक्ष वेतनमान में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो; और

(ख) औद्योगिक विकास या विदेश व्यापार के क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव रखते हों।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारण किए गए किसी अन्य बाह्य-संवर्गीय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

**(एम. अश्विन, आईआरटीएस)**
**उप विकास आयुक्त**

प्रति
1. अवर सचिव (प्रशासन), वाणिज्य विभाग, वाणिज्य भवन, नई दिल्ली।
2. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग, नई दिल्ली।
3. वाणिज्य मंत्रालय के सभी अनुभाग।
4. वाणिज्य मंत्रालय के अधीन सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय।
5. विकास आयुक्त, CSEZ; विकास आयुक्त, SEEPZ; विकास आयुक्त, कांडला; विकास आयुक्त, फाल्टा एसईजेड; विकास आयुक्त, नोएडा एसईजेड तथा विकास आयुक्त, VSEZ।

EN 17/7

---

भाअजप्रा iwai

# भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

# Inland Waterways Authority of India

**(Ministry of Ports, Shipping & Waterways, Govt. of India)**

ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.)

दूरभाषः 0120-2474050 और 2544036

**संक्षिप्त रोज़गार सूचना सं. आईडब्ल्यूएआई-12/4/2022-प्रशा. भर्ती, दिनांक 10.07.2026**

आईडब्ल्यूएआई, केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सांविधिक अथवा स्वायत्त निकायों के कार्यालयों में कार्यरत भारतीय नागरिकों से **उच्च श्रेणी लिपिक (यूडीसी)** के छह रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर, प्रारंभ में 03 वर्ष की अवधि के लिए, भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद पर आईडब्ल्यूएआई के कार्यालयों में अखिल भारतीय स्थानांतरण का दायित्व है।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन है।** निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, उचित माध्यम से, प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों, पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों आदि के साथ केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **सहायक सचिव (प्रशासन एवं स्थापना), आईडब्ल्यूएआई, ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.)** को भेजे जाने चाहिए। अधिक जानकारी के लिए <www.iwai.nic.in> देखें।

EN 17/14 सचिव

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अ.भा.आ.सं.), भुवनेश्वर
## ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (AIIMS), BHUBANESWAR

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक सांविधिक निकाय)
सिजुआ, डाक : डुमुडुमा, भुवनेश्वर (ओड़िशा)-751019

फाइल संख्या: आरईसीटी–11014/3/2026–आरईसीयू एसईसी–भाग(1) दिनांक:14.07.2026

### अधिसूचना

**विज्ञापन संख्या :– प्रतिनियुक्ति /01/2026**

**विषय – अ.भा.आ.सं. भुवनेश्वर में प्रतिनियुक्ति के आधार पर वरिष्ठ लेखा अधिकारी (वेतन स्तर –11), लेखा अधिकारी (वेतन स्तर –10) और सहायक लेखा अधिकारी (वेतन स्तर –7) की भर्ती के संबंध में ।**

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर** राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान है, तथा नए अ.भा.आ.सं. और शीर्ष स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक है । जिसे **प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई)** के तहत भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है । इसका उद्देश्य देश में गुणवत्तापूर्ण तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं में क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक करना और स्नातक, स्नातकोत्तर और उच्च चिकित्सा शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है ।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नीचे बताए गए ग्रुप "ए" एवं "बी" के पदों को भरने के लिए, केंद्र सरकार, राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार, वैधानिक/स्वायत्त निकायों, सरकारी विश्वविद्यालयों, सरकारी अनुसंधान और विकास संगठनों आदि के योग्य अधिकारियों से निर्धारित प्रपत्र में **(केवल हार्ड कॉपी)** आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं ।

| क्रम सं | पद का नाम | वर्ग | 7वें सीपीसी के अनुसार वेतनमान | रिक्ति पद |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | ए | स्तर – 11 | 2 |
| 02 | लेखा अधिकारी | ए | स्तर – 10 | 3 |
| 03 | सहायक लेखा अधिकारी | बी | स्तर – 7 | 1 |

योग्यता के मानदंडों, आवश्यक शैक्षिक योग्यता, आयु और अन्य शर्तों व नियमों के बारे में पूरी जानकारी के लिए, कृपया **विज्ञापन संख्या प्रतिनियुक्ति /01/2026 दिनांक 14.07.2026** देखें, जो संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **https://aiimsbhubaneswar.nic.in** पर उपलब्ध है ।

हस्ताक्षरित/-
**मो. सलीम गोलदार**
**प्रशासनिक अधिकारी**
**अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर**

EN 17/59

## भारतीय सेना
**www.joinindianarmy.nic.in**

**68वां शॉर्ट सर्विस कमीशन (टेक्निकल) महिला (अप्रैल 2027)**

### मुख्य बातें

**(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है और कानूनी रूप से अमान्य है)**
**(www.joinindianarmy.nic.in पर प्रकाशित पाठ्यक्रम अधिसूचना ही उस पाठ्यक्रम के लिए लागू एकमात्र आधिकारिक विज्ञापन है)**

| श्रेणी | विवरण | अधिसूचना का पैरा संख्या |
|---|---|---|
| प्रवेश का प्रकार | शॉर्ट सर्विस एंट्री (टेक्निकल) (SSCW(T)-68) महिला | पैरा 1 |
| आयु | 01 अक्टूबर 2027 को 20 से 27 वर्ष | पैरा 2 |
| किनके लिए खुला | अविवाहित महिला | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिसूचित स्ट्रीम में इंजीनियरिंग डिग्री | पैरा 2 |
| रिक्तियां | कुल 30 (प्रत्येक स्ट्रीम के सामने सूचीबद्ध अनुसार) | पैरा 3 |
| आवेदन कैसे करें | www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करें | पैरा 11 |
| आवेदन विंडो | 08 जुलाई 2026 से 06 अगस्त 2026 तक | पैरा 15 |
| चिकित्सा मानक/परीक्षा | www.joinindianarmy.nic.in पर दिए गए अनुसार | पैरा 5 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन » शॉर्टलिस्टिंग » एसएसबी » मेडिकल » मेरिट सूची » जॉइनिंग लेटर | पैरा 4 |
| शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंकों के कट-ऑफ % के प्रकाशन की तारीख | सितंबर 2026 का पहला सप्ताह | - |
| SSB की संभावित अवधि और तारीखें | अक्टूबर-दिसंबर 2026 के बीच पांच दिवसीय SSB (SSB तारीखों और केंद्र के लिए विकल्प सितंबर 2026 में दो सप्ताह के लिए खुले रहेंगे) | - |
| प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमी | ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया, बिहार | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण की अवधि | अप्रैल 2027 से मार्च 2028 तक 49 सप्ताह | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड | रु. 56,100 प्रति माह | पैरा 9 |
| प्रशिक्षण के बाद रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 9 |
| कमीशनिंग पर वेतन | CTC लगभग 17-18 लाख प्रति वर्ष (निःशुल्क चिकित्सा कवर और वर्ष में एक बार गृह नगर की यात्रा को छोड़कर) | - |
| कमीशन का प्रकार | शॉर्ट सर्विस कमीशन | पैरा 6 |
| न्यूनतम सेवा अवधि | 10 वर्ष | पैरा 7 |
| अधिकतम सेवा अवधि | 14 वर्ष | पैरा 7 |
| रिलीज़ का विकल्प | पहला - 5 वर्ष के बाद, दूसरा - 10 वर्ष के बाद और तीसरा - 14 वर्ष के बाद | पैरा 7 |
| स्थायी कमीशन का विकल्प | 10 वर्ष के बाद | पैरा 7 |

CBC 10601/11/0018/2627 EN 17/5

फा. सं. 01-09/2026-प्रशा.

भारत सरकार

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029
दूरभाष सं. 26701700

सत्यमेव जयते

दिनांकः 09 जुलाई, 2026

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में संविदा के आधार पर परामर्शदाता (परियोजना समीक्षा एवं समन्वयक, डीएम-II प्रभाग, गृह मंत्रालय) के पद के लिए विज्ञापन.

एनडीएमए निम्नलिखित पद के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता हैः-

| क्र. सं. | पद का नाम | पद की प्रकृति | रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता | योग्यता के बाद का अनुभव | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता (परियोजना समीक्षा एवं समन्वयक, डीएम-II प्रभाग, गृह मंत्रालय) | संविदात्मक | 01 (एक) | **अनिवार्यः** आपदा प्रबंधन, कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए), डेटा साइंस, सांख्यिकी, गणित, अर्थशास्त्र, जीआईएस, लोक नीति, सामाजिक विज्ञान अथवा पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री. | • उम्मीदवार के पास संबंधित क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए.<br>• उम्मीदवार को भारत सरकार तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मंत्रालयों और विभागों के साथ काम करने की जानकारी होनी चाहिए.<br>• शैक्षिक योग्यताओं और कार्य अनुभव, दोनों से संबंधित क्षेत्र में एक स्थापित विशेषज्ञ के रूप में आवेदक की साख प्रमाणित होनी चाहिए. | परामर्शदाता के लिए 40 वर्ष. (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के लिए अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष है.) |

**2. पारिश्रमिक बैंडः** परामर्शदाता के लिए 75,000-1,00,000 रुपये प्रतिमाह. परामर्शदाता के रूप में नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी का पारिश्रमिक वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 09 दिसंबर, 2020 के कार्यालय ज्ञापन सं. 3-25/2020-ई.IIIए के अनुसार विनियमित किया जाएगा.

**3.** उपर्युक्त पद पर नियुक्ति के लिए विस्तृत नियम और शर्तें तथा पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव आदि) संदर्भ-शर्तों (टीओआर) में दिए गए हैं और इन्हें एनडीएमए की वेबसाइट **http://ndma.gov.in** पर देखा जा सकता है.

**4.** अनिवार्य/वांछनीय शैक्षिक योग्यताओं और अनुभव का सत्यापन मूल प्रमाण-पत्रों से किया जाएगा.

**5.** इच्छुक व्यक्ति एनडीएमए की वेबसाइट पर विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **20 दिनों के भीतर** एनडीएमए की वेबसाइट के माध्यम से इस पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

**महत्त्वपूर्ण टिप्पणीः आवेदकों द्वारा एनडीएमए जॉब पोर्टल (http://ndma.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने पर ही आवेदनों पर विचार किया जाएगा. आवेदन के किसी अन्य माध्यम पर विचार नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन आवेदन करने में किसी सहायता के लिए कृपया 9873997934 पर कॉल करें. एनडीएमए बिना कोई कारण बताए ऐसे आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

(अभिषेक बिस्वास)
अवर सचिव (प्रशासन)

EN 17/31

## आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)

एनएएमएस भवन, मेडिकल एन्क्लेव, अंसारी नगर, नई दिल्ली – 110029

सं. A-12017/3/2025-Estb-Part(1) दिनांक: 01.07.2026

**वॉक-इन इंटरैक्शन**

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों को **संविदा के आधार पर शोध सहयोगी (शोध सहयोगी-I) और शोध सहयोगी-II के कुल 30 पदों** पर नियुक्ति हेतु वॉक-इन इंटरैक्शन के लिए आमंत्रित किया जाता है:

| क्र.सं. | पद का नाम | पद की सं. | पारिश्रमिक | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शोध सहयोगी – I (चिकित्सा) | 12 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| 2 | शोध सहयोगी – I (गैर चिकित्सा) | 04 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| 3 | शोध सहयोगी – I (आईटी) | 02 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| 4 | शोध सहयोगी – II (वित्त और लेखा) | 01 | ₹95,000/- | 45 वर्ष |
| 5 | शोध सहयोगी – I (राजभाषा) | 02 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| 6 | शोध सहयोगी – I (प्रापण) | 01 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| 7 | शोध सहयोगी – I (संपदा) | 01 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| 8 | शोध सहयोगी – I (यात्रा डेस्क) | 01 | ₹50.000/- | 40 वर्ष |
| 9 | शोध सहयोगी – I (स्थापना) | 02 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| 10 | शोध सहयोगी – I (संपादकीय) | 02 | ₹50,000/- | 50 वर्ष |
| 11 | शोध सहयोगी – II (साइबर सुरक्षा) | 01 | ₹95,000/- | 45 वर्ष |
| 12 | शोध सहयोगी – I (सचिवालयी) | 01 | ₹50,000/- | 40 वर्ष |
| | कुल | 30 | | |

* परीक्षा संस्थानों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट दी जाएगी।

- इसके लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, वॉक-इन इंटरैक्शन और अन्य मापदंडों के साथ आवेदन पत्र का विवरण www.natboard.edu.in पर उपलब्ध है।

अपर निदेशक (गैर चिकित्सा)

हेल्पलाइन नं. 011-45593000 | ई-मेल: recruitment@natboard.edu.in

EN 17/12

---

भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय

## रसायन और पेट्रोरसायन विभाग

### तकनीकी परामर्शदाताओं की नियुक्ति

रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग तीन तकनीकी सलाहकारों i.e. दो मध्य-स्तरीय और एक प्रवेश-स्तर-को संविदात्मक आधार पर आवेदन या नियुक्ति के के लिए आमंत्रित करता है.

2. विस्तृत रिक्ति परिपत्र दिनांक 01/07/2026 और 27/05/2026 वेबसाइट, **https://chemicals.gov.in/recruitments** पर उपलब्ध हैं. इच्छुक उम्मीदवार रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **21 दिनों** के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं :

**उप सचिव (प्रशासन)**
रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग
कमरा नं. 23051, तीसरी मंजिल,
कर्तव्य भवन – 02, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001

CBC 02101/11/0005/2627 EN 17/28

---

## डिस्क्लेमर

रोज़गार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं. यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं. रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए. इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है.

---

## वर्ष 2026-27 के लिए खेल कोटा (खुला विज्ञापन) के अंतर्गत भर्ती

रोज़गार सूचना सं. 04/2026

**अधिसूचना जारी करने की तारीखः 25-07-2026** **अंतिम तारीखः 24-08-2026**

वर्ष 2026-27 के लिए खेल कोटा के अंतर्गत 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के स्तर-3/2 में 21 पद और स्तर-1 में 35 पद भरने के लिए नीचे निर्धारित पात्रता के अनुसार भारत के नागरिक पात्र खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्र. सं. | स्तर | पदों की संख्या | 01-01-2027 को आयु सीमा | शैक्षिक योग्यता | खेल संबंधी मानदंड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का स्तर-3/2 | 21 (इक्कीस) | 18 से 25 वर्ष | सरकारी मान्यताप्राप्त बोर्ड/परिषद/संस्थान से कक्षा 12वीं (+2 चरण) उत्तीर्ण अथवा समकक्ष परीक्षा. | किसी भी श्रेणी-बी चैंपियनशिप/प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो अथवा किसी भी श्रेणी-सी चैंपियनशिप/प्रतियोगिता में कम-से-कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो अथवा सीनियर/यूथ/जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कम-से-कम तीसरा स्थान प्राप्त किया होअथवाभारतीय ओलंपिक संघ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कम-से-कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में कम-से-कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो अथवा फेडरेशन कप चैंपियनशिप (सीनियर श्रेणी) में प्रथम स्थान प्राप्त किया हो. |
| 2. | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का स्तर-1 | 35 (पैंतीस) | 18 से 25 वर्ष | कक्षा 10वीं (मैट्रिकुलेशन) अथवा आईटीआई अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा एनसीवीटी द्वारा प्रदान किया गया राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाण-पत्र (एनएसी). | किसी भी श्रेणी-सी चैंपियनशिप/प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो अथवा फेडरेशन कप चैंपियनशिप (सीनियर श्रेणी) में कम-से-कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो अथवा मैराथन और क्रॉस कंट्री को छोड़कर किसी राज्य अथवा समकक्ष इकाई का प्रतिनिधित्व किया हो तथा केवल सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कम-से-कम आठवां स्थान प्राप्त किया हो. |

**अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की श्रेणियांः**

**श्रेणी-एः** ओलंपिक खेल (सीनियर श्रेणी).

**श्रेणी-बीः** विश्व कप (जूनियर/यूथ/सीनियर), विश्व चैंपियनशिप (जूनियर/सीनियर), एशियाई खेल (सीनियर), राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर), युवा ओलंपिक, डेविस कप (टेनिस), चैंपियंस ट्रॉफी (हॉकी), थॉमस/उबेर कप (बैडमिंटन).

**श्रेणी-सीः** राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप (जूनियर/सीनियर), एशियाई चैंपियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर), दक्षिण एशियाई महासंघ (एसएएफ) खेल (सीनियर), यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैंपियनशिप (सीनियर), विश्व विश्वविद्यालय खेल.

**टिप्पणीः** मुक्केबाजी में 25-09-2016 को अथवा उसके बाद अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की "यूथ" श्रेणी में खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर "जूनियर" श्रेणी के स्थान पर विचार किया जाएगा.

**वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी (भर्ती)**
**पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, मालीगांव, गुवाहाटी-781011**

**पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा

EN 17/21

---

## सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़

**भीलवाड़ा रोड, चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312021**

**(यह केंद्र/राज्य सरकार की नौकरी नहीं है)**

1. सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, राजस्थान, सीबीएसई से संबद्ध पूर्णतः आवासीय अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय है, जो सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वावधान में कार्यरत है. विद्यालय निम्नलिखित पदों के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु संविदा के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है, जिसे कुल 3 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है:-

| पद | रिक्तियों की संख्या | वेतनमान | आयु |
|---|---|---|---|
| टीजीटी (गणित) | 01 | रु. 66,000/- प्रतिमाह समेकित | 21-35 वर्ष |
| टीजीटी (हिंदी) | 01 | | |
| परामर्शदाता | 01 | | |
| प्रयोगशाला सहायक | 01 | रु. 36,000/- प्रतिमाह समेकित | 21-35 वर्ष |
| पीईएम/पीटीआई-सह-मैट्रन (महिला) | 01 | रु. 36,000/- प्रतिमाह समेकित | 18-50 वर्ष |
| नर्सिंग सिस्टर (महिला) | 01 | रु. 36,000/- प्रतिमाह समेकित | |

2. आवेदन-पत्र और अन्य विवरण के लिए विद्यालय की वेबसाइट **https://sschittorgarh.edu.in/** देखें. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भरा हुआ आवेदन-पत्र अंकतालिकाओं, प्रमाण-पत्रों और अन्य दस्तावेजों की प्रतियों के साथ इस विद्यालय को भेजें. उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए देय नहीं होगा.

3. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन के **21 दिनों के भीतर** पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा रोड, चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312021** पहुंच जाने चाहिए.

4. विद्यालय प्रशासन प्रशासनिक/नीतिगत कारणों से किसी भी समय रिक्ति रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

EN 17/27 प्राचार्य

---

## राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान

हटिया, रांची-834003

[शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन मानद विश्वविद्यालय]

### विजिटिंग मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

सं. जीए-28/2021 दिनांकः 10/07/2026

**विज्ञापन सं.-V/02/2026**

एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार विद्यार्थियों को आवश्यक मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान करने के लिए **विजिटिंग मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता** के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र आवेदकों से सादे कागज पर बायोडाटा सहित आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.-V/01/2026 रद्द किया जाता है.**

विस्तृत विज्ञापन संस्थान की वेबसाइट **[https://niamt.ac.in]** के **"रोज़गार अवसर अनुभाग"** में उपलब्ध है.

EN 17/16 **प्रभारी कुलसचिव**

# राइट्स लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

शिखर, प्लॉट नं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001

**अनुबंध (Contract) के आधार पर निम्नलिखित पदों हेतु इंजीनियरिंग पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :**

| क्र. सं. | वीसी सं. | अनुबंध (एकमुश्त पारिश्रमिक) के आधार पर पद | पदों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | ई डब्ल्यू एस | अ.पि.व. (एनसी एल) | अ. जा. | अ.ज. जा. | कुल |
| 1 | CL/04/26 | आवासीय अभियंता (सिविल) | 03 | - | - | - | - | 03 |
| 2 | CL/05/26 | गुणवत्ता अभियंता (सिविल) | 02 | - | - | - | - | 02 |
| 3 | CL/06/26 | क्षेत्रीय अभियंता (सिविल) | 07 | 01 | 02 | 01 | - | 11 |

**I. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव :**
विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया राइट्स की वेबसाइट देखें।

**II. छूट एवं रियायतें :**
ईडब्ल्यूएस/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक/जम्मू एवं कश्मीर अधिवासी को आरक्षित पदों (जहाँ लागू हो) के विरुद्ध भारत सरकार के प्रचलित आदेशों के अनुसार आरक्षण/आयु में छूट/अन्य रियायतें प्रदान की जाएँगी।
संबंधित दिव्यांगता से 40% या उससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांग अभ्यर्थी ही दिव्यांगजन के लाभ के पात्र होंगे। ऐसे पात्र दिव्यांग अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

**III. आवेदन शुल्क :**
उक्त पदों के लिए देय आवेदन शुल्क का विवरण **राइट्स** की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दिया गया है।

**IV. चयन प्रक्रिया एवं पारिश्रमिक :**
विस्तृत जानकारी हेतु कृपया राइट्स की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन देखें।

**V. आवेदन कैसे करें :**
विस्तृत जानकारी हेतु कृपया राइट्स की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन देखें।

**VI. महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

| क्र.सं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान प्रारम्भ होने की तिथि | 10.07.2026 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 30.07.2026 |
| 3 | साक्षात्कार की संभावित तिथि | बाद में सूचित की जाएगी |

**VII. अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी राइट्स वेबसाइट www.rites.com के Career अनुभाग में उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें।**

EN 17/44

# राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र

भारत सरकार
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
22-शामनाथ मार्ग, दिल्ली
वॉक्-इन-साक्षात्कार

**कीटविज्ञानी** के 01 (एक) पद को संविदा के आधार पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा इन पदों को नियमित आधार पर भरे जाने तक, जो भी पहले हो, समेकित पारिश्रमिक पर भरने के लिए वॉक्-इन-साक्षात्कार **अप्रैल, 2026** के महीने में एनसीवीबीडीसी, 22-शामनाथ मार्ग (सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन के निकट), दिल्ली-110054 में आयोजित किया जाएगा. विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | पद का नाम एवं वेतन स्तर | रिक्ति | पारिश्रमिक | तैनाती का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता (कीटविज्ञान), वेतन स्तर-12 | 01 | 78,000 रुपये | दिल्ली |

संविदात्मक पदों की अनिवार्य योग्यताओं/अन्य नियमों और शर्तों से संबंधित विवरण एनसीवीबीडीसी की वेबसाइट **www.ncvbdc.mohfw.gov.in** पर देखा जा सकता है. शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि पूरा करने वाले पात्र उम्मीदवार उल्लिखित तारीख और समय पर बायोडाटा, पासपोर्ट आकार के एक फोटोग्राफ, मूल प्रमाण-पत्रों तथा उनकी स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ वॉक्-इन-साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं. साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों का पंजीकरण प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे के बीच किया जाएगा.

प्रशासनिक अधिकारी
एनसीवीबीडीसी, दिल्ली
ई-मेलः aoadmn2.ncvbdc@gmail.com

CBC 17103/11/0002/2627 EN 17/38

## महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बार्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं. यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें. अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोजगार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा.

SIR WILLIAM JONES MDCCXLVI-MDCCXCIV

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

# एशियाटिक सोसाइटी

1, पार्क स्ट्रीट, कोलकाता-700 016

**रिक्ति सूचना**

संसद के एक अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान घोषित एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता, जो भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती हैः

| क्र. सं. | पदों का नाम | भर्ती का माध्यम | रिक्तियों की संख्या | वेतन स्तर | आयु सीमा | योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वित्त नियंत्रक [समूह 'क'-लिपिकीय] | भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति से प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण | 01 | 11 | 55 वर्ष | सरकार में सदृश पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा केंद्रीय लेखा संगठन में 8 वर्ष के अनुभव सहित 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर 7 में लेखा अधिकारी का पद धारण करने वाले अधिकारी. |
| 02 | लेखाकार [समूह 'ख'-लिपिकीय] | प्रतिनियुक्ति | 01 | 6 | 55 वर्ष | ऐसे व्यक्ति, जो (क) (i) सरकार में सदृश पद धारण करते हों अथवा (ii) वेतन स्तर 5 में 6 वर्ष की नियमित सेवा रखते हों अथवा (iii) वेतन स्तर 4 में 10 वर्ष की नियमित सेवा रखते हों और (ख) लेखा कार्य के अनुभव सहित वाणिज्य में स्नातक डिग्री रखते हों. |

इच्छुक उम्मीदवार इस विज्ञापन के प्रकाशन के **एक (01) माह के भीतर आवेदन कर सकते हैं.** विस्तृत जानकारी के लिए कृपया सोसाइटी की वेबसाइट **https://asiaticsociety.culture.gov.in** देखें.

EN 17/13 प्रशासक

# विशाखापत्तनम पत्तन प्राधिकरण

भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय
सामान्य प्रशासन विभाग, विशाखापत्तनम

रोज़गार सूचना सं. सी2/03/2026, दिनांक 09.07.2026

| क्र. सं. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | अग्निशमन अधिकारी (संविदा आधार) |
| 2. | पदों की संख्या | 1 (एक) |
| 3. | समेकित पारिश्रमिक | 60,000.00 रुपये प्रतिमाह |
| 4. | अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | अनिवार्य शैक्षिक योग्यताः<br>1. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक होना चाहिए.<br>2. मान्यताप्राप्त अग्निशमन प्रशिक्षण संस्थान/कॉलेज से 6 (छह) महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया होना चाहिए.<br>3. हल्के और भारी वाहनों का ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए.<br>अनुभवः<br>(क) किसी उद्योग/सरकारी उपक्रम के बड़े अग्निशमन सेवा प्रतिष्ठान में पर्यवेक्षी क्षमता में कार्य करने का न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का अनुभव.<br>साक्षात्कार के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों को भारी वाहन चालन परीक्षा देनी होगी.. |
| 5. | आयु एवं शारीरिक मानक | आयुः अधिसूचना की तारीख को 18 से 40 वर्ष.<br>शारीरिक मानकः<br>(क) न्यूनतम लंबाईः 167 सेमी.<br>(ख) सीना (सामान्य): न्यूनतम 81 सेमी.<br>(ग) सीना (फुलाने पर): न्यूनतम 05 सेमी.<br>(घ) वजनः न्यूनतम 50 किग्रा. |
| 6. | संविदा की अवधि | प्रारंभ में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों पर एक वर्ष की अवधि के लिए. संतोषजनक कार्य-निष्पादन पर पत्तन प्राधिकरण के विवेकानुसार संविदा की अवधि बढ़ाई जा सकती है, जिसका नवीनीकरण (कितनी भी बार) किया जाएगा. |
| 7. | पात्रता निर्धारित करने की निर्णायक तारीख | 09.07.2026 |
| 8. | आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख | 10.08.2026 तक अथवा उससे पहले. |

विस्तृत अधिसूचना के लिए, वीपीए की वेबसाइट के करियर अनुभाग पर जाएंः **https://vpt.shipping.gov.in**

EN 17/15

# केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
सेम्मोझी सालै, पेरुम्बक्कम, चेन्नई-600100

## अधिसूचना

प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा के आधार पर **वित्त अधिकारी** के पद के लिए विज्ञापन सं. सीआईसीटी/1/2026 के संदर्भ में एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख रोजगार समाचार में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से **30 दिन बढ़ा दी गई है.**
विज्ञापन के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी.

EN 17/25 कुलसचिव

# सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
# Security Printing and Minting Corporation of India Ltd.

(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)

(Wholly Owned by Government of India)

**मिनी-रत्न श्रेणी-I सीपीएसई**

**Mini-Ratna Category-I CPSE**

## Advertisement No. 02/2026

भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल), एक अनुसूची 'क' मिनी रत्न श्रेणी-I केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन, ने 13 जनवरी, 2006 से कॉर्पोरेटाइज्ड एंटीटी के रूप में कार्य करना आरंभ किया. कंपनी का उद्देश्य और व्यवसाय है डिज़ाइन करना, सुरक्षा पेपर बनाना, मुद्रा और बैंक नोट छापना, पासपोर्ट, न्यायिकेतर स्टाम्प पेपर, डाक स्टैम्प, और सिक्कों को तैयार करना.

एसपीएमसीआईएल, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है जिसका अपना पंजीकृत और कॉरपोरेट कार्यालय, तीसरी मंजिल, जी-ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 में है. कंपनी की ऑपरेशनल इकाई देश भर में रणनीतिक रूप से स्थित हैं जिसमें चार कारखाने मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और नोएडा में हैं, चार मुद्रा/सुरक्षा प्रेस नाशिक, देवास और हैदराबाद में हैं इसके साथ एक उच्च गुणवत्ता पेपर निर्माण मिल और मुद्रा पेपर निर्माण इकाई नर्मदापुरम में है.

उक्त पृष्ठभूमि के साथ कंपनी, मानव संसाधन, वित्त और लेखा, सामग्री प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, राजभाषा और सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए सामर्थ्य रखने वाले उच्च क्षमता और प्रतिभाशाली कार्मिक की तलाश कर रहा है और तदनुसार निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | लेवल | वेतनमान (आईडीए) | पदों की कुल संख्या* | अधिकतम आयु (24.08.2026 के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उप प्रबंधक (आईटी)- एप्लीकेशन डेवलपर | ई-2 | रु. 50,000-1,60,000/- | 01 {1-अना} | 35 वर्ष |
| 2. | सहायक प्रबंधक (एचआर) | ई-1 | रु. 40,000-1,40,000/- | 04 {2-अना, 1-अपिव (बकाया), 1-अजजा (बकाया)} | 30 वर्ष |
| 3. | सहायक प्रबंधक (एफ एंड ए) | ई-1 | | 09 {4-अना, 1-ईडब्ल्यूएस, 1-अपिव, 1-अजा, 2-अजजा} | 30 वर्ष |
| 4. | सहायक प्रबंधक (एमएम) | ई-1 | | 04 {3-अना, 1-अजजा} | 30 वर्ष |
| 5. | सहायक प्रबंधक (आईटी) | ई-1 | | 02 {1-अना, 1-अपिव (बकाया)} | 30 वर्ष |
| 6. | सहायक प्रबंधक (ओएल) | ई-1 | | 01 {1-अपिव} | 30 वर्ष |
| 7. | सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) | ई-1 | | 03 {2-अना, 1-अजा} | 30 वर्ष |

**नोट:** *क्र.सं. 1 से 6 में उक्त उल्लिखित पदों में से एक (1) पद हॉरिजोन्टल आरक्षण के अधीन पीडब्ल्यूडी श्रेणी के लिए चिह्नित है.

**I. पात्रता मानदंड (24.08.2026 के अनुसार):**

| क्र. सं. | पद का नाम | लेवल | अपेक्षित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | उप प्रबंधक (आईटी) - एप्लीकेशन डेवलपर | ई-2 | न्यूनतम 60% अंकों या समकक्ष सीजीपीए के साथ कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलैक्ट्रॉनिक्स व संचार इंजीनियरी अनुशासन में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रथम श्रेणी पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक.<br>**योग्यता पश्चात् अनुभव**<br>पीएसयू/सरकारी/रुपये 50 करोड़ से अधिक के टर्नओवर वाली प्रतिष्ठित निजी कंपनी में अधिकारी/कार्यकारी के रूप में संबंधित फंक्शनल क्षेत्र में कार्यकारी के रूप में 3 वर्ष का अनुभव.<br>**अनिवार्य अनुभव**<br>निम्नलिखित संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव होना चाहिए: सी#/जावा/ जावास्क्रिप्ट/एएसपी.नेट/पीएचपी. |
| 2. | सहायक प्रबंधक (एचआर) | ई-1 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रबंधन संस्थान से एचआर इलैक्टिव के साथ पीएम एंड आईआर/एमएसडब्ल्यू/एमबीए में प्रथम श्रेणी पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री.<br>**या**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रबंधन संस्थान से एमबीए के समकक्ष का दावा करने वाले एचआर इलैक्टिव के साथ प्रबंधन में प्रथम श्रेणी दो वर्ष का पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा. |
| 3. | सहायक प्रबंधक (एफ एंड ए) | ई-1 | कॉमर्स स्नातक (बी.कॉम) डिग्री के साथ सीए/आईसीडब्ल्यूए. |
| 4. | सहायक प्रबंधक (एमएम) | ई-1 | मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल/पल्प और पेपर प्रौद्योगिकी/इलैक्ट्रॉनिक्स/छपाई प्रौद्योगिकी के अनुशासन में इंजीनियरी में प्रथम श्रेणी पूर्णकालिक डिग्री.<br>**और**<br>सामग्री प्रबंधन/भंडार प्रबंधन/खरीद/ऑपरेशन्स प्रबंधन/आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन/लॉजिस्टिक्स प्रबंधन के क्षेत्र में दो वर्ष की स्नातकोत्तर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/ एमबीए. |
| 5. | सहायक प्रबंधक (आईटी) | ई-1 | प्रथम श्रेणी पूर्णकालिक एमसीए/प्रथम श्रेणी बी.टेक (कम्प्यूटर इंजीनियरी/आईटी). |
| 6. | सहायक प्रबंधक (ओएल) | ई-1 | **अनिवार्य योग्यता:** स्नातक स्तर पर अंग्रेजी/हिन्दी के साथ हिन्दी या अंग्रेजी में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी स्नातकोत्तर डिग्री (अर्थात् यदि उम्मीदवार अंग्रेजी में स्नातकोत्तर है तो हिन्दी और यदि हिन्दी में स्नातकोत्तर है तो अंग्रेजी)<br>**और**<br>हिन्दी से अंग्रेजी या अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद में दो वर्ष का अनुभव.<br>**वांछनीय:** संस्कृत का ज्ञान और/या अन्य कोई आधुनिक भारतीय भाषा का ज्ञान और हिन्दी भाषा में कम्प्यूटर पर काम करने में प्रवीणता. |
| 7. | सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) | ई-1 | **अनिवार्य योग्यता:**<br>**i.** इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा में मान्यताप्राप्त डिग्री और दो वर्ष से अधिक की अवधि के लिए एक पर्यवेक्षीय क्षमता में फैक्टरी में काम करने का व्यावहारिक अनुभव हो;<br>**या**<br>भौतिकी या रसायन विज्ञान में मान्यताप्राप्त डिग्री और पांच वर्ष से अधिक की अवधि के लिए एक पर्यवेक्षीय क्षमता में फैक्टरी में काम करने का व्यावहारिक अनुभव हो;<br>**या**<br>इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा में मान्यताप्राप्त डिप्लोमा और छह वर्ष से अधिक की अवधि के लिए एक पर्यवेक्षीय क्षमता में फैक्टरी में काम करने का व्यावहारिक अनुभव हो;<br>**या**<br>इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा में मान्यताप्राप्त डिग्री या डिप्लोमा और दुर्घटना रोकथाम उद्योग या किसी भी संस्था में प्रशिक्षण, शिक्षा, कंसल्टेंसी या अनुसंधान में छह वर्ष (पूर्णकालिक) से अधिक का अनुभव हो;<br>**और**<br>**ii.** औद्योगिक सुरक्षा में मान्यताप्राप्त डिग्री या डिप्लोमा.<br>**नोट:** सांविधिक मानकों के अनुसार हिन्दी या मराठी का पर्याप्त ज्ञान होना पोस्टिंग के स्थान के लिए लागू अनुसार अपेक्षित है. अन्यथा संबंधित भाषा का ज्ञान चयन होने पर प्राप्त करना होगा. |

**नोट:**

- आवेदन करने से पहले आवेदकों को सुनिश्चित करना होगा कि वे पदों के लिए विज्ञापन में उल्लिखित अनुसार सभी पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं. कंपनी, ऑनलाइन अंतिम परिणाम में अर्हता प्राप्त करने के बाद ही मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता का सत्यापन करेगी. दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यदि उम्मीदवार पात्र नहीं पाए जाते हैं तो उन्हें चयन प्रक्रिया के अगले स्तर पर जाने की अनुमति नहीं होगी और उनकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी. भर्ती प्रक्रिया के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश इस विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करने पर पूर्णतः अनंतिम होगा. आवेदक जो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयु और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता को पूरा नहीं करता वह पात्र नहीं है और उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.
- एसपीएमसीआईएल के आंतरिक उम्मीदवार, जिन्होंने अंशकालिक पाठ्यक्रम द्वारा उच्च योग्यता प्राप्त की है, वे उच्च योग्यताओं के लिए पात्र हैं, यदि उन्होंने इसे सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के साथ एसपीएमसीआईएल में सेवा के दौरान प्राप्त किया है, बशर्ते उन्होंने आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि को एसपीएमसीआईएल में 5 वर्ष की न्यूनतम अवधि की सेवा प्रदत्त की है. यह छूट तब लागू नहीं होगी जब एसपीएमसीआईएल से जुड़ने से पहले योग्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू या पूर्ण हो चुकी है.

**1. महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट लिंक शुरू होने की तिथि** | 25.07.2026 |
| **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** | 24.08.2026 |
| **ऑनलाइन मोड में शुल्क का भुगतान** | **25.07.2026 से 24.08.2026 शाम 5 बजे तक** |
| ऑनलाइन परीक्षा | एसपीएमसीआईएल पर तिथि सूचित कर दी जाएगी |
| वेबसाइट से ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक | एसपीएमसीआईएल पर तिथि सूचित कर दी जाएगी |

- उम्मीदवारों को अपडेट और अधिसूचना के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर करियर पेज को नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है.
- उक्त तिथियां अनंतिम हैं और एसपीएमसीआईएल के विवेक पर बदल सकती है.
- प्रवेश पत्र और अन्य संबंधित अपडेट केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा उपलब्ध होगा.

**2. आयु सीमा:**

- विज्ञापन में उल्लिखित ऊपरी आयु सीमा ओपन मार्केट से सामान्य उम्मीदवारों के लिए है.
- अजा/अजजा के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट 5 वर्ष और अपिव उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष है (आरक्षित पदों के लिए).

(शेष पृष्ठ 13 पर)

(पृष्ठ 12 का शेष)

- पीडब्ल्यूबीडी अनारक्षित उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी अपिव उम्मीदवारों के लिए 13 वर्ष है, जहां पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण स्वीकार्य है.
- आयु में छूट, मौजूदा नियमानुसार केवल ऐसे असशक्त व्यक्तियों के लिए स्वीकार्य होगी जो न्यूनतम 40% असशक्तता से ग्रसित हैं.
- भूतपूर्व सैनिक के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट मौजूदा सरकारी नियमानुसार होगी.
- **आयु, न्यूनतम योग्यता पश्चात् अनुभव और शैक्षिक योग्यता की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात् 24.08.2026 के अनुसार होगी.**
- सेवारत एसपीएमसीआईएल कर्मचारी जो अपेक्षित योग्यता और अनुभव को पूरा करते हैं, उनके लिए आयु की कोई सीमा नहीं है बशर्ते विज्ञापन की तिथि के अनुसार उनकी सेवा के कम से कम तीन वर्ष की सेवा बाकी हो.
- अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट स्वीकार्य नहीं है.

**3. परीक्षा शुल्क और सूचना प्रभारः**

**सामान्य, ईडब्ल्यूएस और अपिव श्रेणियों (भूतपूर्व सैनिक सहित) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए रुपये 1000/- (अप्रतिदेय) का परीक्षा शुल्क.**

**अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए रुपये 200/-(अप्रतिदेय) का सूचना प्रभार.**

परीक्षा शुल्क और सूचना प्रभार में जीएसटी शामिल है.

आवेदकों को पैरा 5बी में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन शुल्क ऑनलाइन भुगतान करना होगा. उक्त आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए यदि बैंक द्वारा कोई ट्रांजेक्शन प्रभार लगाया जाता है तो उसका भुगतान आवेदकों को करना होगा. अन्य किसी तरीके से किए गए भुगतान को स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवेदक पात्र नहीं होगा. कम शुल्क का भुगतान करने वाले आवेदक भी पात्र नहीं होंगे. एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

4. **चयन प्रक्रियाः** पदों के लिए चयन प्रक्रिया में एक ऑनलाइन परीक्षा (75% महत्व) और साक्षात्कार (25% महत्व) शामिल होगा.

i. वस्तुनिष्ठ ऑनलाइन परीक्षा में निम्नलिखित तत्व शामिल होंगेः

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | भाषा | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यावसायिक ज्ञान# | 60 | 90 | अंग्रेजी भाषा अनुभाग को छोड़कर हिन्दी और अंग्रेजी भाषा | 120 मिनट का कंपोजिट समय |
| 2. | सामान्य जागरूकता | 15 | 15 | | |
| 3. | अंग्रेजी भाषा | 15 | 15 | | |
| 4. | तर्कशक्ति | 15 | 15 | | |
| 5. | संख्यात्मक अभिक्षमता | 15 | 15 | | |
| | **कुल** | **120** | **150** | | |

# सहायक प्रबंधक (ओएल) के पद के लिए व्यावसायिक ज्ञान अनुभाग विशेष प्रश्न के लिए लागू अनुसार हिन्दी और/या अंग्रेजी में होगा.

ii. श्रेणी वार न्यूनतम अर्हक अंक जो उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त करने होंगे, निम्नानुसार है;

| श्रेणी | न्यूनतम अर्हक अंक |
|---|---|
| अना/ईडब्ल्यूएस | 45% |
| अपिव | 40% |
| अजा/अजजा | 35% |

iii. उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए 1:4 के अनुपात में संबंधित श्रेणी में योग्यता के क्रम में लघुसूचीबद्ध किया जाएगा.

iv. श्रेणी वार न्यूनतम अर्हक अंक (ऑनलाइन परीक्षा+साक्षात्कार) जो उम्मीदवार को चयनित उम्मीदवारों के पैनल में स्थानन के लिए प्राप्त करने होंगे निम्नानुसार है;

| श्रेणी | न्यूनतम अर्हक अंक |
|---|---|
| अना/ईडब्ल्यूएस | 55% |
| अपिव | 50% |
| अजा/अजजा | 45% |

v. ऑनलाइन परीक्षा की सही तिथि, सत्र, रिपोर्टिंग समय प्रवेश पत्र में उल्लिखित होगा. परीक्षा, संबंधित प्रवेश पत्र में दिए गए परीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन आयोजित होगी.

vi. चिह्नित गलत उत्तर के लिए दंड होगा. चिह्नित प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए दिए जाने वाले अंकों का 1/4 भाग दंड के रूप में घटा दिया जाएगा.

vii. ऑनलाइन परीक्षा, **दिल्ली व एनसीआर/हैदराबाद/कोलकाता/मुंबई/भोपाल** में विभिन्न केन्द्रों में आयोजित होगी.

**क.** ऑनलाइन परीक्षा के लिए केन्द्र/स्थान/तिथि/सत्र में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

**ख.** एसपीएमसीआईएल, हालांकि, जवाब, प्रशासनिक औचित्य आदि पर अपने विवेक से किसी भी परीक्षा केन्द्र को रद्द करने और/या कुछ अन्य केन्द्रों का जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**ग.** एसपीएमसीआईएल, चुने गए विकल्प के अलावा अन्य किसी केन्द्र पर उम्मीदवार को आवंटित करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है.

**घ.** उम्मीदवार को अपने जोखिम और खर्चे पर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के लिए प्रस्तुत होना होगा और एसपीएमसीआईएल किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

**च.** आवेदकों से परीक्षा तिथि में कोई भी परिवर्तन/अन्य जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट **www.spmcil.com** को देखते रहने का अनुरोध किया जाता है.

**5. आवेदन कैसे करें:**

**निम्न के लिए विस्तृत दिशानिर्देश/प्रक्रियाः**

**क. आवेदन प्रक्रिया**

**ख. शुल्क का भुगतान**

**ग. दस्तावेज स्कैन और अपलोड**

**उम्मीदवार 25/07/2026 से 24.08.2026 तक ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन के अन्य किसी माध्यम को स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

**क. आवेदन प्रक्रियाः**

1. उम्मीदवारों को एसपीएमसीआईएल की वेबसाइट **www.spmcil.com** पर "करियर" लिंक क्लिक और विज्ञापन सं. 02/2026 में **"ऑनलाइन आवेदन"** का विकल्प क्लिक करना होगा.
2. आवेदन भरने से पहले निम्नलिखित तैयार रखेंः
   - ➢ वैध ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और आधार
   - ➢ हाल का पासपोर्ट आकार फोटो (3 हफ्ते से पुराना ना हो)
   - ➢ स्कैन किए गए हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा
   - ➢ शैक्षिक और श्रेणी प्रमाणपत्र
3. उम्मीदवार यह भी ध्यान दें कि,
   - ➢ एक बार चयनित श्रेणी को किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जाएगा.
   - ➢ ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम दो वर्ष के लिए वैध रहने चाहिए.
   - ➢ केवल अंतिम बार जमा होने से पहले विवरण को संशोधित किया जा सकता है.
4. **आवेदन प्रक्रियाः**

चरण-I: ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सत्यापित करें

चरण-II: निजी विवरण

चरण-III: योग्यता विवरण

चरण-IV: दस्तावेज अपलोड करें

चरण-V: आवेदन शुल्क भुगतान

**चरण-I: ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सत्यापित करें**

- ➢ ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भरें और Send OTP पर क्लिक करें.
- ➢ ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा.
- ➢ दोनों ओटीपी सत्यापित करें और जमा करें.

**चरण-II: निजी विवरण**

- ➢ आवेदन पत्र में सभी निजी जानकारी अपेक्षित अनुसार सही भरें.
- ➢ विवरण जैसे नाम, जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी और राष्ट्रीयता को आधिकारिक रिकॉर्ड के समान होना चाहिए.
- ➢ अगले चरण की तरफ बढ़ने से पहले सभी भरे गए विवरण को ध्यान से सत्यापित करें.
- ➢ एक बार जमा होने पर निजी विवरण को बाद के स्तरों पर संशोधित नहीं किया जा सकता.

**चरण-III: योग्यता विवरण**

- ➢ योग्यता विवरण को ध्यान से भरें.
- ➢ अंतिम बार जमा करने से पहले विवरण को दोबारा सत्यापित करें.

**चरण-IV: दस्तावेज अपलोड करें**

- ➢ उक्त उल्लिखित आकार और निर्धारित प्रारूप में सभी अपेक्षित दस्तावेज अपलोड करें.

**ख. शुल्क का भुगतान-केवल ऑनलाइन माध्यमः**

i. आवेदन पत्र भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है और भुगतान प्रक्रिया को अनुदेशों का पालन करते हुए पूर्ण किया जा सकता है.

ii. भुगतान, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई का प्रयोग करके किया जा सकता है.

iii. ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी भुगतान जानकारी जमा करने के बाद कृपया सर्वर से सूचना के लिए इंतजार करें. दोगुना प्रभार से बचने के लिए बैक या रिफ्रेश का बटन ना दबाएं.

iv. ट्रांजेक्शन के सफतापूर्वक पूर्ण होने के बाद आवेदक को भुगतान प्राप्त होने की एक पुष्टि ईमेल भेजी जाएगी.

v. **भुगतान असमर्थता-** भुगतान ना होने पर आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी आवेदन संख्या और पासवर्ड का प्रयोग करके दोबारा लॉगइन करें और भुगतान की प्रक्रिया दोहराएं.

vi. अपने डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रांजेक्शन पूर्ण होने के बाद कृपया ब्राउजर विंडो को बंद कर दें.

vii. भुगतान के अन्य किसी माध्यम को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

viii. आवेदन शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक ट्रांजेक्शन प्रभार/सूचना प्रभार आवेदक को वहन करने होंगे.

ix. एक बार जमा किए गए आवेदन को वापस नहीं लिया जा सकता, आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार, लागू अनुसार एक बार भुगतान करने पर किसी भी मामले/परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और ना ही इसे अन्य किसी भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए आरक्षित रखा जाएगा.

x. भुगतान सफल होने के बाद उम्मीदवार भुगतान विवरण सहित पूर्ण आवेदन पत्र को डाउनलोड कर पाएगा/प्रिंटआउट लेगा.

xi. एसपीएमसीआईएल, तकनीकी या नेटवर्क संबंधित मुद्दों के कारण उत्पन्न असफल, विभिन्न या दो बार भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

**ग. दस्तावेज स्कैन करने और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देशः**

**फोटो और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देशः**

(i) उम्मीदवार को सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड किए गए दस्तावेज फोटो और हस्ताक्षर साफ और सही से दिखाई दे रहे है. अस्पष्ट/अनुचित के मामले में आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(ii) ऐसे मामले में आवेदक आवेदन को संशोधित और फोटो/हस्ताक्षर को दोबारा अपलोड करे.

I. **फोटो इमेजः**

- ➢ फोटो को सफेद पृष्ठभूमि के साथ एक हाल का पासपोर्ट आकार कलर का होना चाहिए.
- ➢ एक चिंतामुक्त चेहरे के साथ कैमरे में सीधे देखें.
- ➢ यदि फोटो सूरज की रोशनी में ली जाती है तो सूरज आपके पीछे होना चाहिए या अपने आप को छांव में रखें जिससे कि आपकी आंखें बंद होने की स्थिति में ना दिखें और आप पर किसी की परछाईं ना पड़ रही हो.
- ➢ यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना है तो सुनिश्चित करें कि "रेड-आई" ना हो.
- ➢ यदि आप चश्मा पहनते हैं तो सुनिश्चित करें कि कोई परछाई ना पड़ रही हो और आपकी आखें साफ दिख रही हों.
- ➢ टोपी और रंगीन चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं. धार्मिक पगड़ी की अनुमति है लेकिन उससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए.

(शेष पृष्ठ 14 पर )

(पृष्ठ 13 का शेष)

- **प्रारूप:** केवल जेपीजी/जेपीईजी.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार **20 केबी से 50 केबी** के बीच हो.
- **माप:** 4.5 सेमी x 3.5 सेमी

**II. हस्ताक्षर इमेज:**

- आवेदक को काली स्याही के पेन से सफेद कागज पर हस्ताक्षर करने होंगे.
- **प्रारूप:** केवल जेपीजी/जेपीईजी.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार **20 केबी से 50 केबी** के बीच हो.
- बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे.
- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किए जाने चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति द्वारा नहीं.
- ऑनलाइन परीक्षा के समय प्रवेश पत्र और उपस्थिति शीट पर प्राप्त आवेदक के हस्ताक्षर को अपलोड किए गए हस्ताक्षर के समान होना चाहिए. असमानता के मामले में आवेदक अयोग्य माना जाएगा.

**III. बाएं हाथ के अंगूठे का निशान:**

- आवेदक को काली या नीली स्याही से सफेद कागज पर अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाना होगा.
- **प्रारूप:** केवल जेपीजी/जेपीईजी.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार **20 केबी से 50 केबी** के बीच हो.
- यदि बाएं हाथ का अंगूठा उपलब्ध नहीं है तो दाएं हाथ के अंगूठे का प्रयोग करें.
- बाएं हाथ के अंगूठे का निशान आवेदक का होना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति का नहीं.

**IV. हस्तलिखित घोषणा इमेज:**

- आवेदक को काली स्याही से सफेद कागज पर साफ-साफ अंग्रेजी में हस्तलिखित घोषणा लिखनी होगी.
- **प्रारूप:** केवल जेपीजी/जेपीईजी.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार **50 केबी से 100 केबी** के बीच हो.
- हस्तलिखित घोषणा आवेदक की होनी चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति की नहीं.
- बड़े अक्षरों में हस्तलिखित घोषणा को स्वीकार नहीं किया जाएगा.
- घोषणा पाठ:

  "मैं, ............................................. (उम्मीदवार का नाम), एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा जमा की गई सभी जानकारी सत्य, सही और वैध है. आवश्यकता पड़ने पर मैं समर्थित दस्तावेजों को प्रस्तुत करूंगा."

**V. अन्य दस्तावेज:**

{जन्मतिथि प्रमाण, एसएससी का प्रमाणपत्र और अंकतालिका (10वीं), एचएससी (12वीं)/ डिप्लोमा (इंजीनियरी), अनिवार्य योग्यता-स्नातक और/या स्नातकोत्तर, अनुभव प्रमाणपत्र, पद के लिए लागू अनुसार जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र}

- प्रारूप: **केवल पीडीएफ**
- आकार: **100 केबी से 1 एमबी.**

**2. प्रवेशपत्र डाउनलोड करना:**

- आवेदक, जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण किया है, उन्हें उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी के आधार पर ऑनलाइन परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रवेशपत्र डानलोड करने की अनुमति होगी. डाक द्वारा अलग से कोई प्रवेशपत्र नहीं भेजे जाएंगे. ऑनलाइन प्रवेशपत्र जारी करते समय कोई भी विस्तृत जांच नहीं की जाएगी.
- प्रवेशपत्र कंपनी की वेबसाइट **www.spmcil.com** से डाउनलोड किए जा सकते हैं. जैसे ही आवेदक संबंधित लिंक क्लिक करता है वह प्रवेश पत्र डाउनलोड के लिए विंडो को एक्सेस कर सकता है. आवेदक को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए **(I)** आवेदन संख्या **(II)** पासवर्ड का प्रयोग करना होगा.
- आवेदकों को पंजीकरण के दौरान दिए गए के समान प्रवेश पत्र पर हाल का पहचानने योग्य फोटो चिपकाना होगा. आवेदकों को निम्न के साथ परीक्षा केन्द्र में प्रस्तुत होना होगा **(I)** मूल प्रवेश पत्र और **(II)** प्रवेश पत्र में उल्लिख्ति अनुसार मूल वैध फोटो पहचान प्रमाण.
- आवेदकों को मूल फोटा पहचान प्रमाण की एक फोटोप्रति भी लानी होगी. प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की सूचना भी ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनके द्वारा दिए गए अनुसार ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पर ईमेल/ एसएमएस द्वारा भेजी जाएगी. हालांकि आवेदकों को अद्यतन अपडेट के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहना होगा.

3. **देर से आने वाले उम्मीदवार** अर्थात् ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रवेशपत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय के बाद उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी. प्रवेशपत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय, परीक्षा शुरू होने के समय से पूर्व का समय है. हालांकि परीक्षा की अवधि 120 मिनट (दो घंटे) है, उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल पर विभिन्न औपचारिकताओं जैसे विभिन्न अपेक्षित दस्तावेजों के सत्यापन और संकलन, लॉगिंग इन,ऑनलाइन परीक्षा के लिए अनुदेश देने आदि को पूर्ण करने के लिए अपेक्षित समय सहित लगभग 3 घंटे के लिए रुकना होगा.

4. **पहचान सत्यापन:**

प्रवेशपत्र के साथ उम्मीदवार का वर्तमान वैध फोटो पहचान (प्रवेशपत्र के समान नाम) जैसे पैन कार्ड/पासपोर्ट/ स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/फोटो के साथ बैंक पासबुक/फोटो के साथ आधिकारिक लेटरहैड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान प्रमाण/मान्यताप्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध हाल का पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो के साथ ई-आधार कार्ड/कर्मचारी आईडी/फोटो के साथ बार काउंसिल पहचान पत्र की मूल और फोटोप्रति परीक्षा केन्द्र के साथ-साथ सत्यापन के लिए अन्वेषक को जमा की जानी चाहिए. उम्मीदवार की पहचान को प्रवेश पत्र पर उनके विवरण, उपस्थिति सूची और जमा किए गए अपेक्षित दस्तावेजों के संदर्भ में सत्यापित किया जाएगा. यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होती है तो उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी.

**इस परियोजना के लिए राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस वैध पहचान प्रमाण नहीं है.**

**नोट:**

**(i)** उम्मीदवारों को क्रमशः ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार में प्रस्तुत होते समय प्रवेश पत्र के साथ साक्षात्कार बुलावा पत्र के साथ फोटो पहचान प्रमाण की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी और फोटोप्रति जमा करनी होगी ऐसा ना करने पर उन्हें ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार लेने की अनुमति नहीं होगी. उम्मीदवार ध्यान दें कि प्रवेश पत्र में नाम (पंजीकरण के दौरान दिया गया), फोटो पहचान प्रमाण में नाम के समान होना चाहिए. महिला उम्मीदवार जिन्होंने विवाह के पश्चात् अपना पहला/मध्य/अंतिम नाम बदला है वे इस बात का विशेष ध्यान दें. यदि प्रवेश पत्र और फोटो पहचान प्रमाण में अंकित नाम में असमानता पाई जाती है तो उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी. अपना नाम बदलने वाले उम्मीदवारों के मामले में मूल राजपत्रित अधिसूचना/अपना मूल विवाह प्रमाणपत्र/मूल में एफिडेविट प्रस्तुत करने पर ही अनुमति दी जाएगी.

5. **दुर्व्यवहार/अनुचित माध्यम का प्रयोग करने के दोषी पाए जाने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कार्यवाई:**

- आवेदकों को उनके हित के लिए सलाह दी जाती है किवे ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय कोई भी झूठे, छेड़खानी किए गए या फाड़े गए विवरण प्रस्तुत नहीं करें और कोई भी सामग्री जानकारी को ना छिपाएं. परीक्षा, प्रमाणपत्रों के सत्यापन के समय या चयन प्रक्रिया में बाद में यदि आवेदक अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हुए या अन्य किसी व्यक्ति का रूप धारण करते हुए या परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार करते हुए या परीक्षा के तत्वों या किसी भी रूप में उसके पूरे या आंशिक जानकारी को उजागर करने, प्रकाशित करने, दोबारा प्रस्तुत करने, फैलाने, संग्रहण करने या या अन्य किसी तरीके से मौखिक या लिखित, इलैक्ट्रॉनिक या मैकेनिकल रूप से किसी भी उद्देश्य के लिए या अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित या अनुचित तरीके को अपनाने या परीक्षा भवन में मोबाइल फोन या समान इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लाने से उम्मीदवार खुद के लिए आपराधिक कार्यवाही के साथ -साथ निम्न के लिए बाध्य होगा:

  क. परीक्षा के लिए अयोग्य माना जाएगा.

  ख. एसपीएमसीआईएल द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या एक विशिष्ट अवधि के लिए निकाल दिया जाएगा.

  ग. यदि पहले से एसपीएमसीआईएल से जुड़े हुए हैं, तो सेवा की समाप्ति.

6. **आवेदक निम्नलिखित पर ध्यान दें.**

i. आवेदकों को उनके हित के लिए सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और इंटरनेट वेबसाइट जाम होने पर भारी लोड होने के कारण कंपनी की वेबसाइट पर लॉगऑन करने की असमर्थता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि तक इंतजार नहीं करें. एसपीएमसीआईएल उक्तकथित कारणों से आवेदकों द्वारा अंतिम तिथि के अंदर अपने ऑनलाइन आवेदन जमा ना कर पाने या एसपीएमसीआईएल के नियंत्रण के बाहर अन्य किसी कारणों की जिम्मेदारी नहीं लेता.

ii. अपने आवेदन में आवेदक द्वारा जमा की गई कोई भी जानकारी आवेदक पर बाध्य होगी और यदि बाद के स्तर पर उसके द्वारा प्रस्तुत जानकारी झूठी पाई जाती है तो वह अभियोजन/सिविल परिणामों के लिए बाध्य होगा.

iii. पात्रता मानदंड में आरक्षण का दावा करने वाले अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी आवेदकों को सत्यापन के समय या इसके लिए दी गई अन्य किसी तिथि को भारत सरकार के अधीन इन श्रेणियों के लिए सिविल पदों और सेवाओं में आरक्षण का लाभ लेने का दावा करने के लिए प्रारूप, सक्षम प्राधिकारी, भारत सरकार द्वारा जारी जाति/जनजाति/ असशक्तता प्रमाणपत्र की फोटोप्रति साथ रखनी होगी.

iv. बैंचमार्क असशक्तता के साथ व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) को सत्यापन के समय या इसके लिए बताई गई अन्य किसी तिथि को ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सशक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी अपनी असशक्तता के प्रमाणपत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी.

v. प्रबंधन, आवेदक की शैक्षिक योग्यता आदि के समर्थन में किसी भी अतिरिक्त दस्तावेजी प्रमाण के लिए बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

vi. किसी भी संगठन की सेवा से निष्कासित व्यक्ति आवेदन नहीं करें.

vii. अपिव श्रेणी से संबंधित आवेदकों को प्रमाणपत्र सत्यापन या इसके लिए दी गई अन्य किसी तिथि को भारत सरकार के अधीन सेवाओं का दावा करने के लिए निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की फोटोप्रति जमा करनी होगी. प्रमाणपत्र में अन्य विषयों के साथ-साथ विशिष्ट रूप से उल्लिखित होना चाहिए कि आवेदक सामाजिक रूप से अग्रिम अनुभागों/क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है. प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया होना चाहिए. क्रीमी लेयर के अधीन आने वाले अपिव आवेदकों को 'सामान्य' श्रेणी आवेदक के रूप में माना जाएगा और इसलिए उन्हें ऑनलाइन आवेदन में अपनी श्रेणी 'सामान्य' चयनित करनी होगी. यह भी ध्यान दिया जाए कि केन्द्रीय सूची (भारत सरकार) में आने वाली जाति/उपजाति पर ही तदनुसार विचार किया जाएगा. संबंधित राज्य सूची में आने वाली अपिव जाति/उप जाति लेकिन केन्द्रीय सूची में नहीं आने वालों पर अपिव श्रेणी के अधीन विचार नहीं किया जाएगा. साक्षात्कार के समय, अपिव श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार और केन्द्र सरकारी पीएसयू के अधीन पद की नियुक्ति के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में 6 माह से पुराना नहीं अद्यतन अपिव प्रमाणपत्र (नॉन क्रीमी लेयर) प्रस्तुत करना होगा.

viii. ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ लेने के लिए शर्ते और आवेदन प्रारूप डीओपीटी कार्यालय मेमो सं. 36039/1/2019-ईएसटीडी(आरईएस) तिथि 31.10.2019 के अनुसार होगा. ईडब्ल्यूएस रिक्तियां अनंतिम हैं और भारत सरकार के निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम पर होगी. नियुक्ति अनंतिम है और उचित माध्यम से सत्यापित किए जाने वाले आय व संपत्ति प्रमाणपत्र पर होगी. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अधीन आरक्षण का लाभ, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 के कुल वार्षिक आय के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वैध "आय व संपत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करने पर लिया जा सकता है. उम्मीदवार कृपया यह ध्यान दें कि उनके पास साक्षात्कार के समय 01.04.2026 को या उसके बाद जारी उक्त उल्लिखित अनुसार "आय व संपत्ति प्रमाणपत्र" होना चाहिए.साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है) ऐसे उम्मीदवारों को "आय व संपत्ति प्रमाणपत्र" जमा करना होगा. "आय व संपत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा. यदि उम्मीदवार साक्षात्कार के समय इसे प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो उसे साक्षात्कार देने की अनुमति नहीं होगी. सामान्य श्रेणी के अधीन साक्षात्कार के लिए उनके अनुरोध पर भी विचार नहीं किया जाएगा..

xi. **आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए दिशानिर्देश:**

- ईडब्ल्यूएस के लिए रिक्तियों का 10%, डीओपीटी ओएम सं. 36039/1/2019-ईएसटीडी(आरईएस) तिथि 31 जनवरी 2019 द्वारा जारी भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार आरक्षित हैं.
- उम्मीदवार जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की मौजूदा योजना के अधीन नहीं आते हैं और जिनकी परिवार की कुल वार्षिक आयु 8 लाख रुपये से कम है उन्हें आरक्षण के लाभ के लिए ईडब्ल्यूएस के रूप में चिह्नित किया जाता है.इस उद्देश्य के लिए परिवार में शामिल हैं- वह व्यक्ति जो आरक्षण का लाभ ले रहा है, उसके माता-पिता और 18 वर्ष से कम की आयु के उसके भाई-बहन, उसका जीवनसाथी और 18 वर्ष से कम की आयु के उसके बच्चे. आय में सभी स्रोतों जैसे वेतन, कृषि, व्यवसाय, आदि से आय शामिल होगी और यह आय आवेदन के वर्ष से पूर्व के वित्तीय वर्ष की आय होगी. यह भी कि व्यक्ति जिनके परिवार के पास निम्नलिखित संपत्तियों में से कोई एक भी संपत्ति है तो पारिवारिक आय के बावजूद उसे ईडब्ल्यूएस के रूप में चिह्नित किए जाने से बाहर कर दिया जाएगा:
  - 5 एकड़ या अधिक की कृषि भूमि;
  - 1000 स्क्वायर फीट या अधिक का आवासीय फ्लैट;
  - अधिसूचित नगरपालिकाओं में 100 स्क्वायर यार्ड और अधिक का आवासीय प्लॉट;
  - अधिसूचित नगरपालिकाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में 200 स्क्वायर यार्ड और अधिक का आवासीय प्लॉट.
- उक्त उल्लिखित अनुसार परिवारों की आय व संपत्ति को राज्यों/केन्द्र शासित राज्यों में तहसीलदार के ओहदे से ऊपर के अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए. दस्तावेज सत्यापन के लिए लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को दस्तोवज सत्यापन की प्रक्रिया के लिए प्रस्तुत होते समय भारत सरकार द्वारा उल्लिखित अनुसार अपेक्षित प्रमाणपत्र लाने होंगे.

(शेष पृष्ठ 15 पर )

(पृष्ठ 14 का शेष)

- ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण, समय-समय पर इस संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार शासित होगा.

x. सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठन, सार्वजनिक क्षेत्र बैंक/उपक्रम और स्वायत्त निकायों में पहले से आवेदकों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जमा करना होगा.

xi. इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों में एसपीएमसीआईएल का निर्णय आवेदकों के लिए अंतिम और बाध्य होगा. किसी भी पत्राचार या निजी पूछताछ पर इस विषय में एसपीएमसीआईएल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा.

xii. चयनित उम्मीदवारों को एसपीएमसीआईएल के किसी भी इकाई/कॉर्पोरेट कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता हैं.

xiii. अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के अन्य किसी भी भाषांतर में खंडों की व्याख्या के आधार पर उत्पन्न किसी भी विवाद के मामले में अंग्रेजी भाषांतर को प्राथमिकता दी जाएगी. इस विज्ञापन से उत्पन्न किसी भी परिणाम विवाद को दिल्ली में स्थित न्यायालयों के एकमात्र क्षेत्राधिकार में सुलझाया जाएगा.

xiv. किसी भी रूप में सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा.

xv. उक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता संबंधी आवेदकों से किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

xvi. उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने में किसी भी परेशानी के मामले में ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर "ऑनलाइन पंजीकरण हेतु अनुदेश" देखें.

xvii. इस विज्ञापन में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट को कंपनी की वेबसाइट **www.spmcil.com** पर ही प्रदर्शित किया जाएगा. इसलिए आवेदकों को किसी भी अपडेट के लिए कंपनी की वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है.

xviii. कंपनी किसी भी आधार पर पूर्ण या आंशिक रूप से विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है और कंपनी के ऐसे निर्णय को कंपनी की वेबसाइट **www.spmcil.com** पर ही प्रदर्शित किया जाएगा. आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया जाएगा.

xix. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उम्मीदवार द्वारा गलत जानकारी देने और/या प्रक्रिया उल्लंघन किए जाने पर उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया में अयोग्य माना जाएगा और उसे भविष्य में किसी भी एसपीएमसीआईएल भर्ती प्रक्रिया में प्रस्तुत होने की अनुमति नहीं होगी. यदि वर्तमान चयन प्रक्रिया में ऐसे प्रकरण सामने नहीं आते हैं लेकिन बाद में पता लगते हैं तो अयोग्यता तद्प्रभाव से लागू होगी.

xx. **बॉन्ड का क्रियान्वयन:** ई-1 और ई-2 लेवल पर नई भर्ती, तीन वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए कंपनी में सेवा देने के लिए रुपये तीन लाख के बॉन्ड को क्रियान्वित करने के लिए बाध्य होंगे.

7. **स्क्राइब का प्रयोग करने वाले असशक्त व्यक्तियों के लिए दिशानिर्देश:**

दृष्टि बाधित उम्मीदवार और उम्मीदवार जिनकी लेखन की गति किसी कारण से अत्यधिक प्रभावित है वे निम्नलिखित **(i)** और **(ii)** के अनुसार सीमाओं पर ऑनलाइन परीक्षा के दौरान अपने खर्चे पर अपना खुद का स्क्राइब प्रयोग कर सकते हैं.

i. **लोकोमोटर असशक्तता और सेरेब्रल पाल्सी के साथ उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश:**. लोकोमोटर असशक्तता और सेरेब्रल पाल्सी के साथ उम्मीदवारों के लिए 20 मिनट प्रति घंटा के मुआवजी समय की अनुमति होगी, जहां डॉमिनेंट (लेखन) अंग इस हद तक प्रभावित है कि कार्य करने की गति धीमी है (न्यूनतम 40% असशक्तता).

ii. **दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश:-** दृष्टिबाधित उम्मीदवार (जो 40% से अधिक की असशक्तता से ग्रसित हैं) बड़े फोंट में ऑनलाइन परीक्षा के तत्वों को देखने का विकल्प चुन सकते हैं और ऐसे सभी उम्मीदवार प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट के मुआवजी समय या परीक्षा के लिए अन्य रूप से सलाह पर पात्र होंगे.

ऐसे सभी मामलों में जहां स्क्राइब का प्रयोग किया जा रहा है, निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

- उम्मीदवार को अपने खर्चे पर अपने स्क्राइब की व्यवस्था खुद करनी होगी.
- उम्मीदवार द्वारा लाया गया स्क्राइब उसी परीक्षा के लिए उम्मीदवार नहीं होना चाहिए. यदि प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उक्त का उल्लंघन पाया जाता है तो उम्मीदवार और स्क्राइब दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. परीक्षा में स्क्राइब की सेवाओं को प्रयोग करने के इच्छुक और उसके लिए पात्र उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में ध्यान से इसे अंकित करना होगा. बाद के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.
- एक उम्मीदवार के लिए स्क्राइब के रूप में प्रयुक्त होने वाला उम्मीदवार अन्य किसी उम्मीदवार का स्क्राइब नहीं हो सकता.
- स्क्राइब विभिन्न अकादमिक स्ट्रीम से हो सकता है अर्थात् पद के लिए निर्धारित अकादमिक स्ट्रीम के अलावा.
- उम्मीदवार के साथ स्क्राइब दोनों को एक योग्य वचनपत्र देना होगा जिसमें पुष्टि की गई हो कि वे उक्त उल्लिखित स्क्राइब के लिए सभी निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं. यदि बाद में यह पता चलता है कि वह रखे गए किसी भी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं या सामग्री तथ्य छिपाते है तो ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम पर ध्यान दिए बिना आवेदक की उम्मीदवारी को रद्द माना जाएगा.
- स्क्राइब का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट के मुआवजी समय या अन्य रूप से सलाह दी गई अनुसार के पात्र होंगे.
- मुआवजी समय के लिए पंजीकृत उम्मीवारों को ही ऐसी रियायतों की अनुमति होगी चूंकि उम्मीदवारों को दिया जाने वाला समय सिस्टम आधारित होगा, यदि वह इसके लिए पंजीकृत नहीं है तो ऐसे समय की अनुमति संभव नहीं होगी. मुआवजी समय के लिए पंजीकृत नहीं उम्मीवारों को ऐसी रियायतों की अनुमति नहीं होगी.
- ये दिशानिर्देश, समय-समय पर भारत सरकार दिशानिर्देश/स्पष्टीकरण, यदि कोई है, के संदर्भ में बदल सकती है.

8. **सामान्य शर्तें:**

i. केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के पात्र हैं.

ii. उम्मीदवार विज्ञापित पदों में से केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता है क्योंकि सभी पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा एक दिन आयोजित होगी.

iii. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पद के लिए केवल एक ऑनलाइन आवेदन जमा करें. उम्मीदवार विभिन्न ऑनलाइन आवेदन जमा करता है तो वह सुनिश्चित करे कि उच्च "आवेदन संख्या" वाला आवेदन शुल्क सहित सभी रूपों में पूर्ण है.

iv. विभिन्न ऑनलाइन आवेदन जमा करने वाले उम्मीदवार ध्यान दें कि उच्च "आवेदन संख्या" के साथ ऑनलाइन आवेदन पर ही विचार किया जाएगा और एक "आवेदन संख्या" के लिए भुगतान किए गए शुल्क को अन्य किसी "आवेदन संख्या" के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा. यह भी सूचित किया जाता है कि विभिन्न आवेदनों के मामले में एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा.

v. नौकरी अपेक्षा को पूरा कर लेने मात्र से उम्मीदवार ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाएगा. प्रबंधन कोई भी कारण बताए बिना किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए पात्रता मानक विज्ञापन मानदंड को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है. भर्ती प्रक्रिया को कोई भी कारण बताए बिना रद्द/निलंबित/समाप्त किया जा सकता है. प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा.

vi. विज्ञापित रिक्तियां अनंतिम हैं और संगठन की अपेक्षा के अनुसार कम/ज्यादा हो सकती हैं.

vii. सामाजिक न्याय एंव सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा अधिसूचना सं. 38-16/2020-डीडी-III तिथि 4 जनवरी, 2021 के अनुसार, पदों/अनुशासनों की सूची, जिसमें पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार इस भर्ती अभियान के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, नीचे दी गई है:

| पद का नाम | योग्य श्रेणी और बैंचमार्क असशक्तताओं की उप श्रेणी | फंक्शनल अपेक्षा |
|---|---|---|
| उप प्रबंधक (आईटी) - एप्लीकेशन डेवलपर | क. बी, एलवी<br>ख. डी, एचएच<br>ग. ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी.<br>घ. एएसडी, एसएलडी, एमआई<br>ङ. उक्त (क) से (घ) शामिल करता एमडी. | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू,एसई, एच, सी |
| सहायक प्रबंधक (एचआर) | क. बी, एलवी<br>ख. डी, एचएच<br>ग. ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाय.<br>घ. एसएलडी, एमआई<br>ङ. उक्त (क) से (घ) शामिल करता एमडी. | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी |
| सहायक प्रबंधक (एफएंडए) | क. बी, एलवी<br>ख. डी, एचएच<br>ग. ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी.<br>घ. उक्त (क) से (ग) शामिल करता एमडी. | एस, बीएन, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, सी |
| सहायक प्रबंधक (एमएम) | क. एलवी<br>ख. डी, एचएच<br>ग. ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी.<br>घ. एसएलडी, एमआई<br>ङ. उक्त (क) से (घ) शामिल करता एमडी. | एस, एसटी, डब्ल्यू, एसई, सी |
| सहायक प्रबंधक (आईटी) | क. बी, एलवी<br>ख. डी, एचएच<br>ग. ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी.<br>घ. एएसडी, एसएलडी, एमआई<br>ङ. उक्त (क) से (घ) शामिल करता एमडी. | एस, एसटी,डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी |
| सहायक प्रबंधक (ओएल) | क. बी, एलवी<br>ख. डी, एचएच<br>ग. ओए,बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाय.<br>घ. एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ङ. उक्त (क) से (घ) शामिल करता एमडी. | एस, एसटी,डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ |
| सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) | पद पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिह्नित नहीं है. | |

**संक्षिप्ति:**

**फंक्शनल अपेक्षा: एस**-बैठना, **एसटी**-खड़ा होना, **डब्ल्यू**-चलना, **बीएन**-झुकना, **एल**-उठाना, **केसी**-नीलिंग एंड क्राउचिंग, **जेयू**-कूदना, **सीआरएल**-रेंगना, **सीएल**-चढ़ना, **पीपी**-खींचना और धक्का देना, **एमएफ**-उंगलियों के साथ मैनिप्युलेशन, **आरडब्ल्यू**-पढ़ना और लिखना, **एसई**-देखना, **एच**-सुनना, **सी**-संवाद..

**श्रेणी: बी:** दृष्टि बाधित, **एलवी:** अल्प दृष्टि, **डी:** बहरा, **एचएच:** सुनने में कठिनाई, **ओए:** एक हाथ, **ओएल:** एक पैर, **बीए:** दोनों हाथ, **बीएल:** दोनों पैर, **ओएएल:** एक हाथ और एक पैर, **बीएलओए:** दोनों पैर और एक हाथ, **बीएलए:** दोनों पैर हाथ, **सीपी:** सेरेब्रल पासी, **एसी**-उपचाारित कुष्ठ, **डीडब्ल्यू:** बौनापन, **एएवी:** एसिड अटैक पीड़ित, **एमडीवाय:** मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी, **एएसडी:** ऑटिज्म स्पैक्ट्रम डिसऑर्डर (एम:माइल्ड, एमओडी: मोडरेट), **आईडी:** इंटैलैक्च्युअल डिसेबिलिटी, **एसएलडी:** स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, **एमआई:** मेंटल इलनेस, **एमडी:** विभिन्न असशक्तताएं.

viii. ऑनलाइन परीक्षा में प्रस्तुत होने के लिए यात्रा किराए की प्रतिपूर्ति स्वीकार्य नहीं होगी. बाहरी उम्मीदवार (दिल्ली-एनसीआर से बाहर) जो दस्तावेज सत्यापन के बाद साक्षात्कार (यदि दस्तावेज सही क्रम में पाए जाते हैं) के लिए अनंतिम रूप से लघुसूचीबद्ध किए गए हैं वे **3-टियर एसी क्लास** द्वारा साक्षात्कार के स्थान तक नजदीकी स्टेशन से ट्रेन के किराए (आना और जाना) की प्रतिपूर्ति के लिए हकदार होगा.

ix. ऑनलाइन परीक्षा के प्रशासन में किसी समस्या के होने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता जो परीक्षा के होने और परिणाम जनित होने को प्रभावित कर सकता है. इस प्रक्रिया में ऐसी समस्या को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे जिसमें उम्मीदवारों का जाना, परीक्षा में विलंब शामिल होगा. दोबारा परीक्षा का आयोजन, आयोजन निकाय के पूर्ण विवेक पर होगा. उम्मीदवारों के पास पुनः परीक्षा के लिए कोई दावा नहीं कर सकते. उम्मीदवार जो जाने के इच्छुक नहीं है या परीक्षा के विलंब प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक नहीं है उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा.

x. भर्ती से संबंधित सभी मामलों में एसपीएमसीआईएल का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्य होगा. इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार या निजी पूछताछ पर एसपीएमसीआईएल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा.

xi. यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती है तो विभिन्न सत्रों के स्कोर को सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न परीक्षा समूहों के कठिनाई स्तर में मामूली अंतर के लिए समायोजित करने के लिए समान की जाएगी. एक से अधिक सत्र अपेक्षित हैं यदि नोड की कैपेसिटी कम है या किसी भी केन्द्र या किसी भी उम्मीदवार के लिए कुछ तकनीकी व्यवधान होता है.

xii. एसपीएमसीआईएल, सही और गलत उत्तरों के पैटर्न देखने के लिए अन्य उम्मीदवारों के साथ उम्मीदवारों के जवाबों को जांचेगी. यदि इस संदर्भ में एसपीएमसीआईएल द्वारा अपनाए गए विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में यह पाया जाता है कि जवाबों को शेयर किया गया है और प्राप्त अंक सही/वैध नहीं है तो एसपीएमसीआईएल संबंधित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और ऐसे उम्मीदवारों का परिणाम रोक दिया जाएगा.

EN 17/29 संयुक्त महाप्रबंधक (एचआर)

## उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान

मथुरा (उ.प्र.)-281001

विज्ञापन सं. 02/2026 दिनांकः 19 जून 2026

# भर्ती अधिसूचना

विश्वविद्यालय अपने विभिन्न शिक्षण पदों पर भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. विस्तृत विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.upvetuniv.edu.in** से डाउनलोड किया जा सकता है. पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर उसे पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रभारी, भर्ती प्रकोष्ठ, DUVASU, मथुरा को **30 जुलाई 2026 को शाम 05:00 बजे तक** अथवा उससे पहले भेज सकते हैं.

**कुलसचिव**

EN 17/42

## नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

एन सी एल NCL

(मिनिरत्न कंपनी)

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुंषगी कम्पनी)

### संक्षिप्त रोज़गार सूचना

एनसीएल ऐसे भारतीय नागरिकों से जो कि 'माइनिंग सरदार टी एण्ड एस ग्रेड- सी' एवं 'सर्वेक्षक (खनन) टी एण्ड एस ग्रेड- बी ' संवर्ग के पदों के लिए न्यूनतम एवं आवश्यक योग्यता रखते हों, से सीधी भर्ती द्वारा अपनी, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले एवं उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित, खदानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में नियुक्ति के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित करती है। **कुल रिक्तियों की संख्या दर्शाती तालिकाः-**

| क्र. | पदनाम | कैडर | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1 | माइनिंग सरदार टी एण्ड एस, ग्रेड- सी | खनन | 254 |
| 2 | सर्वेक्षक (खनन) टी एण्ड एस, ग्रेड- बी | खनन | 05 |
| | कुल | | 259 |

महत्वपूर्ण तिथियों, ऑनलाइन आवेदन और पात्रता मानदंड, अधिकतम आयु सीमा, आवेदन शुल्क, आरक्षण और छूट, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिय आदि के संबंध में पूर्ण जानकारी के लिए विस्तृत रोज़गार अधिसूचना संख्या 246 दिनांकः 10.07.2026 का संदर्भ लें जो एनसीएल की आधिकारिक वेबसाइट **https://www.nclcil.in** पर उपलब्ध है।

इस भर्ती से संबंधित किसी भी संशोधन / परिवर्तन की सूचना केवल एनसीएल की वेबसाइट पर दी जाएगी।

महाप्रबंधक (भर्ती)
एनसीएल, सिंगरौली

EN 17/55 R-29

## एफएसएसएआई fssai

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

# भर्ती प्रकोष्ठ

### प्रतिनियुक्ति सूचना-डीईपी-03/2026

एफएसएसएआई केंद्र सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों/विश्वविद्यालयों/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध-सरकारी/सांविधिक संगठनों/स्वायत्त संगठनों में नियमित पद धारण करने वाले अधिकारियों से वैदेशिक सेवा की शर्तों के आधार पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) पर समूह 'क' का पद भरने के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित करता हैः-

| क्र. सं. | पद का नाम एवं वर्गीकरण | वेतन स्तर (7वां कें.वे.आ.) | रिक्तियों की संख्या | कार्यकाल (वर्षों में) | तैनाती का सांकेतिक स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सलाहकार, समूह 'क' | वेतन स्तर-14 | 01 | 03 | एफएसएसएआई मुख्यालय, नई दिल्ली |

योग्यता, अनुभव आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.fssai.gov.in** के 'जॉब्स एट एफएसएसएआई (करियर)' अनुभाग में उपलब्ध है. ऑनलाइन आवेदन पोर्टल संभावित रूप से 25.07.2026 से 14.08.2026 तक उपलब्ध रहेगा. उचित माध्यम से आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की संभावित **अंतिम तारीख 07.09.2026** है.

**निदेशक (भर्ती)**

Eat Right India
सही भोजन. बेहतर जीवन.

कमरा नंबर 312, तीसरा तल, एफडीए भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली–110002
Room No. 312, 3rd Floor, FDA Bhawan, Kotla Road, New Delhi-110002
011-23667348 recruitment.fssai@fssai.gov.in www.fssai.gov.in

CBC 17163/11/0007/2627 EN 17/39

## वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

## Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala Dehradun, Uttarakhand (India)
Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Advt. No.: 1093/VMSB-UTU/2026 Date: 10.07.2026

### निदेशक पद हेतु भर्ती सूचना
(प्रतिनियुक्ति के आधार पर)

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून के परिसर संस्थानों **1. राजकीय नन्हीं परी सीमांत इंजीनियरिंग संस्थान, पिथौरागढ़ 2. राजकीय महिला प्रौ. संस्थान, देहरादून 3. राजकी प्रौ. संस्थान बौन, उत्तरकाशी 4. राजकीय प्रौ. संस्थान गोपेश्वर, चमोली 5. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राजकीय प्रौ. संस्थान, टनकपुर में निदेशक के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है** (Pay Level-14, Entry Pay Rs. 144200/- with special allowance of Rs. 6750/- as prescribed by AICTE from time to time and as admissible to State Government employees.) यह नियुक्ति उत्तराखण्ड राज्य सरकार की स्वीकृति से प्रतिनियुक्ति के आधार पर 03 वर्ष की अवधि अथवा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम आयु सीमा तक, जो भी पहले हो, के लिए की जायेगी. आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव एआईसीटीई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होंगे. निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र सम्बन्धित दस्तावेजों एवं आवेदन शुल्क सहित, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **''कुलसचिव, वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, प्रेमनगर, सुद्धोवाला, देहरादून-248007, उत्तराखण्ड** के पते पर अंतिम तिथि **दिनांक 31 जुलाई, 2026 सांय 5:00 बजे तक** प्राप्त किये जायेंगे. अपूर्ण आवेदन तथा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन बिना किसी विचार के अस्वीकृत कर दिये जायेंगे. अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.uktech.ac.in** पर प्राप्त की जा सकती है.

**कुलसचिव**

EN 17/26

भारत सरकार / Government of India

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय / Ministry of Environment, Forest & Climate Change

क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर/उप क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर / Regional Office, Gandhinagar/(Sub-Regional Office, Jaipur)
बी-213 ''अरण्य भवन'', झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर-302004/B-213 / "ARANYA BHAWAN" Jhalana Institutional Area, Jaipur-302004
दूरभाष/Tel No: 0141-2713786, 2713778 / Email: iro.jaipur-mefcc@gov.in

### परिपत्र

**संविदा के आधार पर 2 परामर्शदाता-ए (1 क्षेत्रीय कार्यालय गांधीनगर के लिए और 1 उप-क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के लिए) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन-संबंधी**

क्षेत्रीय कार्यालय गांधीनगर (उप कार्यालय जयपुर) में संविदा के आधार पर 2 परामर्शदाता "ए" (1 क्षेत्रीय कार्यालय गांधीनगर के लिए और 1 उप-क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के लिए) की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. परामर्शदाता "ए" के लिए 60,000 रुपये के समेकित मासिक शुल्क का भुगतान किया जाएगा. रिक्ति परिपत्र का पूरा विवरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट पर परिपत्र लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है: **https://moef.gov.in/storage/tender/1783943627.pdf** इच्छुक आवेदक अनुबंध-I में दिए गए प्रपत्र के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं.आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजे जाने हैं:-

कार्यालय प्रमुख
उप कार्यालय जयपुर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
बी-213, "अरण्य भवन", झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर-302004.

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख समाचार-पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिन है.**

(ईआर. महेश दत्त पुरोहित)
कार्यालय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार

EN 17/45

# राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद्

(शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा पूर्णतः निधिबद्ध एक स्वायत्त निकाय)
फरोग-ए-उर्दू भवन, एफसी-33/9, इंस्टीट्यूशनल एरिया
जसोला, नई दिल्ली-110025

## निदेशक के पद हेतु विज्ञापन

रोजगार समाचार में प्रकाशित निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित योग्यताएं और अनुभव धारक व्यक्तियों से निदेशक, राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद (एनसीपीयूएल), नई दिल्ली, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्णतः निधिबद्ध एक स्वायत्त निकाय के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. आवेदन **http://education.gov.in/** से डाउनलोड किए जा सकते है.

**वेतनमान:** वेतन लेवल-13

**योग्यता:**

**अनिवार्य:**

(1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर विषय के रूप में पर्शियन के साथ न्यूनतम 55% अंकों के साथ उर्दू भाषा/लिंग्यूइस्टिक्स/साहित्य में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष. (2) प्रकाशित वर्क ऑफ अंडरस्टैंडिंग द्वारा प्रमाणित अनुसार उर्दू में अनुसंधान/साहित्य कार्य(प्रमाण प्रस्तुत किया जाए).

**वांछनीय:**

(1) उर्दू या लिंग्युइस्टिक्स में पीएच.डी. (2) उर्दू के अतिरिक्त एक या अधिक भारतीय भाषाओं का अच्छा ज्ञान.(3) लैक्सिकोग्राफी के आधुनिक सिद्धांतों और तकनीकों का ज्ञान.

**प्रशासनिक अनुभव:**

**प्रतिनियुक्ति पर भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए:**

**क. नॉन-पीएच.डी उम्मीदवारों के लिए:** समूह 'क' लेवल पद में दस (10) वर्ष या वेतन लेवल 12 के साथ पद में पांच (5) वर्ष.

**ख. पीएच.डी उम्मीदवारों के लिए:** समूह 'क' लेवल पद में पांच (5) वर्ष.

**संविदा आधार पर भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए:**

उक्त विस्तृत अनुसार अनुभव धारक और समतुल्य परिलब्धियां आहरित करने वाले.

**व्याख्या:** ''प्रशासनिक अनुभव'' से आशय है अकादमिक संस्था के अध्यक्ष के रूप में अनुभव (कॉलेज या विश्वविद्यालय में विभाग के अध्यक्ष सहित) या सरकारी, स्थानीय निकाय या स्वायत्त संगठन, प्रमुखतया शिक्षा/भाषाओं के क्षेत्र से संबंधित, में प्रशासनिक क्षमता में अनुभव.

**भर्ती का तरीका**

वेतन लेवल 13 में काम करने या वेतन लेवल 12 में पांच (5) वर्ष की सेवा या समदृश पद धारण किए केन्द्र/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/स्वायत्त निकायों के अधीन अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा.

**अवधि:**

तीन (3) वर्ष से अधिक नहीं होगी. अवधि को अधिकतम पांच (5) वर्ष तक या जब तक पदधारी केन्द्र सरकारी कर्मचारियों के लिए निर्धारित अधिवर्षिता प्राप्त करता है, केन्द्र सरकार के विवेक पर बढ़ाया जा सकता है.

**आयु सीमा:**

वर्ष जिसमें रिक्ति विज्ञापित की गई है उस वर्ष की पहली जनवरी को 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

**अंतिम तिथि**

सभी रूपों में पूर्ण विधिवत भरे आवेदन और संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज/ विभाग आदि द्वारा उचित माध्यम से अग्रेषित आवेदन **श्री श्रेयांश मोहन, उप सचिव (एल), शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, कमरा सं.21114, कर्त्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001** के पास रोजगार समाचार में उक्त पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन के अंदर** पहुंच जाने चाहिए.

**(श्रेयांश मोहन)**
**उप सचिव, भारत सरकार**
**ईमेल: shreyansh.mohan@gov.in**

**नोट:** केन्द्र सरकार/राज्य सरकार सेवा/स्वायत्त निकाय/केन्द्र शासित राज्य या अन्य सरकारी निकायों में कार्यरत आवेदकों को सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र, छोटा/बड़ा दंड प्रमाणपत्र, पिछले पांच (5) वर्षों की एसीआर के साथ उचित माध्यम से अपने आवेदन जमा करने होंगे.

### आवेदन प्रारूप

**निदेशक, राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद् (एनसीपीयूएल), नई दिल्ली के पद हेतु आवेदन**

फोटो

1. नाम व पता (बड़े अक्षरों में):
2. जन्मतिथि(ईस्वी सन् में)
3. केन्द्र/राज्य सरकार नियमों के अधीन सेवानिवृत्ति की तिथि:
4. शैक्षिक योग्यताएं:
5. क्या आप पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक व अन्य योग्यताओं को पूरा करते हैं. (यदि किसी भी योग्यता को नियमों में निर्धारित के समकक्ष माना गया है तो उस प्राधिकारी का नाम लिखें).

| | अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|---|
| अनिवार्य: | 1.<br>2.<br>3. | |
| वांछनीय<br>. | 1.<br>2.<br>3 | |

6. आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों में कृपया साफ-साफ बताएं कि क्या आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं.
7. कालक्रमानुसार रोजगार का विवरण. अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित अलग कागज लगाएं.

| कार्यालय/ संस्था | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्यों की प्रकृति (विवरण में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

8. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या अर्द्ध स्थायी या स्थायी.
9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा पर धारित है तो कृपया बताएं:
   **क.** आरंभिक नियुक्ति की तिथि
   **ख.** प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि
   **ग.** मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं.
10. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त जानकारी. कृपया बताएं किसके अधीन कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम लिखें).
    केन्द्र सरकार
    राज्य सरकार
    स्वायत्त संगठन
    सरकारी उपक्रम
    विश्वविद्यालय
    अन्य
11. कृपया बताएं क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं?
12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां तो संशोधन की तिथि लिखें और पूर्वसंशोधित वेतनमान भी अंकित करें.
13. वर्तमान में आहरित कुल परिलब्धियां प्रति माह.
14. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई है जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में देना चाहते हैं. (अन्य वस्तुओं में से निम्न में से संबंधित जानकारी प्रदान करें: **(i)** अतिरिक्त अकादमिक योग्यताएं. **(ii)** वृत्तिक प्रशिक्षण और **(iii)** रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित से ऊपर कार्य अनुभव.
    (**नोट:** यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग कागज लगाएं).
15. क्या आप अजा/अजजा से संबंधित हैं.
16. अभ्युक्तियां.
    उम्मीदवार निम्न से संबंधित जानकारी अंकित करें. **(i)** अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं. **(ii)** पुरस्कार/छात्रवृत्ति/सरकारी सराहना **(iii)** वृत्तिक निकायों/संस्थाओं/सोसायटी के साथ संबंद्ध. **और (iv)** अन्य कोई जानकारी.
    (**नोट:** यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग कागज लगाएं)

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मैं अच्छी तरह जानता हूं कि मेरे द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित को भी पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा आंकलित किया जाएगा.

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

पता.............................................................................

**तिथि:**.............................................................. .............................................................................

CBC 21321/11/0004/2627 EN 17/41

# भारत सरकार मुद्रणालय
## मिंटो रोड, नई दिल्ली

## विज्ञप्ति

भारत सरकार मुद्रणालय, मिंटो रोड, नई दिल्ली में संशोधित भर्ती नियमों के अनुसार प्रतिनियुक्ति (शॉर्ट टर्म कॉन्ट्रेक्ट सहित) के आधार पर तीन साल तक की अवधि (तीन वर्ष से अधिक नहीं) के लिए पे लेवल- 6 (रु. 35400-112400 रुपये) में **स्टोर सुपरवाइज़र ग्रेड I** के एक पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

जो सरकारी कर्मचारी शर्तें पूरी करते हैं, वे इस विज्ञापन के रोजगार समाचार पत्र में छपने की तारीख से **30 दिनों के अंदर** उचित चैनल (Proper channel) से आवेदन कर सकते हैं. इस पद के लिए योग्यता की शर्तें और अन्य विवरण वेबसाइट **https://dop.gov.in/** पर उपलब्ध हैं.

EN 17/63 **प्रबंधक**

विज्ञापन संख्या इसरो : आईसीआरबी:01 (ए-जेपीए) : 2026, दिनांक 27-07-2026

इसरो isro

अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार

# भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)

## सहायक, कनिष्ठ निजी सहायक, अपर श्रेणी लिपिक और आशुलिपिक की भर्ती

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अंतरिक्ष विभाग के केंद्र/इकाइयां समाज के बड़े हित और राष्ट्र सेवा के लिए अंतरिक्ष अनुप्रयोग, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास से जुड़ी अनुसंधान और विकास गतिविधियों में लगी हुई हैं. इनका उद्देश्य आत्मनिर्भरता हासिल करना और प्रक्षेपण वाहन तथा संचार/दूर संवेदी उपग्रहों को डिज़ाइन करने, बनाने और उनके प्रक्षेपण की क्षमता विकसित करना है.

2. इसरो के घटक केन्द्रों /इकाइयों और स्वायत्त इकाइयों में, पे मैट्रिक्स के लेवल-4 में निम्नांकित रिक्तियां भरने के लिए **प्रतिभाशाली उम्मीदवारों** से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं. विवरण नीचे दिया गया है:-

| ज़ोन | पद संख्या 1 | पद संख्या 2 | पद संख्या 3 | पद संख्या 4 | पद संख्या 5 | पद संख्या 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | 27 | 21 | - | - | 11 | 01 |
| बेंगलुरु | 24 | 19 | 22 | 10 | - | - |
| हासन | 01 | 02 | - | - | - | - |
| हैदराबाद | 13 | 02 | - | - | - | - |
| महेन्द्रगिरी | 07 | 02 | - | - | - | - |
| नई दिल्ली | 01 | - | - | - | - | - |
| श्रीहरिकोटा | 32 | 14 | - | - | 03 | - |
| तिरुवनंतपुरम | 06 | 21 | - | - | 03 | - |
| कुल | 111 | 81 | 22 | 10 | 17 | 01 |

नोटः पदों और आरक्षण से संबंधित जानकारी के लिए, उम्मीदवार इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in पर जा सकते हैं.

**शैक्षिक योग्यता और अनुभव**

| सहायक/अपर श्रेणी लिपिक, पद संख्या 1, 3 और 5 | कनिष्ठ निजी सहायक/आशुलिपिक (पद संख्या 2, 4 और 6) |
|---|---|
| किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 60% अंक या 10-पॉइंट स्केल पर 6.32 सीजीपीए के साथ स्नातक योग्यता प्राप्त की हो, साथ ही यह शर्त भी हो कि स्नातक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा तय कोर्स की कम से कम तय अवधि के भीतर उत्तीर्ण की हो;<br>और<br>कंप्यूटर इस्तेमाल करने में प्रवीणता प्राप्त की हो. | किसी मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी से कम से कम 60% मार्क्स या 10-पॉइंट स्केल पर 6.32 सीजीपीए के साथ स्नातक योग्यता प्राप्त की हो, साथ ही यह शर्त भी हो कि स्नातक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा तय कोर्स की कम से कम तय अवधि के भीतर उत्तीर्ण की हो; और कंप्यूटर इस्तेमाल करने में प्रवीणता प्राप्त की हो या<br>किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से कम से कम 60% अंकों या 10-पॉइंट स्केल पर 6.32 सीजीपीए के साथ कमर्शियल/सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस में डिप्लोमा प्राप्त किया हो, परन्तु शर्त यह है कि डिप्लोमा विश्वविद्यालय द्वारा तय कोर्स की कम से कम तय अवधि के भीतर पूरा किया गया हो; स्टेनो-टाइपिस्ट/स्टेनोग्राफर के तौर पर एक साल का अनुभव.<br>और<br>इंग्लिश स्टेनोग्राफी में कम से कम 60 श.प्र.मि. की गति प्राप्तक की हो;<br>कंप्यूटर इस्तेमाल करने में प्रवीणता प्राप्त की हो.<br>**नोटः** कमर्शियल प्रैक्टिस में डिप्लोमा (डीसीपी) या कमर्शियल एंड कंप्यूटर प्रैक्टिस (डीसीसीपी) में डिप्लोमा वाले उम्मीदवारों के लिए, अप्रेंटिसशिप एक्ट 1961 के तहत नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के अंतर्गत बोर्ड ऑफ़ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (बीओएटी) द्वारा जारी अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग सर्टिफिकेट को स्टेनो-टाइपिस्ट/स्टेनोग्राफर के तौर पर एक साल के अनुभव के बराबर माना जाएगा. |

**नोट 1.** जब कोई विश्वविद्यालय डिग्री प्रमाणपत्र या समेकित अंकतालिका में सीजीपीए और अंक प्रतिशत, दोनों का उल्लेख करता है, तो कम से कम एक मानदंड (या तो सीजीपीए या प्रतिशत) डीओएस/इसरो के पात्रता नियमों के अनुसार होना चाहिए.

**नोट 2.** जब कोई विश्वविद्यालय अपने डिग्री प्रमाणपत्र या समेकित अंकतालिका में सिर्फ़ सीजीपीए का उल्लेख करता है, तो उसमें बताए गए सीजीपीए को डीओएस/इसरो के पात्रता मानदंडों को ज़रूर पूरा करना चाहिए. पात्रता तय करने के लिए सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने की अनुमति नहीं है, भले ही संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान ने इसके लिए कोई कन्वर्ज़न फ़ॉर्मूला तय किया हो. यही नियम उन मामलों में भी लागू होते हैं जहाँ डिग्री प्रमाणपत्र/समेकित अंकतालिका में सिर्फ़ अंकों का प्रतिशत बताया गया हो.

**डुअल/इंटीग्रेटेड डिग्री प्रोग्राम** के मामले में:

क) जहां डुअल/इंटीग्रेटेड डिग्री सर्टिफिकेट में ग्रेजुएशन और पोस्ट-ग्रेजुएशन के लिए सीजीपीए/प्रतिशत अलग-अलग बताए गए हैं, वहां ग्रेजुएशन लेवल के लिए सीजीपीए/प्रतिशत की गणना मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी;

ख) जहां डुअल/इंटीग्रेटेड डिग्री सर्टिफिकेट में पूरे कोर्स के लिए केवल एक कॉमन सीजीपीए/प्रतिशत बताया गया है, वहां योग्यता तय करने के लिए पूरे कोर्स के लिए सर्टिफिकेट में बताए गए फाइनल सीजीपीए/प्रतिशत को ही माना जाएगा;

ग) जहां कोई यूनिवर्सिटी अपने डुअल/इंटीग्रेटेड डिग्री सर्टिफिकेट में कोई सीजीपीए /प्रतिशत नहीं बताती है, वहां योग्यता तय करने के लिए फाइनल/कंसोलिडेटेड मार्कशीट के अनुसार पूरे कोर्स के लिए लागू कुल (क्युमुलेटिव) सीजीपीए/प्रतिशत को माना जाएगा;

घ) ऊपर बताए गए नियम सभी पर समान रूप से लागू होंगे, चाहे यूनिवर्सिटी/संस्थान ने अपने डुअल/इंटीग्रेटेड डिग्री सर्टिफिकेट में ग्रेजुएशन/पोस्ट-ग्रेजुएशन के लिए सीजीपीए/प्रतिशत निकालने का कोई फ़ॉर्मूला बताया हो या नहीं;

3. **आयु सीमाः** 16.08.2026 को 28 वर्ष (अपिव उम्मीदवारों के लिए 31 वर्ष और अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए 33 वर्ष, जहां पद आरक्षित हैं). भारत सरकार के आदेशों के अनुसार, सेवारत सरकारी कर्मचारी, पूर्व-सैनिक, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति, मेधावी खिलाड़ी, विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पतियों से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाएं (जिन्होंने दोबारा शादी नहीं की है) आयु में छूट के लिए पात्र हैं.

4. **आवेदन शुल्कः** सभी पदों के लिए आवेदन शुल्क रुपये 100/- (एक सौ रुपये मात्र) है. हालांकि, शुरू में सभी उम्मीदवारों को प्रति आवेदन प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में रुपये 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) का भुगतान करना होगा. प्रोसेसिंग शुल्क केवल उन उम्मीदवारों को वापस किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में शामिल होंगे, जैसा कि नीचे बताया गया है:-
   (i.) रुपये 500/- यानी उन उम्मीदवारों के लिए पूरा रिफंड जिन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है (महिलाएं, अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी, पूर्व-सैनिक).
   (ii) रुपये 400/- यानी अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क काटने के बाद.

5. **वेतन और भत्तेः** चयनित उम्मीदवारों को पे मैट्रिक्स के लेवल 4 में सहायक/कनिष्ठ निजी सहायक/अपर श्रेणी लिपिक/स्टेनोग्राफर के रूप में नियुक्त किया जाएगा और उन्हें रुपये 25,500/- प्रति माह का न्यूनतम मूल वेतन दिया जाएगा. इसके अलावा, इस विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता [डीए], मकान किराया भत्ता [एचआरए] और परिवहन भत्ता देय होगा. कर्मचारी नई पेंशन योजना के अंतर्गत आएंगे. साथ ही, केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, सब्सिडी वाली कैंटीन, सीमित क्वार्टर सुविधा (एचआरए के बदले), अवकाश यात्रा रियायत, समूह बीमा, घर बनाने के लिए अग्रिम (एडवांस) आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

6. अधिक जानकारी और आवेदन करने के लिए, कृपया इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in पर जाएं. ऑनलाइन पंजीकरण की **अंतिम तिथि 16.08.2026 है.**

**सरकार ऐसा कार्यबल बनाने का प्रयास करती है जिसमें लिंग संतुलन हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.**

CBC 49101/11/0003/2627 EN 17/40

---

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
## Telecom Regulatory Authority of India

भादूविप्रा TRAI

Tower-F, NBCC World Trade Centre
Nauroji Nagar, New Delhi-110029

रिक्ति परिपत्र संख्याः C-02/2026-27

**सूचना**

भादूविप्रा मुख्यालय, दिल्ली में संविदा के आधार पर परामर्शदाता नियुक्त करने के संबंध में.

भादूविप्रा (मुख्यालय) नई दिल्ली में एनएसएल-I एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के लिए अनुबंध के आधार पर **परामर्शदाताओं (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)** और **(डेटा प्राइवेसी और साइबर सिक्योरिटी)** को नियुक्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

2. नियुक्ति हेतु विस्तृत नियम और शर्तें, योग्यता तथा अनुभव ट्राई की वेबसाइट **www.trai.gov.in** पर उपलब्ध है. इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन **ऑनलाइन मोड के माध्यम से URL: https://vacancies.trai.gov.in** पर भेज सकते हैं. ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03.08.2026 है.

CBC 06202/11/0029/2627 EN 17/61

---

## न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
## Nuclear Power Corporation of India Ltd.

(भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise)

कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट / Kudankulam Nuclear Power Project

मानव संसाधन समूह HUMAN RESOURCE GROUP

कुडनकुलम पोस्ट, राधापुरम तालुक, तिरुनेलवेली जिला, तमिलनाडु -627106

Kudankulam P.O., Radhapuram Taluk, Tirunelveli District, Tamilnadu-627106

सूचना / Notice

संदर्भ : विज्ञापन संख्या :एनपीसीआईएल/केकेएनपीपी/एचआरएम/01/2026

**Ref: ADVERTISEMENT NO: NPCIL/KKNPP/HRM/01/2026**

**प्रशासनिक कारण से, विज्ञापन संख्या : एनपीसीआईएल/केकेएनपीपी/एचआरएम/01/2026 के लिए आवेदन की प्रारंभिक तिथि स्थगित कर दी गई है. नियत समय में नई तारीख की सूचना दी जाएगी.**

Due to administrative reason, the opening date of application for the advertisement no. NPCIL/KKNPP/HRM/01/2026 is postponed. Fresh date will be intimated in due course.

**" एनपीसीआईएल ऐसे मानव संपदा के लिए प्रयास कर रहा है जहां लिंग भेद नहीं हो तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है "**

NPCIL strives to have a workforce, which reflects gender balance and women applicants are encouraged to apply.

CBC 48159/11/0004/2627 EN 17/75

# एनएसआईसी तकनीकी सेवा केंद्र
## राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम

एन एस आई सी
NSIC

(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधीन
भारत सरकार का उद्यम)

नौकरी दिलाने वाले कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित हैं.

| क्र. सं | पाठ्यक्रमशीर्षक | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन में एडवांस्ड डिप्लोमा (PLC, SCADA, HMI, VFD, DCS, DIDO) | 6 महीने | आईटीआई / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 2 | इंडस्ट्रियल 4.0: PLC, SCADA, HMI, PLC प्रोग्रामिंग, PLC/SCADA की क्लाउड गेट वेसेक नेक्टिविटी | 2 महीने | आईटीआई / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 3 | चाप (Arc) वेल्डिंग | 1 महीना | आईटीआई / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 4 | मेकाट्रॉनिक्स (पैलेटाइज़िंग औरविज़न सिस्टम के साथ पिक एंड प्लेस) | 1 महीना | आईटीआई / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 5 | एम्बेडेड सिस्टम में एडवांस्ड डिप्लोमा प्रोग्राम | 6 महीने | 12वीं पास / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 6 | IoT (इंटरनेटऑफ़ थिंग्स) | 2 महीने | 12वीं पास / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 7 | Arduino, Raspberry Pi और ESP32 के साथ प्रोग्रामिंग | 2 महीने | 12वीं पास / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 8 | लाइव प्रोजेक्ट्स पर इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग (ऑटोमेशन, Arduino, ESP32 पर आधारित) | 2 महीने | 12वीं पास / डिप्लोमा / ग्रेजुएशन |
| 9 | इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक (मरम्मतऔर रखरखाव) | 1 महीना | 10वीं पास और उससे ऊपर |
| 10 | PVSOL सॉफ़्टवेयर के साथ सौर ऊर्जा | 1 महीना | 10वीं पास और उससे ऊपर |
| 11 | इलेक्ट्रीशियन में एडवांस्ड डिप्लोमा | 1 वर्ष | 10वीं पास और उससे ऊपर |
| 12 | ड्रोन टेक्नीशियन | 1 महीना | 10वीं पास और उससे ऊपर |
| 13 | इंडस्ट्रियल सर्किट और पावर हाउस का रखरखाव | 3 महीने | 10वीं पास और उससे ऊपर |

प्लेसमेंट में सहायता उपलब्ध है

अधिक जानकारी के लिए:
NSIC टेक्निकल सर्विसेज़ सेंटर
गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन के पास, ओखला फ़ेज़-III, नई दिल्ली-20
फ़ोन: (Ph): 011-26826801 विस्तार (Ext) :237,
9555086791, 9555199956
ईमेल: renu@nsic.co.in वेबसाइट: www.nsic.co.in

EN 17/67

# भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
चतुर्थ तल, बंगला साहिब रोड, काली मंदिर के पीछे
गोल मार्केट, नई दिल्ली- 110001

AADHAAR

**भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई में वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पद को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) आधार पर भरने हेतु रिक्ति परिपत्र.**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई में वरिष्ठ लेखा अधिकारी के एक पद को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन निदेशक (मानव संसाधन), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई, 7वीं मंजिल, एमटीएनएल टेलीफोन एक्सचेंज, जीडी सोमानी मार्ग, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई- 400 005 को भेजे जा सकते हैं. सभी तरह से पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19.08.2026 है. चूंकि यह रिक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जानी है, अतः गैर-सरकारी अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए या अपूर्ण पाए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट https://uidai.gov.in/images/VC_66_2026.pdf पर उपलब्ध हैं.

निदेशक (मा.सं.)

**आधार नामांकन और अद्यतन सेवा अब आधार सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है. नज़दीकी केंद्रों की जानकारी के लिए UIDAI.GOV.IN पर जाएं या 1947 पर कॉल करें.**

CBC 54103/11/0062/2627 EN 17/3




# भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
(भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग की यूनिट)
नवरंगपुरा, अहमदाबाद–380 009, भारत

विज्ञापन सं. 01/2026 दिनांक : 25.07.2026

## अधिकारियों की भर्ती

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत स्वायत्त एवं प्रमुख वैज्ञानिक और अनुसंधान संस्थान भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.) में निम्न पदों के लिए पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले युवा, उद्यमी और प्रेरित उम्मीदवारों की खोज की जा रही है:

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि–24/08/2026 (2400 hrs.)**

| पोस्ट कोड | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण स्थिति* अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | आ.क.व. | आवश्यक योग्यता | चयन का मोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रशासनिक अधिकारी (लेवल 10, ₹ 56,100 – ₹1,77,500) | | | | | | | | |
| 13 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | मानव संसाधन में एमबीए, सुपरवाइजरी पद में 1 वर्ष का अनुभव **या** स्नातकोत्तर, 3 वर्ष का अनुभव (सुपरवाइजरी पद में 1 वर्ष) **या** स्नातक, 5 वर्ष का अनुभव (सुपरवाइजरी पद में 2 वर्ष) और अनुभव प्रशासन के क्षेत्र में होना चाहिए। | लिखित परीक्षा साथ ही साक्षात्कार |
| लेखा अधिकारी (लेवल 10, ₹ 56,100 – ₹1,77,500) | | | | | | | | |
| 14 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | वित्त / बैंकिंग पब्लिक सिस्टम मैनेजमेंट में एमबीए या एसीए / एफसीए या एआईसीडब्लुए / एफआईसीडब्ल्यूए, सुपरवाइजरी पद में 1 वर्ष का अनुभव **या** वाणिज्य में स्नातकोत्तर, 3 वर्ष का अनुभव (सुपरवाइजरी पद में 1 वर्ष) **या** वाणिज्य में स्नातक / व्यवसाय प्रबंध में स्नातक / व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक के साथ 5 वर्ष का अनुभव (सुपरवाइजरी पद में 2 वर्ष) और अनुभव वित्त और लेखा / लागत लेखांकन के क्षेत्र में होना चाहिए। | लिखित परीक्षा साथ ही साक्षात्कार |
| क्रय एवं भंडार अधिकारी (लेवल 10, ₹ 56,100 – ₹1,77,500) | | | | | | | | |
| 15 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | मार्केटिंग या मैटेरियल्स मैनेजमेंट में एमबीए सुपरवाइजरी पद में 1 वर्ष का अनुभव **या** स्नातक के साथ मैटेरियल्स मैनेजमेंट (या क्रय एवं भंडार गतिविधि से संबंधित किसी अन्य विषय, में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ 3 वर्ष का अनुभव) संबंधित क्षेत्र में सुपरवाइजरी पद में 1 वर्ष का अनुभव, **या** स्नातकोत्तर के साथ 3 वर्ष का अनुभव (संबंधित क्षेत्र में सुपरवाइजरी पद में 1 वर्ष का अनुभव **या** स्नातक के साथ 5 वर्ष का अनुभव) संबंधित क्षेत्र में सुपरवाइजरी पद में 2 वर्ष का अनुभव, और अनुभव क्रय एवं भंडार के क्षेत्र में होना चाहिए। | लिखित परीक्षा साथ ही साक्षात्कार |

*(अना.– अनारक्षित, अ.पि.व.–अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल), अ.जा.–अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. – अनुसूचित जनजाति, आ.क.व.–आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग)

**स्नातक / स्नातकोत्तर (एमबीए / एसीए / एफसीए / एफआईसीडब्ल्यूए / एआईसीडब्ल्यूए / सामग्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के अलावा) प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60% अंकों या 10 के पैमाने पर 6.3 के सीजीपीए के साथ होना चाहिए।**

संपूर्ण विवरण के लिए, कृपया हमारा होम पेज https://www-prl-res-in (→ अवसर → रिक्तियां) देखें। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24/08/2026 (2400 बजे) है।

व.प्रधान,का.व.सा.प्र.

EN 17/65

# सीएसआईआर- जीनोमिकी और समवेत जीवविज्ञान संस्थान
# CSIR–INSTITUTE OF GENOMICS & INTEGRATIVE BIOLOGY
MALL ROAD, NEAR JUBILEE HALL, DELHI–110007
Email: recruit.igib@csir.res.in

IGIB
INSTITUTE OF GENOMICS & INTEGRATIVE BIOLOGY
Genomics Knowledge Partner

**विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 02/2026**

- **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि / Date of commencement of online applications: 27-07-2026 (10:00 AM onwards)**
- **ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है/ The last date for receipt of online applications is: 26-08-2026 (05:00 PM)**

सीएसआईआर- जीनोमिकी और समवेत जीवविज्ञान संस्थान (आईजीआईबी), दिल्ली–07, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का एक प्रमुख संस्थान है, जो जीनोमिक्स, आणविक चिकित्सा, जैव सूचना विज्ञान और प्रोटिओमिक्स के क्षेत्रों में राष्ट्रीय महत्व के अनुसंधान के कार्य में लगा हुआ है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.igib.res.in देखें। सीएसआईआर–आईजीआईबी, दिल्ली–07 में Multi-Tasking Staff के पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

CSIR-Institute of Genomics & Integrative Biology (IGIB), Delhi-07, is a premier Institute of Council of Scientific ard Industrial Research (CSIR), engaged in research of national importance in the areas of genomics, molecular medicine, bioinformatics and proteomics. For more details, kindly refer the website https://www.igib.res.in. Applications are invited from the Indian nationals for filling up the Multi-Tasking Staff Positions in CSIR-IGIB. Delhi-07:-

| Name of the post & Post Code | No. of Posts | Pay Level | Upper Age Limit not exceeding [on the last date of submission of online application] |
|---|---|---|---|
| Multi-Tasking Staff & MTS-2601 | 02 (UR-01, SC-01) | Pay Matrix Level-01 Grade Pay- Rs. 1800/- Rs. 18,000-56,900/- Total Emoluments: 36,360/-* | 25 Year** |

* दिल्ली में लागू एचआरए सहित न्यूनतम वेतनमान पर अनुमानित परिलब्धियां । / Approximate emoluments on minimum of scale including HRA applicable to Delhi.

** कृपया आयु सीमा और छूट कॉलम के अंतर्गत आयु छूट देखें। / Please see age relaxation under Age Limit and Relaxation Column.

अधिक जानकारी के लिए कृपया सीएसआईआर–आईजीआईबी की वेबसाइट https://www.igib.res.in देखें और वहां उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के माध्यम से आवेदन करें। विस्तृत विज्ञापन सीएसआईआर–आईजीआईबी की वेबसाइट पर दिनांक 27-07-2026 @10:00 AM से रहेगा।

For further details please visit CSIR-IGIB website https://www.igib.res.in and apply through the online application form available there. The detailed advertisement will be available on the CSIR-IGIB website from 27-07-2026 @10:00 AM.

CBC 36214/11/0003/2627 Controller of Administration

EN 17/2

# राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)
17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली–110016

## वित्त अधिकारी के पदों पर भर्ती

**वित्त अधिकारी** के एक पद को वेतन स्तर 11 में पांच वर्ष के लिए कार्यकाल आधार पर भरने हेतु निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. भर्ती के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.niepa.ac.in** देखें. आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिन** है.

EN 17/17 कुलसचिव

एफ.सं. पी-27011/5/2022-चमड़ा

भारत सरकार

## वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय

# उद्योग व आंतरिक व्यवसाय प्रचार विभाग

### कार्यकारी निदेशक, फुटवेयर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के पद की नियुक्ति

उद्योग व आंतरिक व्यवसाय प्रचार विभाग(डीपीआईआईटी), **कार्यकारी निदेशक**, फुटवेयर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के पद की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है. एफडीडीआई, फुटवेयर और चमड़ा उत्पाद डिज़ाइन और विकास और उससे संबंधित सभी अनुशासनों में अनुसंधान और प्रशिक्षण, शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्ठता के प्रचार और विकास के लिए राष्ट्रीय महत्व की संस्था है.

2. केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित राज्यों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या स्वायत्त निकाय या सांविधिक निकाय या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान से आवेदकों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा जिसमें इस विभाग को पिछले पांच वर्षों के लिए पूर्ण वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक निष्पादन सराहना रिपोर्ट की प्रतियां अग्रषित करनी होंगी.

3. कार्यकारी निदेशक, फुटवेयर डिजाइन व डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के पद के लिए नियम व शर्तें निम्नलिखित हैं:

| | |
|---|---|
| **पद की संख्या** | वर्तमान में 02, एक गुना (मध्य प्रदेश) और एक बनुर (चंडीगढ़) परिसर<br>**नोट:** रिक्ति, 12 परिसरों में ईडी की अपेक्षा को ध्यान में रखकर साक्षात्कार के समय डीपीआईआईटी द्वारा कम/ज्यादा की जा सकती है. |
| **वेतनमान** | लेवल-12(रुपये 78800-209200) |
| **भर्ती का तरीका** | पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) पर |
| **पात्रता, योग्यता और अनुभव** | केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित राज्यों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या स्वायत्त निकाय या सांविधिक निकाय या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी जो<br>(i) क. नियमित आधार पर समदृश पद धारण किए हुए हो;<br>ख. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित राज्यों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या स्वायत्त निकाय या सांविधिक निकाय या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान में ग्रुप 'क' में कम से कम आठ वर्ष की सेवा या समकक्ष सेवा;<br>ग. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित राज्यों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या स्वायत्त निकाय या सांविधिक निकाय या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान में उक्त उल्लिखित अनुसार ग्रुप 'क' में आठ वर्ष की सेवा में से वेतन मैट्रिक्स में लेवल 11 में कम से कम पांच वर्ष की सेवा या समकक्ष;<br>**(ii) निम्नलिखित योग्यताएं धारक जैसे:**<br>क. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री;<br>ख. प्रशासन के क्षेत्र में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव;<br>**(iii) वांछनीय:**<br>क. कम से कम एक वर्ष का चमड़ा प्रौद्योगिकी या उद्योग में अनुभव.<br>ख. व्यवसाय प्रशासन में मास्टर. |
| **नियम व शर्तें** | (i) केन्द्र सरकार के उसी या अन्य किसी संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले अन्य किसी बाह्य काडर में धारित पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि(अल्पकालिक संविदा सहित) को मिलाकर प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी.<br>(ii) प्रतिनियुक्ति की अवधि, भारत सरकार द्वारा निर्धारित समग्र अंतिम सीमा पर पांच वर्ष के लिए होगी. प्रतिनियुक्ति, केन्द्र सरकार के विदेशी सेवा नियम व शर्तों पर होगी.<br>(iii) असंतोषजनक निष्पादन की प्रक्रिया में सक्षम प्राधिकारी अवधि के दौरान किसी भी समय अधिकारी को उसके मूल काडर वापस भेजने का अधिकार सुरक्षित रखता है.<br>(iv) प्रतिनियुक्ति के अन्य नियम व शर्तें, समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा जारी संबंधित अनुदेशो द्वारा शासित होंगी.<br>(v) भारत सरकार में उच्च लेवल(13 से अधिक नहीं) या निदेशक के समकक्ष में सेवारत व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं और यदि पात्र श्रेणी से योग्य उम्मीदवार नहीं मिलता है तो उनपर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा. |
| आयु | प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार पचास से अधिक नहीं होगी. |

**4. अन्य नियमों आदि की अनुप्रयोगिता-**

(i) अधिकारी को सतर्कता कोण से मुक्त होना चाहिए. आवेदन अग्रेषित करते समय आवेदक के मूल काडर द्वारा इस प्रभाव का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाए.

(ii) अधिकारी को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से निकाला नहीं गया हो.

(iii) अधिकारी का पिछले पांच वर्षों में कम से कम ''बहुत अच्छा सेवा रिकॉर्ड '' होना चाहिए, हालांकि आठ और अधिक के ग्रेड के साथ ''उत्कृष्ठ'' सेवा रिकॉर्ड के साथ उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी.

(iv) उम्मीदवार को आवेदन जमा करने की तिथि को अध्ययन छुट्टी या लंबी छुट्टी पर नहीं होना चाहिए.

(v) अधिकारी को विदेशी प्रशिक्षण के लिए नामांकित नहीं होना चाहिए या आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को प्रशिक्षण या विदेशी असाइनमेंट पर नहीं होना चाहिए.

(vi) अनुशासनिक नियम आदि सहित सभी लागू नियम व विनियम नियुक्त व्यक्ति के लिए लागू होंगे.

(vii) सभी इच्छुक और पात्र उम्मीदवार उचित माध्यम से निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन के साथ अद्यतन वार्षिक निष्पादन सराहना रिपोर्ट डॉसियर (पिछले पांच वर्षों), सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, सतर्कता अनापत्ति और काडर अनापत्ति प्रमाणपत्र निम्नलिखित पते पर प्रकाशन की तिथि से **चार हफ्ते** के अंदर भेजें:

**सेवा में,**

**श्री नीरज कुमार शर्मा**

**अनुसंधान अधिकारी (चमड़ा व फुटवेयर)**

**उद्योग और आंतरिक व्यवसाय प्रचार विभाग,**

**वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय,**

**केबिन सं. यूएस-34, प्रथम तल,**

**वाणिज्य भवन, नई दिल्ली-110010**

**ईमेल: neeraj.ks@nic.in**

**ईमेल: leather-dpiit1@gov.in**

**फोन नं: 011-23038954**

**कार्यकारी निदेशक,**

**एफडीडीआई के पद हेतु आवेदन प्रारूप**

1. बड़े अक्षरों में नाम:
2. पिता का नाम/माता का नाम:
3. जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष) और आयु:
   (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार)
4. श्रेणी (अजा/अजजा/अपिव/अना):
5. लिंग: पुरुष/महिला :
6. राष्ट्रीयता:
7. पत्राचार पता:
8. स्थायी पता:
9. आधिकारिक पता:
10. संपर्क संख्या और ईमेल आईडी:
11. तिथि के साथ वर्तमान धारित पद और वेतनमान:
12. वर्तमान पद में नियमित नियुक्ति की तिथि/वेतनमान:
    क्या अखिल भारत सेवा से संबंधित हैं-हां/नहीं. कृपया सेवा का नाम लिखें.
13. शैक्षिक योग्यताओं का विवरण(यदि जरूरी है तो अलग कागज लगाएं):

| क्र. सं. | विश्वविद्यालय/बोर्ड/ संस्था का नाम | डिग्री/समकक्ष परीक्षा | श्रेणी और अंकों का % | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. रोजगार रिकॉर्ड का विवरण(वर्तमान पद से शुरू करते हुए कालक्रमानुसार) (यदि जरूरी है तो अलग कागज लगाएं) कुल .........वर्ष ........माह ........दिन

(शेष पृष्ठ 21 पर)

(पृष्ठ 20 का शेष)

| क्र. सं. | नियोक्ता का नाम व पता | पदनाम/वेतनमान क्या नियमित/प्रतिनियुक्ति | सेवा की अवधि | | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से (दिन/माह/वर्ष) | कब तक (दिन/माह/वर्ष) | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

15. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई है.

16. वांछनीय योग्यता

क. चमड़ा प्रौद्योगिकी या उद्योग में कम से कम एक वर्ष का अनुभव(हां/नहीं); यदि हां तो कृपया कालक्रमानुसार विवरण दें. आप अलग कागज लगा सकते हैं.

ख. व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तरः हां/नहीं, यदि हां तो कृपया कॉलम सं.13 में विवरण दें.

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

तिथि:

स्थान:

घोषणा:

मैं प्रमाणित करता हूं कि दी गई जानकारी मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुरूप सही और पूर्ण है और कुछ भी छिपाया/छेड़ा नहीं गया है. यदि किसी भी समय मैं किसी भी सामग्री जानकारी को छिपाते/छेड़ते हुए पाया जाता हूं तो मेरी नियुक्ति को कोई भी कारण या सूचना दिए बिना सरसरी तौर पर समाप्त कर दिया जाएगा.

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

फोन नं:

ईमेल:

संगठन/संस्था अध्यक्ष द्वारा अग्रेषित किया जाए (सरकारी/स्वायत्त/सांविधिक/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम आदि के संदर्भ में)

मंत्रालय/विभाग/कार्यालय ______________________

..............................द्वारा प्रस्तुत विवरण को सेवा रिकॉर्ड के संदर्भ में सत्यापित किया गया है और उनकी सत्यता प्रमाणित है. यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त अधिकारी के खिलाफ कोई भी सतर्कता मामला लंबित अथवा अवेक्षित नहीं हैं.

उक्त अधिकारी का सीआर डॉसियर और सत्यनिष्ठा प्रमाणन संलग्न है.

(मुहर के साथ अग्रेषण अधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम)

फोन नं: ______________________

ईमेल: ______________________

तिथि: पता: ______________________

CBC 05201/11/0003/2627 EN 17/83

---

## श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान
## Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences and Technology

(एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार)
(An Institution of National Importance, Dept. of Science and Technology, Govt. of India)
तिरुवनंतपुरम - 695011, केरल,भारत / Thiruvananthapuram – 695011, Kerala, India
टेलीफोन नं. / Telephone No: +91-471-2443152, फैक्स/Fax: +91-4712550728 / 2446433
ईमेल / Email: sct@sctimst.ac.in, वेबसाइट / Website: www.sctimst.ac.in

विज्ञापन सं. पी&ए.II/16/निदे/एससीटीआईएमएसटी/2026 दिनांकः 10.07.2026

### शुद्धिपत्र

**आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार.**

**संदर्भः** विज्ञापन संख्या पी&ए.II/16/निदे/एससीटीआईएमएसटी/2026 दिनांक 11.06.2026

उपरोक्त के संदर्भ में, श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम में **निदेशक** के पद के लिए भर्ती अधिसूचना दिनांक 11.06.2026 को संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार बढ़ाई जाती है.

| विवरण | विद्यमान | तक बढ़ाई गई |
|---|---|---|
| आवेदन (नामांकन सहित) प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 10.07.2026, शाम 05:00 बजे | 10.08.2026, शाम 05:00 बजे |
| असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, लाहौल और स्पीति जिले तथा हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों से आवेदन (नामांकन सहित) प्राप्त करने की अंतिम तिथि. | 27.07.2026, शाम 05:00 बजे | 28.08.2026, शाम 05:00 बजे |

अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी.

निदेशक

EN 17/23

---

## फुटवियर डिज़ाइन एवं विकास संस्थान
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
एफडीडीआई अधिनियम, 2017 के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान

17 जुलाई 2026 विज्ञापन सं.-एफडीडीआई/विज्ञापन/3/2026

### योग्य पेशेवर की नियुक्ति

एफडीडीआई फुटवियर, फैशन, चमड़ा सहायक सामग्री एवं जीवनशैली उत्पादों तथा खुदरा बिक्री के क्षेत्रों में अंतर को समाप्त करते हुए शिक्षा प्रदान करने, अनुसंधान करने और भारतीय उद्योगों को सुविधा प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. एफडीडीआई नीचे उल्लिखित पद के लिए अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है.

| | |
|---|---|
| पद | मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता |
| विभाग | अभियांत्रिकी एवं रखरखाव (परियोजनाएं) |
| रिक्ति | 01 (एक) |

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तारीख | 17.07.2026 |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख | 16.08.2026 |

* विस्तृत विज्ञापन/अधिसूचना एफडीडीआई की आधिकारिक वेबसाइट के करियर अनुभाग में उपलब्ध है अर्थात् **www.fddiindia.com**

**टिप्पणीः** नियुक्ति 03-05 वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर होगी. इच्छुक उम्मीदवारों को अपना पंजीकरण करके ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा और वे आवेदन की हार्ड कॉपी संबंधित दस्तावेजों के साथ विज्ञापन में दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट से भी भेज सकते हैं. विज्ञापन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र अथवा अद्यतन की सूचना केवल आधिकारिक वेबसाइट पर दी जाएगी.

**उप प्रबंधक (मुख्य कार्यालय)**
**मानव संसाधन विभाग**
**फुटवियर डिज़ाइन एवं विकास संस्थान (एफडीडीआई)**

ए-10/ए, सेक्टर-24, नोएडा (उ.प्र.)-201301
ई-मेलः jobs@fddiindia.com
मोबाइल सं.: +91 9355632697 EN 17/71

---

## संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi

## राष्ट्रीय संगीत, नृत्य एवं नाटक अकादमी

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय)
रवीन्द्र भवन, 35, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली-110001
वेबसाइटः www.sangeetnatak.gov.in

### शुद्धिपत्र

दिनांक 1-7 फरवरी 2025 के रोज़गार समाचार में प्रकाशित संगीत नाटक अकादमी के विज्ञापन सं. ईएन 44/49 के संदर्भ में एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उक्त भर्ती सूचना में क्र. सं. 5 और 6 पर दर्शाए गए कनिष्ठ लिपिक तथा मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के पदों पर भर्ती प्रशासनिक कारणों से रद्द की जाती है.

जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क का भुगतान किया है, वे शुल्क वापसी की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिए, अकादमी की वेबसाइट **www.sangeetnatak.gov.in** देखें.

**सचिव**
**संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली**

CBC 09114/11/0007/2627 EN 17/85

---

## धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)
(मध्य प्रदेश अधिनियम क्रमांक 24, वर्ष 2018 द्वारा स्थापित)
बी.आर.बी.आर.ए.आई.टी.टी., परिसर, रिज रोड, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर- 482001 (म.प्र.)
career@mpdnlu.ac.in, 0761-2602222

**सार्वजनिक सूचनाः शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती**

धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश राज्य की आरक्षण नीति के अनुसार निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैः सहायक प्राध्यापक (06ः अजा- 02, अजजा- 02, अपिव-01, ईडब्ल्यूएस-01), सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर (01ः अनारक्षित), निजी सहायक/आशुलिपिक (02ः अनारक्षित-01, अपिव-01), सहायक ग्रेड-III (05ः अनारक्षित-02, अपिव- 01, अजा-01,अजजा-01), बालक छात्रावास अधीक्षक, पुरुष (01ः अनारक्षित) एवं उप यंत्री, सिविल (01ः अनारक्षित). आवेदन **recruitment.mpdnlu.ac.in** पर दिनांक 05.08.2026 (अंतिम तिथि) तक किए जा सकते हैं. वेतनमान, अनिवार्य अर्हताएं एवं नियम व शर्तों सहित विस्तृत विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mpdnlu.ac.in** पर उपलब्ध है.

नोटः अन्य कोई भी वेबसाइट जो विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का दावा करती है, वह अधिकृत नहीं है.

EN 17/70 कुलसचिव

# भारतीय वायु सेना / Indian Air Force

**अग्निवीरवायु (संगीतज्ञ) के रूप में आईएएफ से जुड़ने के लिए 2 एएससी सी/ओ रेस कोर्स कैंप, वायु सेना स्टेशन नई दिल्ली (नई दिल्ली) और 7 एएससी संख्या 1 कब्बन रोड, बैंगलुरु (कर्नाटक) में 31 अगस्त 2026 से 09 सितम्बर 2026 के बीच पूर्वपंजीकृत रैली में प्रस्तुत होने के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है**

## अग्निवीरवायु (संगीतज्ञ) इंटेक 01/2027

**CAUTION**

भारतीय वायु सेना में चयन 'सही और पारदर्शी' है और केवल योग्यता पर है. भारतीय वायु सेना में चयन या भर्ती के लिए किसी को भी किसी भी स्तर पर रिश्वत देना अपेक्षित नहीं है. उम्मीदवार, भर्ती/चयन एजेंट का रूप धारण करने वाले व्यक्तियों का शिकार ना बनें.

1. **भारतीय वायु सेना,** अग्निवीरवायु (संगीतज्ञ) के रूप में भारतीय वायु सेना से जुड़ने के लिए भारत के **सभी राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों के सभी जिलों से अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों** के लिए अवसर प्रदान करता है. भर्ती परीक्षा, निम्नलिखित चयन कार्यक्रम के अनुसार **2 एएससी सी/ओ रेस कोर्स कैंप, वायु सेना स्टेशन नई दिल्ली (नई दिल्ली) और 7 एएससी संख्या 1 कब्बन रोड, बैंगलुरु (कर्नाटक)** में आयोजित होगाः

| तिथि | सब स्ट्रीम | गतिविधियां | कवर किए जाने वाले जिले |
|---|---|---|---|
| 31 अगस्त 2026 से 09 सितम्बर 2026 | अग्निवीरवायु (संगीतज्ञ) | शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी) और , अंग्रेजी लिखित परीक्षा, संगीत यंत्रों को बजाने में संगीत प्रवीणता परीक्षा (एमपीटी) | भारत के सभी राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों के सभी जिले |

**2. पूर्व पंजीकृत भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन पंजीकरण वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर 20 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगा और 02 अगस्त 2026 को रात 11 बजे बंद होगा. अंतिम प्रवेश पत्र जारी किए गए केवल पंजीकृत उम्मीदवारों को पूर्व पंजीकृत भर्ती रैली में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी.**

3. भर्ती परीक्षा उक्त दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित होगी. पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही अंतिम प्रवेशपत्र में उल्लिखित तिथि, समय और स्थल के अनुसार रिपोर्ट करना होगा. हालांकि, सीएएसबी ऐसे पूर्व पंजीकृत भर्ती रैली के लिए स्थल आवंटित करने का अधिकार रखता है जो उम्मीदवार के चयन के अनुसार या चयन के अनुसार नहीं हो सकता है.

**नोट:** परीक्षा केन्द्र या चयन परीक्षा की तिथि में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को किसी चूक के बिना अंतिम प्रवेशपत्र में उल्लिखित अनुसार अनुसूचित तथि/समय पर पदनामित रैली स्थल पर रिपोर्ट करना होगा. अपने सफर की योजना बनाते समय उन्हें किसी भी आपातकाल जैसे ट्रेनों का लेट होना, के लिए तैयार रहना होगा.

**चयन परीक्षा, कमीशन्ड अधिकारियों/पायलट/नेवीगेटर/एयरमेन के रूप में चयन के लिए नहीं है.**

### पात्रता मानदंड

**4. जन्मतिथि ब्लॉकः**

4.1. 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2009 (दोनों तिथियां को मिलाकर) के बीच पैदा हुए उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं.

4.2. यदि उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के सभी स्तरों को पार कर जाता है तो नामांकन की तिथि के अनुसार ऊपरी आयु सीमा 22 वर्ष होनी चाहिए.

**5. वैवाहिक स्थिति और गर्भावस्थाः** केवल अविवाहित उम्मीदवार (पुरुष और महिला) अग्निवीर वायु के रूप में नामांकन के लिए पात्र होंगे और उन्हें चार वर्ष की परिभाषित नियुक्ति अवधि के दौरान विवाह ना करने का वचन लेना होगा. प्रशिक्षण, कौशल विकास गतिविधियां, व्यावहारिक के साथ-साथ फॉर्मेटिव आंकलन और नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु की निरंतर सेवा की संगठनात्मक अपेक्षा को मिलाकर अग्निवीरवायु की नियुक्ति की सीमित अवधि को ध्यान में रखते हुए, नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु की लंबी अनुपस्थिति भारतीय वायु सेना की ऑपरेशनल क्षमता को बुरी तरह प्रभावित करेगी. अग्निवीरवायु जो कथित अवधि के दौरान विवाह करते हैं या विवाहित पाए जाते हैं उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा. इसके आगे, केवल अविवाहित अग्निवीरवायु, एयरमेन के रूप में नियमित काडर में चयन के लिए पात्र होंगे. इसके अतिरिक्त महिला उम्मीदवारों को चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के दौरान गर्भवती ना होने का वचन लेना होगा. ऐसी महिला अग्निवीरवायु का गर्भावस्था के कारण निम्न चिकित्सा श्रेणी (एलएमसी) बनने पर उन्हें सेवा से निष्कासित कर दिया जाएगा. गर्भावस्था, महिला अग्निवीरवायु को नियमित काडर में चयन से बाहर कर देगा. नामांकन के समय उम्मीदवारों को उक्त शर्तों को स्वीकार करता स्वैच्छिक वचनपत्र हस्ताक्षर करना होगा.

**6. शैक्षिक योग्यता और संगीत प्रवीणताः**

6.1. **शैक्षिक योग्यताः** पंजीकरण की तिथि के अनुसार किसी भी केन्द्र, राज्य और केन्द्र शासित सरकारी मान्यताप्राप्त स्कूल/बोर्ड से न्यूनतम पास अंकों के साथ मैट्रिक/10वीं पास.

6.2. **संगीत क्षमताः**

6.2.1. उम्मीदवारों के पास टेम्पो, पिच में एक्यूरेसी और एक पूरा गाना गाने के साथ संगीत में प्रवीणता होनी चाहिए. उन्हें एक प्रिपेटरी धुन और नोटेशन अर्थात् स्टाफ नोटेशन/ तबलाचर/टोनिक सोलफा/हिन्दुस्तानी/कार्नेटिक आदि को बनाने में सक्षम होना चाहिए. उम्मीदवारों को व्यक्तिगत यंत्रों को बजाने (यंत्रों के मामले में जहां ट्यूनिंग अपेक्षित है) और वोकल या यंत्रों पर अज्ञात नोट्स मैच करने.

6.2.2. उम्मीदवारों को सूची क या ख में से कोई एक यंत्र बजानेमें प्रवीण होना चाहिएः

**सूची-क**

6.2.2.1 कॉनसर्ट बांसुरी
6.2.2.2. ओबो
6.2.2.3. ईबी/बीबी में क्लेरिनेट
6.2.2.4. ईबी/बीबी में सेक्सोफोन
6.2.2.5. एफ/बीबी में फ्रेंच हॉर्न
6.2.2.6. बी/सी/बीबी में ट्रमपेट
6.2.2.7. बीबी/जी में ट्रॉमबोन
6.2.2.8. बेरीटोन
6.2.2.9. यूफोनियम
6.2.2.10. ईबी/बीबी में बास/ट्यूबा

**सूची ख**

6.2.2.1. कीबोर्ड/ऑर्गन/पियानो
6.2.2.2. गिटार (एकॉस्टिक/लेड/बास)
6.2.2.3. वायलन, वियोला, स्ट्रिंग बास
6.2.2.4. परकशन/ड्रम (एकॉस्टिक/इलैक्ट्रॉनिक)
6.2.2.5. सभी भारतीय शास्त्रीय यंत्र

6.2.3. यह वांछनीय है कि उम्मीदवारों के पास दो यंत्रों को बजाने में प्रवीणता हो (उक्त सूची क और ख में से एक-एक).

6.3. **संगीत अनुभव प्रमाणपत्रः** उम्मीदवारों के पास निम्नलिखित अनुभव प्रमाणपत्रों में से कोई एक होना चाहिएः

6.3.1 मान्यताप्राप्त संगीत संस्थान जैसे टीसीएल या आरएसएम, केएम म्यूजिक कंजर्वेटरी, बैंगलौर स्कूल ऑफ म्यूजिक, टीएसएम, जीएमआई, बर्कली स्कूल ऑफ म्यूजिक आदि से एक यंत्र में ग्रेड 5वीं या समकक्ष या ऊपर. **या**

6.3.2. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दुस्तानी या कार्नेटिक शास्त्रीय संगीत बजाने वो उम्मीदवारों के लिए संगीत के क्षेत्र में डिप्लोमा या समकक्ष.

6.3.3 विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता प्रमाणपत्र/प्राप्त पुरस्कार. ऐसे उम्मीदवारों के लिए शैक्षिक क्यूआर में उल्लिखित अनुसार स्टाफ नोटेशन के साथ यंत्र बजाने/निष्पादन.

**7. अनिवार्य चिकित्सा मानकः** अग्निवीरवायु पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए सामान्य चिकित्सा मानक निम्नानुसार हैः

7.1. **लंबाईः**

7.1.1. **पुरुष उम्मीदवारों के लिएः** न्यूनतम स्वीकार्य लंबाई 162.5 सेमी है.

7.1.2. **महिला उम्मीदवारों के लिएः** न्यूनतम स्वीकार्य लंबाई 152 सेमी है. उत्तर पूर्व या उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 147 सेमी की न्यूनतम लंबाई स्वीकार्य है. लक्षद्वीप से उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम लंबाई 150 सेमी है.

**नोटः** उत्तरपूर्व/उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों/लक्षद्वीप के अधिवासी रहने के लिए लंबाई में छूट का लाभ लेने वाले उम्मीदवारों को भर्ती रैली के समय अधिवास ओहदे के समर्थन के साथ अधिवास प्रमाणपत्र जमा करना होगा. **उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से उम्मीदवारों को अपने अधिवास प्रमाणपत्र में पहाड़ी क्षेत्र का विशिष्ट समर्थन होना चाहिए.**

7.2. वजनः लंबाई और आयु के अनुरूप.

7.3. **सीनाः**

7.3.1. **पुरुष उम्मीदवारों के लिएः** सीना, सही अनुपातिक और सही से विकसित होना चाहिए. न्यूनतम सीने का घेरा 77 सेमी और सीना फुलाने पर कम से कम 05 सेमी बढ़ना चाहिए.

7.3.2. **महिला उम्मीदवारों के लिएः** सीने को आनुपातिक होने के साथ 05 सेमी के विस्तार की न्यूनतम रेंज के अनुरूप होनी चाहिए.

7.4. **सुननाः** उम्मीदवारों के पास सामान्य सुनने की क्षमता होनी चाहिए अर्थात् प्रत्येक कान से 6 मीटर की दूरी से फुसफुसाहट सुनने में सक्षम होना चाहिए.

7.5. **डेंटलः** स्वस्थ मसूड़े, दांतों का अच्छा सेट और न्यूनतम 14 डेंटल प्वाइंट्स होने चाहिए. डेंटल इम्प्लांट्स और इंप्लांट समर्थित प्रोस्थेसिस को डेंटल प्वाइंट पुरस्कृत नहीं किए जाएंगे. **स्थायी रूप से जुड़े या निकलने वाले ऑर्थोडॉन्टिक एप्लाएंसेज पहनने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा.**

7.6. **सामान्य स्वास्थ्यः** उम्मीदवार को वायु सेना के लिए फिट होना चाहिए, चिकित्सा मानकों के अनुरूप् होना चाहिए और उम्मीदवार की किसी उपांग की हानि के बिना सामान्य एनाटोमी का होना चाहिए. उसे किसी भी सक्रिय या लेटेंट, एक्यूट या क्रोनिक, चिकित्सा या सर्जिकल डिसेबिलिटी या संक्रामक बीमारी, संक्रमण और त्वचा बीमारी से मुक्त होना चाहिए. उम्मीदवार को विश्व के किसी भी भाग, किसी भी मौसम और किसी भी क्षेत्र में काम करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए.

7.7. **स्त्रीरोग संबंधी जांच (महिला उम्मीदवारों के लिए):** जांच में बाहरी जेनिटेलिया, हर्निया ओरिफिसिज और पेरिनियम, स्ट्रेस यूरिनरी इनकनटिनेंस या जेनिटल प्रोलैप्स आउटसाइड इन्ट्रोइटस का कोई भी प्रमाण शामिल है.

7.8. **लिंगः** यदि किसी भी उम्मीदवार में बाहरी शारीरिक जांच होने पर प्रमाण के रूप में विपरीत लिंग के प्रमुख लक्षण पाए जाते हैं तो उसे अस्वस्थ घोषित कर दिया जाएगा. कोई भी उम्मीदवार जिसकी लिंग रिअसाइनमेंट सर्जरी हुई है उसे **अस्वस्थ** घोषित किया जाएगा.

7.9. **गर्भावस्था (महिला उम्मीदवारों के लिए):** यदि कोई भी उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी.

7.10. **दृष्टि मानकः**

| विज्युअल एक्यूटी | रिफ्रेक्टिव एरर की अधिकतम सीमा | कलर विजन |
|---|---|---|
| 6/12 प्रत्येक आंख, प्रत्येक आंख 6/6 तक करैक्टबल | हाइपरमेट्रोपियाः +2.0 डी<br>मायोपियाः 1 डी<br>± 0.50 डी एस्टिगमेटिज्म सहित | सीपी-II |

**नोटः**

7.10.1 यदि प्रयोग किया गया है, उम्मीदवारों को करेक्टेड दृष्टि के लिए प्रिस्क्रिप्शन (एक माह से पुराना नहीं) और चश्मा लाना होगा. प्रिस्क्रिप्शन में डायोप्टर नाप, नेत्र विशेषज्ञ की पंजीकरण संख्या, मुहर, हस्ताक्षर और नाम होना चाहिए. प्रिस्क्रिप्शन की तिथि, चिकित्सा परीक्षा के लिए प्रस्तुत होने से एक माह पूर्व के अंदर की होनी चाहिए.

7.10.2. लेसिक/पीआरके के इतिहास के साथ उम्मीदवारों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

7.11. चिकित्सा मानकों का विवरण सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है.

**8. मादक पदार्थों और मनःप्रभावी औषधियों का सेवन (एनडीपीएस):** एनडीपीएस अधिनियम 1985 के अधीन प्रतिबंधित मादक पदार्थों और मनःप्रभावी औषधियों का सेवन, **भारतीय वायु सेना में चयन के लिए अस्वीकृत मानदंड होगा.** जो अग्निवीरवायु नामांकन के बाद ऐसे औषधियों और पदार्थों के धारक या भंडारण या वितरण या सेवन करते हुए पाए जाते है तो वे भारतीय वायु सेना से निष्कासन सहित अनुशासनिक कार्यवाई के लिए बाध्य होंगे. **भारतीय वायु सेना में मदिरा सेवन और पदार्थ सेवन के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाती है.**

**9. शरीर के टैटूः** स्थायी शरीर के टैटू की अनुमति नहीं है, हालांकि केवल बांह के अंदर की तरफ (कोहनी के अंदर की तरफ से कलाई तक), हाथ के पीछे/हथेली के पीछे और टैटू के साथ जनजातीय जो उनके जाति के रीति और रिवाज के अनुसार हैं, पर विचार किया जा सकता है. अभद्र, अश्लील, अप्रिय, सेक्सिस्ट या जातिवाद टैटू शरीर पर कहीं भी होने पर प्रतिबंधित है. हालांकि एक टैटू को स्वीकार या अस्वीकार करने पर विचार करने का अधिकार चयन केन्द्र के पास है. **स्थायी शरीर टैटू के साथ उम्मीदवारों को परीक्षण के दूसरे फेज के दौरान टैटू के आकार और प्रकार के विवरण के साथ दो पोस्टकार्ड आकार फोटो (पास और दूर) जमा करने होंगे.**

**10. केवल सिख उम्मीदवार,** जिनका धर्म बाल कटवाने या चेहरे की शेव करने की अनुमति नहीं देता उन्हें बाल बढ़ाने और/या दाढ़ी और मूंछें रखने की अनुमति होगी. उसके अनुसार, वो सिख उम्मीदवार जो रखी गई विशिष्टताओं के अनुसार इसे रखना चाहता हैं उन्हें दाढ़ी और मूंछों के साथ अपनी फोटो लानी होगी.

**11.भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/अन्य किसी संगठन से सेवामुक्त उम्मीदवार, कोई भी गलत प्रविष्टि के साथ उनकी सेवामुक्ति पर भी पात्र होंगे.** ऐसे उम्मीदवार को घोषित करना होगा कि वह उक्त कथित संगठन का भूतपूर्व कर्मचारी है और मूल सेवामुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है. सेवारत उम्मीदवारों के मामले में उनके पास रैली के समय अपने नियोक्ता से एनओसी धारक होना चाहिए. यदि उम्मीदवार भूतपूर्व कर्मचारी होने या नियुक्त होने के तथ्य को छिपाता है तो उसकी उम्मीदवारी को चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर निरस्त कर दिया जाएगा और यदि चयनित होता है तो वह अपने रोजगार के तथ्य को छिपाने के लिए वह सेवा से निकाल दिए जाने के लिए बाध्य होगा. **किसी भी कारण से भारतीय वायु सेना से सेवामुक्त उम्मीदवार रैली में प्रस्तुत होने के लिए पात्र नहीं हैं. दुर्व्यवहार या किसी भी अनुचित गतिविधि के कारण किसी भी पूर्व वायु सेना परीक्षा से स्थायी रूप से निकाले गए उम्मीदवार रैली में प्रस्तुत होने के पात्र नहीं हैं. यदि आगे किसी स्तर पर पाया जाता है तो उम्मीदवारी स्वतः निरस्त हो जाएगी.**

**12. संगीत यंत्र, लेखन सामग्री और अपेक्षित दस्तावेजः** उम्मीदवारों को निम्नलिखित लाना होगाः

12.1. उक्त पैरा 6.2.2 में उल्लिखित अनुसार सूची 'क' और 'ख' से व्यावहारिक परीक्षा के लिए संगीत यंत्र.

12.2. एचबी पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, ग्लू स्टिक, स्टैपलर, और लिखने के लिए काला/नीला बॉल प्वाइंट पेन.

12.3. अंतिम प्रवेश पत्र का कलर प्रिंटआउट.

12.4. ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण होने पर डाउनलोड किए गए विधिवत भरे गए आवेदन पत्र का कलर प्रिंट आउट.

12.5. आठ असत्यापित हाल (एक माह से पहले का नहीं होना चाहिए) पासपोर्ट आकार फोटो (सिख को छोड़कर पगड़ी के बिना हल्की पृष्ठभूमि में सामने से फोटो). फोटो को उम्मीदवार द्वारा अपने सीने के आगे हाथ में एक काली स्लेट पकड़े हुए जिसपर अपना नाम और ली गई फोटो की तिथि, बड़े अक्षरों में सफेद चाक से साफ-साफ लिखा हो, के साथ खिंचवाई जाए.

12.6. मैट्रिक पास प्रमाणपत्र और अंकतालिका की मूल या डिजिलॉकर सत्यापित प्रिंट आउट व चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां.

12.7. उम्मीदवारों को उक्त पैरा 6.3 में उल्लिखित अनुसार संगीत के क्षेत्र में संगीत अनुभव प्रमाणपत्र की मूल व चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां लानी होगी.

**BEWARE: IMPERSONATORS WILL BE PROSECUTED**

(शेष पृष्ठ 23 पर )

(पृष्ठ 22 का शेष)

12.8. सेवारत वायु सेना कार्मिक के बच्चों के लिए विधिवत भरे वायु सेना कार्मिक बालक (सीओएएफपी) प्रमाणपत्र (**https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध प्रारूप) की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां **(या)** अधिकारी/एयरमेन/एनसी (ई) के मामले में सेवा पुस्तिका/सेवामुक्ति पुस्तिका/आकस्मिक सेवा **प्रमाणपत्र/सेवा** विवरण प्रमाणपत्र (लागू अनुसार डीपीओ-3/डीएवी से जारी) की मूल और चार स्वसत्यापित प्रतियां और सेवानिवृत्त/दिवंगत/सेवामुक्त वायु सेना कार्मिक के बच्चों के लिए सिविलियन के मामले में एक प्रमाणपत्र ओआईसी सिविल प्रशासन द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और अंतिम सेवारत इकाई के सीओ/सी प्रशासन ओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित.

12.9. किसी भी सरकारी संगठन में वर्तमान में सेवारत उम्मीदवारों के लिए नियोक्ता से मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां (यदि लागू है).

12.10. **भारतीय सेना/नौसेना/अन्य किसी सरकारी संगठन से सेवामुक्त उम्मीदवार.** सेवामुक्ति प्रमाणपत्र की मूल और चार स्वसत्यापित फोटो कॉपी (जैसाकि भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/सरकारी संगठन द्वारा जारी किया गया हो).

12.11. उक्त पैरा 9 के अनुसार शरीर के टैटू फोटो.

12.12. एनसीसी 'क', 'ख' या 'ग' प्रमाणपत्र (यदि लागू है) की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां.

12.13. इकाई/स्टेशन से प्राप्त अनुमति पत्र की प्रति (केवल सेवारत एजीवी एनसी के लिए लागू)

**नोट 1: मूल, हाथ से हस्ताक्षरित एनसीसी प्रमाणपत्र पर क्रम संख्या, जारी करने वाली प्राधिकारी की गोल मुहर और हस्ताक्षर करने वाली प्राधिकारी की मुहर होनी चाहिए. प्रमाणपत्र पर चिपकाया गया फोटो मुहर के साथ जारी करने वाली प्राधिकारी द्वारा सत्यापित की होनी चाहिए.**

**नोट 2: मूल डिजिटल हस्ताक्षरित एनसीसीप्रमाणपत्र के साथ क्यूआर कोड भी स्वीकार किए जाते हैं.**

**नोट 3: किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों को उक्त पैरा 12 में उल्लिखित मूल शैक्षिक अंकतालिका/पास प्रमाणपत्र और दस्तावेज के बिना रैली में प्रस्तुत होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. हालांकि शैक्षिक अंकतालिका/पास प्रमाणपत्र की फोटोप्रतियां, कॉलेज/संस्था के प्रधानाचार्य से प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ही कि मूल शैक्षिक प्रमाणपत्र/अंकतालिका कॉलेज/संस्था में जमा हैं, रैली में प्रस्तुत करने की अनुमति होगी.** डिजिलॉकर प्रमाणित प्रमाणपत्रों को स्वीकार किया जाएगा. उम्मीदवारों को डिजिलॉकर प्रमाणित प्रमाणत्र का प्रिंट आउट लाना होगा और चयन टीम द्वारा सत्यापन के दौरान डिजिलॉकर में इस प्रमाणपत्र को दिखाने के लिए मोबाइल फोन को दिखाना होगा.

12.14. **पीएफटी और चिकित्सा परीक्षाओं के लिए अनुमति पत्र:** उम्मीदवारों को 'अनुमति पत्र' (नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार) को रैली स्थल पर आना होगा और पीएफटी के आयोजन से पहले जमा करना होगा. 18 वर्ष से कम के उममीदवारों को अपने माता पिता /अभिभावक से अनुमति पत्र हस्ताक्षरित कराने होंगे. 18 वर्ष से अधिक के उम्मीदवार अनुमति पत्र खुद हस्ताक्षरित कर सकते हैं.

**शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षा और चिकित्सा परीक्षा के लिए अनुमति पत्र**
**(18 वर्ष की आयु से कम के उम्मीदवारों के संदर्भ में लागू)**

'मैं.......................... (उम्मीदवार का नाम) पुत्र/पुत्री..........................(पिता/माता/अभिभावक का नाम), जन्मतिथि............. (18 वर्ष की आयु से अधिक के उम्मीदवारों के लिए) एतद्द्वारा खुद के रिस्क पर भारतीय वायु सेना में चयन के लिए निर्धारित अनुसार शारीरिक/ चिकित्सा परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुमति देता हूं. मैं जानता हूं कि किसी भी चोट, यदि कोई, के संदर्भ में किसी भी रूप में किसी भी मुआवजे का दावा नहीं करूंगा. **या**

'मैं,..............................पिता/माता/अभिभावक.................................(उम्मीदवार का नाम) जिसकी जन्मतिथि ........................... है (18 वर्ष से कम के उम्मीदवार के लिए लागू) एतद्द्वारा अपने रिस्क पर भारतीय वायु सेना में चयन के लिए निर्धारित अनुसार शारीरिक/चिकित्सा परीक्षा में प्रस्तुत होने के लिए बेटे/बेटी/बच्चे को अपनी अनुमति देता हूं.

**उम्मीदवार/ *माता पिता/ *अभिभावक के हस्ताक्षर**....................

**उम्मीदवार/माता पिता/अभिभावक के नाम**.............................

**स्थान:** **उम्मीदवार के साथ रिश्ता**...........................................

**तिथि:** **माता/पिता/अभिभावक का मोबाइल** नंबर.........................

**नोट:** 18 वर्ष से कम की आयु के उम्मीदवारों को अपने माता पिता/अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित अनुमति पत्र लाना होगा. हालांकि 18 वर्ष से अधिक के उममीदवार खुद अनुमति पत्र हस्ताक्षरित कर सकते हैं.

**नियम व शर्तों**

13. अग्निवीरवायु को **चार वर्ष** की अवधि के लिए वायु सेना अधिनियम 1950 के अधीन भारतीय वायु सेना में नामांकित किया जाएगा. अग्निवीरवायु की अन्य किसी मौजूदा रैंकों से अलग भारतीय वायु सेना में एक अलग रैंक होगी. भारतीय वायु सेना, चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के पार अग्निवीरवायु को रखने के लिए बाध्य नहीं होगी.

14. चार वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर भारतीय वायु सेना द्वारा लागू संगठन की अपेक्षाओं और नीतियों के आधार पर अग्निवीरवायु को एयरमेन के रूप में भारतीय वायु सेना के नियमित काडर में नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर दिया जाएगा. इन आवेदनों को उनके चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के दौरान निष्पादन सहित वस्तुनिष्ठ मानदंड के आधार पर एक केन्द्रीयकृत तरीके में विचार किया जाएगा और अग्निवीरवायु के प्रत्येक विशिष्ट बैच के 25% को भारतीय वायु सेना के नियमित काडर में नामांकित किया जाएगा. **अग्निवीरवायु के पास भारतीय वायु सेना में आगे के नामांकन के लिए चयनित होने का अधिकार नहीं होगा. आगे के नामांकन के लिए अग्निवीरवायु का चयन, यदि कोई है, भारत सरकार के विवेक पर होगा.**

15. **रोज़गार:** संगीतज्ञ के रूप में आप वायु सेना बैंड का एक हिस्सा बनेंगे. यदि आप संगीतज्ञ के रूप में वायु सेना से जुड़ते हैं तो आपको विभिन्न वाद्य यंत्रों को बजाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस प्रविष्टि के अधीन नामांकित अग्निवीरवायु, भारतीय वायु सेना के विवेक पर संगठन के हित में कोई भी ड्यूटी सौंपी जा सकती है.

16. **प्रशिक्षण:** नामांकित होने पर अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना अपेक्षाओं के आधार पर मिलिट्री प्रशिक्षण दिया जाएगा.

17. **छुट्टी:** भारतीय वायु सेना के आपातकाल पर छुट्टी प्रदान की जाएगी. निम्नलिखित छुट्टी, उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु के लिए लागू है:

17.1. **वार्षिक छुट्टी:** 30 दिन प्रति वर्ष.

17.2. **बीमारी की छुट्टी:** चिकित्सा सलाह पर आधारित.

18. **चिकित्सा और सीएसडी सुविधाएं:** भारतीय वायु सेना में उसकी नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु, सेवा अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ सीएसडी प्रावधानों का हकदार होगा.

19. **वेतन, भत्ते और संबद्ध लाभ:** इस योजना के अधीन नामांकित अग्निवीरवायु को निश्चित वार्षिक वृद्धि के साथ रुपये 30,000/- प्रति माह का अग्निवीरवायु पैकेज का भुगतान किया जाएगा. इसके अतिरिक्त जोखिम और हार्डशिप भत्ते (आईएएफ में लागू अनुसार), वर्दी और यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाएगा. अनुलब्धियां जैसे राशन, कपड़े, आवास और छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी) भी मौजूदा नियमों के अनुसार प्रदान किया जाएगा.

20. **टर्मिनल लाभ-सेवा निधि पैकेज:** अग्निवीरवायु को नीचे अंकित अनुसार एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज दिया जाएगा जिसमें उनकी नियुक्ति अवधि के पूर्ण होने पर सरकार द्वारा समान योगदान के साथ उनका मासिक योगदान शामिल होगा:

| वर्ष | कस्टमाइज़्ड पैकेज (मासिक) | हाथ में (70%) | अग्निवीर कॉर्पस निधि में योगदान (30%) | भारत सरकार द्वारा कॉर्पस निधि में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| **सभी अंक रुपये में (मासिक योगदान) (लगभग)** | | | | |
| प्रथम वर्ष | 30,000/- | 21,000/- | 9,000/- | 9,000/- |
| दूसरा वर्ष | 33,000/- | 23,100/- | 9,900/- | 9,900/- |
| तीसरा वर्ष | 36,500/- | 25,550/- | 10,950/- | 10,950/- |
| चौथा वर्ष | 40,000/- | 28,000/- | 12,000/- | 12,000/- |
| **सभी अंक रुपये में (मासिक योगदान) (लगभग)** | | | | |
| चार वर्ष के बाद अग्निवीर कॉर्पस निधि में कुल योगदान | | | रुपये 5.02 लाख | रुपये 5.02 लाख |
| 4 वर्ष के बाद निकास | सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग रुपये 10.04 लाख (संपूर्ण राशि ब्याज के बिना) | | | |

**नोट 1:** अग्निवीरवायु को सरकार के किसी भी भविष्य निधि में कोई भी योगदान देने की आवश्यकता नहीं है.

**नोट 2:** ग्रेच्युटी और किसी भी प्रकार के पेंशन लाभ का हकदार नहीं होगा.

21. **बीमा, मृत्यु और असमर्थता मुआवजा:** अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु के रूप में उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान अवधि के लिए रुपये 48 लाख का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा. अग्निवीरवायु, भारतीय वायु सेना के लिए पेंशन विनियमों/नियमों में समाहित प्रावधानों द्वारा शासित नहीं होंगे. मृत्यु/असमर्थता मुआवजे के विवरण के लिए **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर लॉग ऑन करें.

22. **'अग्निवीर कौशल प्रमाणपत्र':** नियुक्ति अवधि के समाप्त होने पर एक विस्तृत कौशल-सेट प्रमाणपत्र अग्निवीरवायु को प्रदान किया जाएगा जिसमें उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान कार्मिक द्वारा प्राप्त सक्षमता का कौशल और स्तर दर्शाया गया होगा.

23. **'भूपूसै ओहदे का हकदार नहीं':** इस योजना के अधीन नामांकित अग्निवीरवायु, चार वर्ष की नियुक्ति अवधि पूर्ण करने पर सेवा से उनकी सेवामुक्ति के बाद भूतपूर्व सैनिक ओहदे के लिए पात्र नहीं होंगे.

24. अग्निवीरवायु को चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के दौरान रक्षा सेना (अधिकतम पांच प्रयास) में सभ कमिशनिंग परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी बशर्ते वे ऐसा करने के लिए अनुमति प्राप्त करने के लिए कुछ शर्तों को पूरा करते हैं. अग्निवीवायु जिन्होंने भारतीय वायु सेना में अपने नामांकन से पहले किसी सरकारी परीक्षा में आवेदन किया है तो उन्हें इस परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी.

25. नियुक्ति अवधि के पूर्ण होने से पूर्व रीलीज़ होने का अनुरोध अग्निवीरवायु के लिए स्वीकार्य नहीं है. हालांकि आपवादिक मामलों में अग्निवीरवायु के रूप में नामांकित कार्मिक को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर रीलीज़ किया जा सकता है.

**चयन प्रक्रिया**

26. **पात्रता का सत्यापन:** शैक्षिक प्रमाणपत्रों (10वीं पास प्रमाणपत्र, अंकतालिका) और अन्य अपेक्षित लागू मूल दस्तावेज जैसे एनसीसी 'ए', 'बी' या 'सी' प्रमाणपत्र, सेवारत वायु सेना कार्मिक के बच्चे (सीओएएफपी) प्रमाणपत्र, **(या)** सेवामुक्ति पुस्तिका, सेवा पुस्तिका, सेवा विवरण प्रमाणपत्र/आकस्मिक सेवा प्रमाणपत्र **(या)** सेवामुक्ति प्रमाणपत्र (यदि सेना/नौसेना /सरकारी संगठन से सेवामुक्त हुए हैं), अनुमति पत्र, पासपोर्ट आकार कलर फोटो और संगीत में अनुभव प्रमाणपत्र (उक्त पैरा 6.3 के अनुसार) के मूल या डिजिलॉकर प्रमाणित प्रिंटआउट अपेक्षित हैं और प्रथमदृष्टया पात्रता को सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी) के शुरू होने से पहले रैली स्थल पर जांच/सत्यापित किए जाएंगे. उम्मीदवार जो रखे गए शैक्षिक मानदंड को पूरा नहीं करते हैं उन्हें शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी) के आयोजन से पूर्व मूल या डिजिकॅर प्रमाणित प्रमाणपत्रों या अंकतालिकाओं के **आरंभिक सत्यापन** के दौरान अस्वीकार कर दिया जाएगा और लिखित परीक्षा के पास करने पर **विस्तृत सत्यापन** के दौरान भी या बाद के किसी भी स्तर पर अपात्र पाए जाने पर.

**नोट 1: मूल पास प्रमाणपत्र/अंकतालिकाओं को चयन केन्द्र द्वारा रखा नहीं जाएगा.इसे उम्मीदवारों को विस्तृत सत्यापन के पूर्ण होने पर वापस** कर दिया जाएगा.

**नोट 2:** अंकतालिका की इंटरनेट की प्रति स्वीकार्य नहीं है.

**नोट 3: मोबाइल स्नैपशॉट से लिए गए/फोटो इमेज से प्राप्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों का प्रिंटआउट स्वीकार्य नहीं होगा. उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए शैक्षिक प्रामाणपत्रोंकी पढ़ने योग्य फोटोप्रतियां लानी होगी.**

**नोट 4:** उम्मीदवारों को पूर्व पंजीकृत भर्ती रैली के लिए जारी **अंतिम प्रवेश पत्र पर कहीं भी कुछ भी लिखने की** अनुमति नहीं होगी. ऐसे उम्मीदवारों को स्थायी रूप से निकाल दिया जाएगा.

**परीक्षा का अनुक्रम**

**मोबाइल फोन/स्मार्ट वॉच/इलैक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केन्द्र में प्रतिबंधित हैं. मोबाइल फोन/इलैक्ट्रॉनिक उपकरण उम्मीदवारों को स्थायी रूप से निकाल दिया जाएगा.**

27. **शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी):** पीएफटी में दो भाग होंगे, पीएफटी-I और पीएफटी-II.

27.1. पीएफटी-I उम्मीदवारों को पीएफटी-II के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित समय के अनुसार 1.6 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होगी:

| परीक्षा | अधिकतम स्वीकार्य समय | |
|---|---|---|
| | पुरुष उम्मीदवार | महिला उम्मीदवार |
| 1.6 किलोमीटर दौड़ | 07 मिनट के अंदर | 08 मिनट के अंदर |

| **उप प्रबंधक-तकनीकी (जियोलॉजी)** (ई-2) रुपए 50,000-1,60,000/- **सीटीसी-16.69 लाख** 32 **वर्ष** | 1 | जियोलॉजी/ अनुप्रयुक्त जियोलॉजी में एम.एससी डिग्री या जियोलॉजी/अनुप्रयुक्त जियोलॉजी में एम.एससी | मेटालिफेरस खानों में खनन ऑपरेशन्स में 06 वर्ष का अनुभव और एमएमडीआर/एमसीडीआर/एमसीआर आदि के अधीन संबंधित कानूनों से अवगत होना चाहिए. यूएनएफसी दिशानिर्देशों के अनुसार मैपिंग, संसाधन व रिजर्व आंकलन, खुदाई योजना, गुणवत्ता नियंत्रण, उत्पाद रिकंसीलिएशन आदि से अवगत होना चाहिए.नमूना व विश्लेषण के लिए आईएसओ मानकों का अच्छा ज्ञान और खुदाई, योजना, मॉनीटरन और ग्रेड नियंत्रण में प्रयुक्त एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर/ सांख्यिकी उपकरण से अवगत होना एक अतिरिक्त लाभ होगा. संसाधन मॉडलिंग और आंकलन के लिए सॉफ्टवेयर से अवगत होना और ग्रेड नियंत्रण एक लाभ होगा. | 1-आईआरईआरसी, अलूवा, केरल |
| | | **गैर-तकनीकी** | | |
| **वरिष्ठ प्रबंधक** (विधि) (ई-4) रुपए 70,000-2,00,000/- **सीटीसी-23.36 लाख** 38 **वर्ष** | 1 | विधि में स्नातक (एलएलबी) (3 वर्ष की अवधि) या इसके समकक्ष | सरकारी/पीएसयू/औद्योगिक संगठन/ कानून फर्म के विधि विभाग में संविदा प्रबंधन, आर्बिट्रेशन, व रिकंसीलिएशन,खान व खनिज, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण कानून, सिविल व लेबर मामलों से संबंधित मुद्दों को डील करने में न्यूनतम 10 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **प्रबंधक** (विधि)(ई-3) रुपए 60,000-1,80,000/- **सीटीसी-20.02 लाख** 35 **वर्ष** | 3 | | सरकारी/पीएसयू/औद्योगिक संगठन/ कानून फर्म के विधि विभाग में संविदा प्रबंधन, आर्बिट्रेशन, व रिकंसीलिएशन,खान व खनिज, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण कानून, सिविल व लेबर मामलों से संबंधित मुद्दों को डील करने में न्यूनतम 8 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. | 1-छावरा, केरल/ 1-मानवाकुरीची, तमिलनाडु/ 1-ओसकॉम, ओडिशा |
| **वरिष्ठ प्रबंधक** (सुरक्षा) (ई-4) रुपए 70,000-2,00,000/- **सीटीसी-23.36 लाख 38 वर्ष** | 1 | भारतीय सेना में मेजर की रैंक से ऊपर की रैंक में भारतीय रक्षा सेवा से सेवानिवृत्त स्नातक या भारतीय नौसेना/भारतीय वायु सेना/पैरा मिलिट्री सेवाओं जैसे सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एआर, आईटीबीपी, एनएसजी, एसएसजी आदि में समकक्ष ओहदा. | सुरक्षा प्रबंधन में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है.<br>**वांछनीय:**<br>ओडिया भाषा पढ़ना/बोलना.<br>अग्निशमन का ज्ञान/अनुभव | 1-ऑसकॉम, ओडिशा |
| **प्रबंधक** (सुरक्षा) (ई-3) रुपए 60,000-1,80,000/- **सीटीसी-20.02 लाख** 35 **वर्ष** | 1 | भारतीय सेना में कैप्टन की रैंक से ऊपर की रैंक में भारतीय रक्षा सेवा से सेवानिवृत्त स्नातक या भारतीय नौसेना/भारतीय वायु सेना/पैरा मिलिट्री सेवाओं जैसे सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एआर, आईटीबीपी, एनएसजी, एसएसजी आदि में समकक्ष ओहदा. | सुरक्षा प्रबंधन में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है.<br>**वांछनीय:**<br>मलयालम भाषा पढ़ना/बोलना .<br>अग्निशमन का ज्ञान/अनुभव | 1-छावरा, केरल |

(शेष पृष्ठ 30 पर )

(पृष्ठ 29 का शेष)

| पद का नाम/ग्रेड, वेतनमान/ लगभग सीटीसी /ऊपरी आयु सीमा | पद की संख्या | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम संबंधित योग्यता पश्चात् अनुभव (वर्ष में) | पोस्टिंग का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| **वरिष्ठ प्रबंधक (चिकित्सा)**<br>**(ई-4) रुपए 70,000- 2,00,000/-**<br>**सीटीसी-23.36 लाख**<br>**38 वर्ष** | 1 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीबीएस (एलोपैथिक) डिग्री धारक होना चाहिए और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित.<br>औद्योगिक स्वास्थ्य (एआईएफएच) सहअध्यता के साथ उम्मीदवार और/या एमडी(एलोपैथिक प्रणाली) को एमबीबीएस योग्यता के साथ उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित योग्यता पश्चात अनुभव में दो वर्ष की छूट दी जाएगी. | संबंधित क्षेत्र में 10 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव | 1-ओसकॉम, ओडिशा |
| **महाप्रबंधक वित्त**<br>**(ई-7) रुपए 1,00,000- 2,60,000/-**<br>**सीटीसी-33.38 लाख**<br>**50 वर्ष** | 1 | अर्हताप्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट(सीए)/ कॉस्ट अकाउंटेंट (सीएमए) या बी.कॉम और एमबीए (वित्त) या इसके समकक्ष<br>**नोट:** लागू अनुसार अंकों का न्यूनतम 60%/55% की अपेक्षा केवल एमबीए की योग्यता के लिए है. | वित्तीय प्रबंधन, ट्रेजरी ऑपरेशन्स, बजटिंग, अकाउंटिंग, आंतरिक व बाहरी आडिट और संबंधित उद्योगों के अंदर वित्तीय योजना में 20 वर्ष. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **मुख्य प्रबंधक वित्त**<br>**(ई-5) रुपए 80,000- 2,20,000/-**<br>**सीटीसी-26.70 लाख**<br>**42 वर्ष** | 3 | | वित्तीय प्रबंधन, ट्रेजरी ऑपरेशन्स, बजटिंग, अकाउंटिंग, आंतरिक व बाहरी आडिट और संबंधित उद्योगों के अंदर वित्तीय योजना में 13 वर्ष. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय , मुंबई<br>1-मानवलाकुरीची, तमिलनाडु<br>1-छावरा |
| **वरिष्ठ प्रबंधक वित्त**<br>**(ई-4) रुपए 70,000- 2,00,000/-**<br>**सीटीसी-23.36 लाख**<br>**38 वर्ष** | 1 | | वित्तीय प्रबंधन, ट्रेजरी ऑपरेशन्स, बजटिंग, अकाउंटिंग, आंतरिक व बाहरी आडिट और संबंधित उद्योगों के अंदर वित्तीय योजना में 10 वर्ष. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **उप प्रबंधक वित्त**<br>**(ई-2) रुपए 50,000-1,60,000/-**<br>**सीटीसी-16.69 लाख**<br>**32 वर्ष** | 2 | | वित्तीय प्रबंधन, ट्रेजरी ऑपरेशन्स, बजटिंग, अकाउंटिंग, आंतरिक व बाहरी आडिट और संबंधित उद्योगों के अंदर वित्तीय योजना में 05 वर्ष. | 1-मानवाकुरीची, तमिलनाडु<br>1-आरईपीएम, विज़ाग, आंध्र प्रदेश |
| **सहायक प्रबंधक वित्त**<br>**(ई-1) रुपए 40,000- 1,40,000/-**<br>**सीटीसी-13.37 लाख**<br>**28 वर्ष** | 1 | | वित्तीय प्रबंधन, ट्रेजरी ऑपरेशन्स, बजटिंग, अकाउंटिंग, आंतरिक व बाहरी आडिट और संबंधित उद्योगों के अंदर वित्तीय योजना में 02 वर्ष. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **उप महाप्रबंधक-विपणन**<br>**(ई-6) रुपए 90,000-2,40,000/-**<br>**सीटीसी-30.03 लाख**<br>**46 वर्ष** | 2 | किसी भी अनुशासन में बीई/बी.टेक या इसके समकक्ष.<br>**वांछनीय:** बिक्री/विपणन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए या इससे समकक्ष. | व्यवसाय विस्तार सहित व्यवसाय विकास या बाजार अनुसंधान या उत्पाद विकास और सुधार/ ब्रांड पोजिशनिंग/ उत्पाद वितरण/ वाणिज्यिक संविदाओं में पिछले 10 वर्षों के दौरान 16 वर्ष का कुल अनुभव. | 2-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **उप प्रबंधक - बिक्री**<br>**(ई-2) रुपए 50,000- 1,60,000/-**<br>**सीटीसी-16.69 लाख**<br>**32 वर्ष** | 6 | | संस्थागत बिक्री व विपणन, निर्यात और ट्रेडिंग/सेवाओं में 5 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव .खनिज व्यवसाय में जानकारी को प्राथमिकता दी जाएगी. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई/<br>1-छावरा<br>1-मानवलाकुरीची, तमिलनाडु/<br>1-ओसकॉम, ओडिशा/<br>2-रेड, अलूवा, केरल |
| **उप प्रबंधक -विधि व एचआरएम**<br>**(ई-2) रुपए 50,000- 1,60,000/-**<br>**सीटीसी-16.69 लाख**<br>**32 वर्ष** | 1 | विधि में स्नातक (विधि)(3 वर्ष की अवधि) या इससे समकक्ष. स्नातकोत्तर डिग्री (एमबीए/एमए/एमएसडब्ल्यू)/स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ मानव संसाधन प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, औद्योगिक संबंध, संगठनात्मक विकास,मानव संसाधन विकास/ श्रम कल्याण में विशेषज्ञता या इसके समकक्ष वांछनीय होगा. | सरकारी/पीएसयू/औद्योगिक संगठन/ कानून फर्म के विधि विभाग में संविदा प्रबंधन, आर्बिट्रेशन, व रिकंसीलिएशन,खान व खनिज, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण कानून, सिविल व लेबर मामलों से संबंधित मुद्दों को डील करने में न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **उप प्रबंधक-एचआरएम (प्रशासन)**<br>**(ई-2) रुपए 50,000- 1,60,000/-**<br>**सीटीसी-16.69 लाख**<br>**32 वर्ष** | 1 | किसी भी अनुशासन में स्नातक की डिग्री और स्नातकोत्तर डिग्री(एमबीए/एमए/एमएसडब्ल्यू)/स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ मानव संसाधन प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, औद्योगिक संबंध, संगठनात्मक विकास,मानव संसाधन विकास/ श्रम कल्याण में विशेषज्ञता या इसके समकक्ष.<br>**वांछनीय :** विधि में डिग्री.<br>**नोट:** लागू अनुसार अंकों के न्यूनतम 60%/55% की अपेक्षा केवल स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा की योग्यता के लिए होगी. | सामान्य प्रशासन/प्रतिष्ठान/जनसम्पर्क,पासपोर्ट, वीज़ा, परिवहन संबंधित कार्य और मेजबानी की व्यवस्था करवाने वाले सरकारी प्राधिकारियों के साथ सम्पर्क में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **सहायक प्रबंधक-एचआरएम**<br>**(ई-1) रुपए 40,000- 1,40,000/-**<br>**सीटीसी-13.37 लाख**<br>**28 वर्ष** | 4 | | मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम), औद्योगिक संपर्क (आईआर) या सामान्य एचआर कार्यों आदि में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई/<br>1- मानवलाकुरीची, तमिलनाडु/<br>1-छावरा, केरल/<br>1-रेड, अलूवा, केरल |
| **सहायक प्रबंधक-(राजभाषा)**<br>**(ई-1) रुपए 40,000- 1,40,000/-**<br>**सीटीसी-13.37 लाख**<br>**28 वर्ष** | 2 | हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर विषय के रूप में अंग्रेजी.<br>अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर विषय के रूप में हिन्दी. | केन्द्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकायों/सांविधिक संगठन/पीएसयू के अधीन अंग्रेजी से हिन्दी या हिन्दी से अंग्रेजी के तकनीकी और गैर तकनीकी दस्तावेजों के अनुवाद में न्यूनतम 2 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. | 1- मानवलाकुरीची, तमिलनाडु/<br>1-रेड, अलूवा, केरल |
| **सहायक प्रबंधक- (कंपनी सचिव)**<br>**(ई-1) रुपए 40,000- 1,40,000/-**<br>**सीटीसी-13.37 लाख**<br>**28 वर्ष** | 1 | किसी भी अनुशासन में स्नातक. इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) की अंतिम परीक्षा पास की हो और आईसीएसआई की सदस्यता होनी चाहिए.<br>**वांछनीय:** विधि में डिग्री.<br>**नोट:** अंकों के न्यूनतम 60%/55% की अपेक्षा इस पद के लिए लागू नहीं है. | केन्द्रीय पीएसयू /राज्य पीएसयू और या पब्लिक लिमिटेड या सूचीबद्ध कंपनी में सचिवालय विभाग में न्यूनतम 2 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. | 1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |

इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से आरक्षण, आयु मानदण्ड, शैक्षिक योग्यताएं, अनुभव अपेक्षाएं, छूट, पोस्टिंग का स्थान और अन्य संबंधित विवरण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईएल की वेबसाइट **(www.irel.co.in)** के **'करियर'** अनुभाग को देखने का अनुरोध किया जाता है.

कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल आईआरईएल की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा.

**ऑनलाइन आवेदन भरने और शुल्क के भुगतान की तिथि : 20.07.2026 (सुबह 10 बजे) से 10.08.2026 (शाम 6 बजे) तक है.**

**स्थान: मुंबई** **मुख्य महाप्रबंधक (एचआरएम)**

**तिथि:16.07.2026** **EN 17/77**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

# नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

**तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार**

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है:

| क्र. सं. | पदों के नाम | रिक्तियों की संख्या | आयु | मुआवजा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लीड कंसलटेंट – कम्युनिटी प्रोसेसेज / कम्प्रेहैन्सिव प्राइमरी हेल्थकेयर, एनएचएसआरसी | 01 | 55 वर्ष और उससे कम | रु. 1,30,000/– से रु. 1,70,000/– के मध्य |

**योग्यता और अनुभव :** आवश्यक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) **www.nhsrcindia.org**, **www.mohfw.gov.in** और **www.devnetjobsindia.org** पर उपलब्ध हैं। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही जमा किए जाने चाहिए (जैसा कि वेबसाइट पर बताया गया है)। आवेदन की अंतिम तिथिः **4 अगस्त 2026**

EN 17/50

**कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी**

---

# Indian Institute of Corporate Affairs

*Partners in Knowledge. Governance. Transformation.*
*Ministry of Corporate Affairs, Govt. of India*

भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान, जो कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है, यहां निम्नलिखित पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद | प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती के मामले में 7वें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स | संख्या पद की | श्रेणी (सीधी भर्ती के मामले में) |
|---|---|---|---|
| प्रमुख, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम केंद्र | पे मैट्रिक्स का लेवल-13 [रु. 1,23,100-2,15,900] **या** कुल संविदागत आय रु. 1,75.000/- से रु. 2,25,000/-(पूरी तरह से संविदात्मक मामले में). | 1 | सामान्य श्रेणी (आवेदन की अंतिम तारीखः **07.09.2026**) |

**पोस्ट का नामः प्रमुख, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम केंद्र**

**डिप्यूटेशन पर नियुक्ति** की स्थिति में **योग्यताएं: जरूरी:** अधिकारी जिन्होंने 7वें सीपीसी के अनुसार लेवल 12 (पूर्व-संशोधित ग्रेड पे रु. 7600) के पद में पांच साल की सेवा पूरी कर ली है और संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव रखते हैं या 7 वें सीपीसी के अनुसार लेवल 11 (पूर्व-संशोधित ग्रेड पे रु. 6600) में दस साल की सेवा पूरी की है और संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव रखते हैं.

**शुद्ध रूप से अनुबंध/प्रत्यक्ष भर्ती पर नियुक्ति के मामले में योग्यताएं:** जरूरी: संबंधित क्षेत्र में पोस्टग्रेजुएट डिग्री और कम से कम 10 साल का अनुभव.

**उम्र:** डिप्यूटेशन/डीआर के मामले में अधिकतम 56 साल तक और केवल संविदानुसार मामले में 68 साल तक.

आवेदन फॉर्म IICA की वेबसाइट **www.iica.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और इसे "**प्रशासनिक अधिकारी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, प्लॉट नंबर 6,7 & 8, सेक्टर-5, IMT मानेसर, जिला - गुरुग्राम, हरियाणा -122052**" पर आवेदन की अंतिम तिथि से पहले भेजा जा सकता है. अन्य विस्तृत शर्तें वेबसाइट पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में देखी जा सकती हैं.

EN 17/22

---

# केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद्

**(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)**
**61 -65, संस्थागत क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली- 110058**
**फोन: 011-285204329, 30, 31, 32, 28522002,**
**ई-मेल : ccryn.goi@gmail.com**
**वेबसाइट : https://www.naturopathyday.in/**

## रिक्ति सूचना

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय, **केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद** में **प्रतिनियुक्ति आधार / अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर** वेतन लेवल - 10 (रु. 56,100 - 1,77,500/-) [पूर्व संशोधित पीबी - 3, रु. 5400/- ग्रेड पे] में **प्रशासन-सह-लेखा अधिकारी** के एक पद को भरने के लिए पात्र (योग्य) बोनफ़ाइड भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवश्यक पात्रता मानदंड और अन्य सामान्य नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया के.यो.प्रा.चि.अ.प. की वेबसाइट **https://www.naturopathyday.in/** पर रिक्ति शीर्षक के अंतर्गत जाएँ और देखें।

पात्र और इच्छुक व्यक्ति के.यो.प्रा.चि.अ.प. की वेबसाइट **https://www.naturopathyday.in/** पर उपलब्ध फार्मेट में आवेदन कर सकते हैं और 'रोज़गार समाचार' में विज्ञापन जारी होने की तिथि से **45 दिनों** के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत पूरा आवेदन पत्र के.यो.प्रा.चि.अ.प. के निदेशक को भेज सकते हैं। केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकायों/विश्वविद्यालयों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। पात्रता मानदंड और आवेदन पत्र के निर्धारित प्रोफार्मा के बारे में विवरण के.यो.प्रा.चि.अ.प. की वेबसाइट: **https://www.naturopathyday.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है।

कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल परिषद की वेबसाइट **https://www.naturopathyday.in/** पर ही पोस्ट किया जाएगा।

**(डॉ. ज्योति केसवानी)**
**निदेशक, के.यो.प्रा.चि.अ.प.**

EN 17/58

---

# चलार्थ पत्र मुद्रणालय, नाशिक

**(सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड)**
**मिनीरत्न श्रेणी-1 सीपीएसई**
**(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)**
**आई.एस.ओ.9001:2015 एवं आई.एस.ओ 14001:2015 प्रमाणित इकाई**
**जेल रोड, नाशिक रोड (महाराष्ट्र)-422 101**

**विज्ञापन सं. सीएनपी/एचआर/सलाहकार (सिविल)-संविदागत और पैनल में शामिल करना/02/2026**

चलार्थ पत्र मुद्रणालय, नाशिक (महाराष्ट्र)(एसपीएमसीआईएल की एक इकाई), मिनीरत्न श्रेणी-1 सीपीएसई,भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन, दैनिक आधार पर सलाहकार के पैनल में शामिल करने और निश्चित अवधि संविदा आधार पर निम्नलिखित सलाहकार की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

**1. संविदा आधार पर 01 सलाहकार (सिविल) की नियुक्ति हेतु:**

i) 01 सलाहकार (सिविल) की नियुक्ति शुरू में 01 वर्ष के लिए निश्चित अवधि संविदा आधार पर होगी, जिसे निष्पादन आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

ii) अधिक विवरण अर्थात् अनिवार्य योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, आवेदन प्रारूप, ड्यूटी और मॉडल संविदा और मेहनताना जैसे अधिक विवरण के लिए, कृपया आधिकारिक वेबसाइट **https://cnpnashik.spmcil.com** देखें.

iii) **आयु सीमा:** सलाहकार को आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात् 30.7.2026 के अनुसार 64 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए.

iv) **साक्षात्कार की तिथि और समय:** 10/08/2026 को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक.

v) **तात्कालिक साक्षात्कार का स्थल:** चलार्थ पत्र मुद्रणालय, जेल रोड, नाशिक रोड (महाराष्ट्र)-422 101

vi) इच्छुक उम्मीदवारों को एतद्द्वारा सलाह दी जाती है कि साक्षात्कार के समय जन्मतिथि, शैक्षिक योग्यताओं, अनुभव, पहचान प्रमाण अर्थात् आधार और अन्य सरकारी पहचान आदि के समर्थन में स्वसत्यापित फोटोप्रतियों के एक सेट के साथ मूल प्रमाणपत्र साथ लाएं.

**नोट:** किसी भी अपडेट/संशोधन के लिए, कृपया चलार्थ पत्र मुद्रणालय, नाशिक की आधिकारिक वेबसाइट देखें.

**2. दैनिक आधार पर 02 सलाहकार (सिविल) के पैनल में शामिल करने के लिए:**

i) दैनिक आधार पर सिविल कार्य पैनल के लिए 02 सलाहकार (सिविल) को पैनल में शामिल करने के लिए शुरू में 01 वर्ष के लिए होगी जिसे निष्पादन आधार पर बढ़ाया जा सकता है, सलाहकार को चिकित्सीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए और फील्ड विजिट और तकनीकी निरीक्षण करने में सक्षम होना चाहिए.

ii) अधिक विवरण अर्थात् अनिवार्य योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, आवेदन प्रारूप, डयूटी और मॉडल संविदा, ऑनरेरियम और संविदा अवधि के लिए, कृपया आधिकारिक वेबसाइट **https://cnpnashik.spmcil.com** देखें.

iii) **आयु सीमा:** सलाहकार को आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात् 30.7.2026 के अनुसार 64 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए.

iv) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, डाक द्वारा **10.08.2026** को या उससे पहले अर्थात् रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **15 दिन** है.

v) उम्मीदवार को मुख्य महाप्रबंधक, चलार्थ पत्र मुद्रणालय, जेल रोड, नाशिक रोड (महाराष्ट्र)-422101 के पास डाक द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा.

**नोट:** किसी भी अपडेट/संशोधन के लिए, कृपया चलार्थ पत्र मुद्रणालय, नाशिक की आधिकारिक वेबसाइट देखें.

**Jt.GM (HR)**
**For CGM**

EN 17/56

**म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड**
भारत सरकार का उद्यम
रक्षा मंत्रालय

**Munitions India Limited**
A Govt. of India Enterprise
Ministry of Defence

**भर्ती सूचना/Recruitment Notice**

**अनुबंध (टेन्यौर) आधार पर हिंदी अधिकारी की नियुक्ति/ Engagement of Hindi Officer on Tenure Basis**

**म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड** में कार्यकाल (टेन्यौर) आधारित नियुक्ति हेतु **"हिंदी अधिकारी"** के **01 (एक) पद** पर पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है. / Applications are invited from eligible candidates for engagement of **01 (One) "Hindi Officer"** on Tenure Basis at **Munitions India Limited (MIL)**.

**पारिश्रमिकः रु. 60,000/- प्रतिमाह( अनुमानित) / Total Pay: Rs. 60,000/- per month (Approx.)**

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के लिए कृपया म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट देखें. / For detailed advertisement, eligibility criteria, terms and conditions, and procedure for submission of applications, please visit the official website: **munitionsindia.in**

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथिः रोजगार समाचार/Employment News में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन/ Last date for receipt of applications: 21 days from the date of publication of advertisement in Employment News/Rozgar Samachar.**

**Advt. No. 01-2026/MIL/HR/2026-27/Hindi Officer**

EN 17/24

---

# पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया

**बी–28, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली – 110016**

**पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PFI)** अल्पकालिक संविदा के आधार पर विशेषज्ञ (Expert) की नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। यह संविदा प्रारंभिक रूप से दो वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे संगठन की आवश्यकता एवं अभ्यर्थी के संतोषजनक कार्य–निष्पादन के आधार पर एक वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

| पद का नाम | पदों की संख्या | आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम आयु | वार्षिक पारिश्रमिक (लगभग) |
|---|---|---|---|
| विशेषज्ञ–हाइड्रो (संविदा) | 1 | 62 वर्ष से कम (केवल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (CPSEs)/सरकारी क्षेत्र के अधिकारियों हेतु) | अनुभव एवं उपयुक्तता के अनुसार |
| विशेषज्ञ–ट्रांसमिशन (संविदा) | 1 | 62 वर्ष से कम (केवल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (CPSEs)/सरकारी क्षेत्र के अधिकारियों हेतु) | अनुभव एवं उपयुक्तता के अनुसार |
| विशेषज्ञ–विनियामक एवं वितरण (संविदा) | 1 | 62 वर्ष से कम (केवल राज्य विद्युत विनियामक आयोगों तथा/अथवा डिस्कॉम (DISCOMs) के अधिकारियों हेतु) | अनुभव एवं उपयुक्तता के अनुसार |

**नोटः**

अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन **29.07.2026** को **सायं 06:00 बजे** तक प्रस्तुत करें। अपूर्ण आवेदन अथवा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव न रखने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिए जाएंगे।

आवेदन–पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया की **वेबसाइट** **www.powerfoundation.org.in** के "Careers" लिंक पर उपलब्ध है।

**दिनांकः 09.07.2026**

**प्रमुख – मानव संसाधन एवं प्रशासन**

EN 17/82

---

# आईसीएआर–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

**पूसा परिसर**
**नई दिल्ली-110012**

आईसीएआर-आईएआरआई, नई दिल्ली के जैव रसायन संभाग में डीबीटी-एनई परियोजना (पीआईः डॉ. श्वेता कुमारी) के अंतर्गत **जूनियर रिसर्च फेलो** (एक पद) के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया आईएआरआई की वेबसाइट **(www.iari.res.in)** देखें.

EN 17/66

---

सत्यमेव जयते
Government Of India

**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग**
**तकनीकी अनुभाग VII**

**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) भोपाल के निदेशक पद के लिए विज्ञापन**

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के निदेशक पद के लिए 2,25,000 रुपये (निर्धारित) वेतनमान पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आईआईएसईआर के निदेशक से अकादमिक के साथ–साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनके पास नेतृत्व गुणों के साथ, प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि हो जिसमें पीएचडी स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव भी शामिल है। निदेशक का कार्यकाल अनुबंधित नियुक्ति के आधार पर पांच वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, होगा।

योग्य/इच्छुक व्यक्ति NITSER काउंसिल की वेबसाइटः **www.nitcouncil.org.in** और शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइटः **https://www.dohe-education.gov.in/** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो 24.07.2026 से 23.08.2026 मध्यरात्रि 12:00 बजे तक खुली रहेगी। दोनों तिथियां शामिल हैं।

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।

अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट **https://www.dohe-education.gov.in/**, **www.nitcouncil.org.in/**, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की वेबसाइटः **https://www.dst.gov.in/** और कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइटः **https://dopt.gov.in/** पर दिए गए हैं।

EN 17/30

---

**दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड**
(दिल्ली सरकार का उपक्रम) मानव संसाधन विभाग
कार्यालयः- सह प्रबंधक (मानव संसाधन)
6ठा तल, शक्ति सदन, कोटला मार्ग
नई दिल्ली-110002, फोनः 23232580
कॉर्पोरेट पहचान संख्या
U40103DL2001SGC111529
वेबसाइटः www.dtl.gov.in

**DELHI TRANSCO LIMITED**
(A Govt. of NCT of Delhi Undertaking)
Human Resource Department
O/o Asstt. Manager (HR) Rectt.
6th Floor, Shakti Sadan
Kotla Road, New Delhi-110002
Phone No. 011-23232580
Corporate Identification Number
U40103DL2001SGC111529
Website: www.dtl.gov.in

**रोज़गार सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, दिल्ली सरकार का उपक्रम, वेतन लेवल-9 में प्रत्येक के सामने अंकित अनुसार निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रबंधक (एचआर)-शिक्षु | यूजीसी नेट के आधार पर पेपर कोड 55(श्रम कल्याण/कार्मिक प्रबंधन/औद्योगिक संबंध) परीक्षा-दिसंबर, 2026 के लिए वैध स्कोर. उम्मीदवार के पास निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए :-<br>i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक.<br>ii) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एचआरडी/निजी प्रबंधन/औद्योगिकी संबंध में विशेषज्ञता के साथ व्यवसाय प्रबंधन में पूर्णकालिक दो वर्ष की स्नातकोत्तर डिग्री धारक होना चाहिए.<br>iii) एचआर मामलों में तीन वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. |
| 2. | चिकित्सा अधिकारी-शिक्षु | यूपीएससी संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा 2026 द्वारा. अगस्त, 2026 के लिए अनुसूचित परीक्षा. उम्मीदवार के पास निम्नलिखत योग्यता धारक होना चाहिए:<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/संस्थान से एमबीबीएस डिग्री धारक होना चाहिए और नैदानिक कार्य में कम से कम 05 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव धारक होना चाहिए.<br>**वांछनीय**<br>i) हिन्दी का अच्छा ज्ञान.<br>ii) सरकारी या सिविक निकाय द्वारा चलित डिस्पेंसरी/अस्पताल में काम करने का अनुभव.<br>iii) कम्प्यूटरीकृत पर्यावरण/एसएपी में काम करने का अच्छा ज्ञान और अनुभव.<br>**स्नातकोत्तर योग्यता जैसे एमडी/एमएस के साथ उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी.** |

रिक्तियों, योग्यता, भर्ती की प्रक्रिया आदि के साथ विस्तृत अधिसूचना, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड की वेबसाइट **www.dtl.gov.in** पर समय पर करियर अनुभाग के अधीन उपलब्ध है. सभी उम्मीदवारों को विस्तृत भर्ती विज्ञापन के लिए डीटीएल की वेबसाइट पर अपडेट रहने के लिए सूचित किया जाता है.

**वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर)-II**

**तिथिः 14.07.2026**

EN 17/54

# हमारी पत्रिकाएं

**योजना**
विकास को समर्पित मासिक
(हिंदी, अंग्रेज़ी, उर्दू व 10 अन्य भारतीय भाषाओं में)

प्रकाशन विभाग
सूचनाएवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

**कुरुक्षेत्र**
ग्रामीण विकास पर मासिक
(हिंदी और अंग्रेज़ी)

**आजकल**
साहित्यएवं संस्कृति का मासिक
(हिंदी तथा उर्दू)

**बाल भारती**
बच्चों की मासिक पत्रिका
(हिंदी)

## घर पर हमारी पत्रिकाएं मंगाना है काफी आसान...

आपको सिर्फ नीचे दिए गए 'भारत कोष' के लिंक पर जा कर पत्रिका के लिए ऑनलाइन डिजिटल भुगतान करना है-
https://bharatkosh.gov.in/Product/Product

### सदस्यता दरें

| प्लान | योजना या कुरुक्षेत्र या आजकल | | बाल भारती | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | ट्रैकिंग सुविधा के बिना | ट्रैकिंग सुविधा के साथ | ट्रैकिंग सुविधा के बिना | ट्रैकिंग सुविधा के साथ |
| 1 | ₹ 350 | ₹ 434 | ₹ 280 | ₹ 364 |

ऑनलाइन के अलावा आप डाक द्वारा डिमांड ड्राफ्ट, भारतीय पोस्टल आर्डर या मनीआर्डर से भी प्लान के अनुसार निर्धारित राशि भेज सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट, भारतीय पोस्टल ऑडर या मनीआर्डर **"अपर महानिदेशक, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय"** के पक्ष में **नई दिल्ली** में देय होना चाहिए।

अपने डीडी, पोस्टल आर्डर या मनीआर्डर के साथ नीचे दिया गया "सदस्यता कूपन" या उसकी फोटो कॉपी में सभी विवरण भरकर हमें भेजें। भेजने का पता है-
**संपादक, सर्कुलेशन (प्रसार) एकांश, प्रकाशन विभाग, कक्ष सं. 779, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**

अधिक जानकारी के लिए ईमेल करें- sec-circulation-moib@gov.in

हमसे संपर्क करें- **फोन : 011-24044000/01** (सोमवार से शुक्रवार सभी कार्य दिवस पर प्रात: 11.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक)

**कृपया नोट करें कि सदस्यता शुल्क प्राप्त होने के बाद सदस्यता शुरू होने में कम से कम आठ सप्ताह लगते हैं। कृपया इतने समय प्रतीक्षा करें और पत्रिका न मिलने की शिकायत इस अवधि के बाद करें।**

---

## सदस्यता कूपन ( नई सदस्यता/नवीकरण/पते में परिवर्तन )

कृपया मुझे 1 वर्ष के प्लान के तहत ................................................. पत्रिका .................. भाषा में भेजें।

नाम ( साफ व बड़े अक्षरों में ) ..........................................................................................

पता : ......................................................................................................................

.............................................................. ज़िला ........................................ पिन ....................

ईमेल ............................................................................ मोबाइल नं. .............................................

डीडी/पीओ/एमओ सं. ............................................ दिनांक ....................... सदस्यता सं. .......................

༄༅། །རྒྱལ་ཡོངས་གསོ་རིག་ལྟེ་གནས་ཁང་གླེ།

# राष्ट्रीय सौवारिग्पा संस्थान, लेह-लद्दाख

# National Institute of Sowa Rigpa, Leh

(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)

## आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

यू.टी. लद्दाख, लेह -194101 टेलीफैक्सः 01982-252449, 251448
ई-मेलः nrisr.leh@gmail.com/nrisr-leh@gov.in

### रिक्ति अधिसूचना संख्या 10/1026

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था, 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ सोवा रिग्पा' (लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) में समूह 'क' और 'ख' के निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

इन पदों का विवरण, उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश और आवेदन प्रपत्र का प्रारूप 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ सोवा-रिग्पा, लेह' की वेबसाइट www.sowarigpainstitute.in पर उपलब्ध हैं.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रोफेसर ग्रेड-II (सोवा रिग्पा) | पे लेवल-10 | 02 पद (एक-एक पद अपिव और अजा उम्मीदवारों के लिए आरक्षित) |
| 2. | चिकित्सा अधिकारी (सोवा रिग्पा) | पे लेवल-10 | 01 पद (अपिव के लिए आरक्षित) |
| 3. | चिकित्सा विशेषज्ञ (आधुनिक चिकित्सा) | पे लेवल-10 | 01 पद (अनारक्षित) |
| 4. | रोगविज्ञानी | पे लेवल-10 | 01 पद (अनारक्षित) |
| 5. | विकिरण विज्ञानी | पे लेवल-10 | 01 पद (अनारक्षित) |
| 6. | अस्पताल अधीक्षक | पे लेवल-10 | 01 पद (अनारक्षित) |
| 7. | प्रशासनिक-एवं-लेखाधिकारी | पे लेवल-10 | 01 पद (केवल प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाएगा) |
| 8. | अनुसंधान अधिकारी (सोवा रिग्पा) | पे लेवल-10 | 01 पद (केवल प्रतिनियुक्ति-अल्पावधि अनुबंध सहित, के आधार पर भरा जाएगा) |
| 9 | अनुसंधान सहायक (सोवा रिग्पा) | पे लेवल-05 | 01 पद (केवल प्रतिनियुक्ति-अल्पावधि अनुबंध सहित, के आधार पर भरा जाएगा) |
| 10 | निजी सचिव | पे लेवल-08 | 01 पद (अनारक्षित) पदोन्नति के जरिए भरा जाएगा; ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति से, और अगर दोनों ही तरीके काम न आएं, तो सीधी भर्ती से भरा जाएगा. |

निर्धारित प्रारूप में पूरी तरह से भरे हुए आवेदन, साथ ही शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता, आयु, जाति और अनुभव प्रमाण-पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियां, 'एम्प्लॉयमेंट न्यूज़' या राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में इस अधिसूचना के छपने की तारीख़ से एक **महीने के अंदर** डायरेक्टर, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोवा रिग्पा (एनआईएसआर), जाम्यांग स्कूल के सामने, मुर्टसे कॉलोनी, लेह (यू.टी. लद्दाख)-194101 के ऑफ़िस में पहुंच जाने चाहिए.

**नोट :** जो उम्मीदवार प्रशासनिक एवं लेखाधिकारी, अनुसंधान अधिकारी (सोवा रिग्पा), अनुसंधान सहायक (सोवा रिग्पा) और निजी सचिव के पदों के लिए प्रतिनियुक्ति/अल्पावधि अनुबंध के आधार पर आवेदन कर रहे हैं, उन्हें अपने आवेदन संबंधित विभाग/कार्यालय के माध्यम से भेजने चाहिए. उम्मीदवारों से सीधे प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

(डॉ. पद्मा गुरमेत)
निदेशक

CBC 17220/11/0003/2627

EN 17/62

# टाटा स्मारक केंद्र

कैंसर में उपचार, अनुसंधान एवं शिक्षा का उन्नत केंद्र (ACTREC)
सेक्टर-22, खारघर, नवी मुंबई-410210
परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का सहायता-अनुदान संस्थान

## पद उपलब्ध

विज्ञापन सं.: ACTREC/विज्ञापन/ए-07 एवं 08/2026 दिनांकः 13/07/2026

ACTREC सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्र. सं. | पद का नाम |
|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी 'ई' (रेडियोडायग्नोसिस) (1-अनारक्षित) |
| 2 | क्लिनिशियन साइंटिस्ट-सेलुलर थेरेपी 'ई' (1-अनारक्षित) |
| 3 | चिकित्सा अधिकारी 'ई' (संक्रामक रोग) (1-अनारक्षित) |
| 4 | चिकित्सा भौतिक विज्ञानी 'ई' (3-अनारक्षित) |
| 5 | वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' (क्लिनिशियन साइंटिस्ट प्रयोगशाला) (1-अनारक्षित) |
| 6 | वैज्ञानिक सहायक 'बी' (एनेस्थीसिया) (1-अन्य पिछड़ा वर्ग) |
| 7 | वैज्ञानिक सहायक 'बी' (हीमेटोपैथोलॉजी) (1-अनुसूचित जाति) |
| 8 | वैज्ञानिक सहायक 'बी' (पैथोलॉजी) (1-ओएच) |
| 9 | वैज्ञानिक सहायक 'बी' (रेडियोडायग्नोसिस) (1-अनारक्षित) |

आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण 13/07/2026 से 07/08/2026 तक उपलब्ध रहेगा.
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 07/08/2026 को शाम 05.30 बजे तक (भारतीय मानक समय)है.
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://actrec.gov.in देखें.
ऑनलाइन आवेदन जमा करना अनिवार्य है.
इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी परिशिष्ट अथवा शुद्धिपत्र उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा.

CBC 48160/11/0003/2627 EN 17/60 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, ACTREC

एफ. सं. 4/1/2020-आरई

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

# आर्थिक कार्य विभाग

(वित्तीय बाजार प्रभाग)

**अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण में आजीवन सदस्य के एक पद को भरना.**

भारत सरकार, **अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण, गांधी नगर, गुजरात** में आजीवन सदस्य के **एक पद** को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है. आजीवन सदस्य के पास भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव के लिए स्वीकार्य अनुसार वेतन या रुपये पांच लाख (रुपये 5,00,000/-) प्रति माह के समेकित वेतन के रूप में प्राप्त करने का विकल्प होगा.

पद का विवरण और पात्रता शर्तें **आर्थिक कार्य विभाग** के अधीन मंत्रालय की वेबसाइट **https://dea.gov.in/offerings-vacancies** पर देखा जा सकता है.

निर्धारित प्रारूप में पात्र उम्मीदवारों के आवेदन के साथ अपेक्षित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां उचित माध्यम (जहां लागू है) से **आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, कमरा सं.10042, कर्त्तव्य भवन-1, नई दिल्ली-110001 के पास 14 अगस्त, 2026** से पहले अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंच जाने चाहिए.

**अपूर्ण आवेदन और अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**भारत सरकार, उप सचिव**
**फोन नं: 011-2401 3064**

CBC 15201/11/0003/2627 EN 17/84



## प्रकाशन विभाग
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

# देश के सबसे बड़े सरकारी प्रकाशन समूह संग व्यापार का अवसर

## हमारी लोकप्रिय पत्रिकाओं और साप्ताहिक रोज़गार समाचार की विपणन एजेंसी लेकर सुनिश्चित करें आकर्षक नियमित आय

### विपणन एजेंसी मिलना... मतलब

- ✓ असीमित लाभ
- ✓ निवेश की 100% सुरक्षा
- ✓ स्थापित ब्रांड का साथ
- ✓ पहले दिन से आमदनी
- ✓ न्यूनतम निवेश-अधिकतम लाभ

### रोज़गार समाचार के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

| प्रतियों की संख्या | खुदरा मूल्य में छूट |
|---|---|
| 20-1000 | 25% |
| 1001-2000 | 35% |
| 2001-अधिक | 40% |

### मासिक पत्रिकाओं के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

| प्रतियों की संख्या | खुदरा मूल्य में छूट |
|---|---|
| 20-250 | 25% |
| 251-1000 | 40% |
| 1001-अधिक | 45% |

## विपणन एजेंसी पाना बेहद आसान

- किसी शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता नहीं
- कोई व्यावसायिक अनुभव जरूरी नहीं
- खरीद का न्यूनतम तीन गुना निवेश (पत्रिकाओं हेतु) अपेक्षित







**सम्पर्क**

**रोज़गार समाचार**
फोन: 011-24365610
ई-मेल: en-support@gov.in

**पत्रिका एकक**
ई-मेल: sec-circulation-moib@gov.in
फोन: 011-24367453

पत्र भेजें : रोज़गार समाचार, कक्ष संख्या-779, 7वां तल, सूचना भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू, 25 दिन में 19 बैठकें होंगी




संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो गया है और 13 अगस्त तक जारी रहेगा। 25 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल 19 बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों ने हाल ही में दिवंगत हुए छह पूर्व सांसदों- नादेंडला भास्कर राव, ओमवती देवी, सुधांशु सील, मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी (सेवानिवृत्त), के. पी. धनपालन और प्यारे लाल सांखवार- को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन ने कतर के पूर्व अमीर शेख-हमद-बिन-खलीफा-अल-थानी को भी श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि शेख-हमद- बिन-खलीफा-अल-थानी ने, भारत-कतर संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 18 वर्षों तक कतर पर शासन किया और आधुनिक कतर की नींव रखी।

### भारत की पहली हाइड्रोजन चालित रेल से हरित रेल परिवहन को बढ़ावा



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जुलाई को हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन चालित रेल को हरी झंडी दिखाई। यह स्वच्छ और टिकाऊ रेल परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम है। स्वदेशी तकनीक से विकसित यह रेल उन्नत रेल इंजीनियरिंग में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है। इसके शुभारंभ के साथ भारत हाइड्रोजन चालित रेल परिवहन की दिशा में काम कर रहे जर्मनी, जापान, चीन और अमरीका जैसे चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है। दस डिब्बों वाली इस रेल में लगभग 2,600 यात्रियों की क्षमता है। इसके हाइड्रोजन ईंधन सेल, रेल में ही बिजली पैदा करते हैं और इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प और ऊष्मा निकलती है। भारतीय रेल ने कालका-शिमला रेलमार्ग सहित विरासत मार्गों पर भी हाइड्रोजन तकनीक अपनाने की योजना बनाई है।

### सेमीकॉन 2.0 से संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण को बढ़ावा



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 जुलाई को 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी। इससे सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन का दायरा विनिर्माण प्रोत्साहनों से आगे बढ़ गया है। सेमीकॉन 1.0 में मुख्य रूप से फैब्रिकेशन और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना पर ध्यान दिया गया था, जबकि सेमीकॉन 2.0 में छह क्षेत्रों में शुरू से अंत तक सहायता दी जाएगी। इन क्षेत्रों में चिप डिज़ाइन, सेमीकंडक्टर सामग्री और उपकरण, फैब्रिकेशन संयंत्र, उन्नत चिप पैकेजिंग, अनुसंधान और विकास तथा प्रतिभा विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य अधिक निवेश आकर्षित करना, स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देना, आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करना और भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण तथा डिज़ाइन का वैश्विक केंद्र बनाना है। सेमीकॉन 1.0 के तहत 1.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 12 विनिर्माण परियोजनाएं मंजूर की जा चुकी हैं और अब तक तीन इकाइयों में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है।

### मोबाइल फोन विनिर्माण की नई योजना में स्थानीय मूल्य संवर्धन के लिए अधिक प्रोत्साहन

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 जुलाई को 62,500 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ मोबाइल फोन विनिर्माण योजना को मंजूरी दी। यह बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए पहले लागू उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का स्थान लेगी। नई योजना में प्रमुख कल-पुर्जों और उप-संयोजनों की घरेलू खरीद से जुड़े स्थानीय मूल्य संवर्धन के लिए 1.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त प्रोत्साहन और भारतीय ब्रांडों को उत्पाद डिज़ाइन तथा अनुसंधान एवं विकास के लिए पात्र बिक्री पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा। पांच वर्ष की इस योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को मजबूत करना, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ करना, निर्यात बढ़ाना और लगभग 60,000 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करना है। इससे वैश्विक मोबाइल फोन विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत की स्थिति भी मजबूत होगी।

### नौवहन महानिदेशालयः होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय नाविकों को बचने की सलाह दी

नौवहन महानिदेशालय ने 16 जुलाई को जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधकों और भर्ती एजेंसियों को परामर्श जारी कर अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों की तैनाती से बचने को कहा है। खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर हाल के हमलों के बाद बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए यह परामर्श जारी किया गया। महानिदेशालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य भारतीय नाविकों और भारतीय जहाजों की सुरक्षा करना है। आपात स्थिति में जहाजों को डीजी संचार केंद्र या भारतीय नौसेना के सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### भारत टेक्स 2026 : वैश्विक वस्त्र और परिधान केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मजबूत



'भारत टेक्स 2026', भारत के तेजी से बढ़ते वस्त्र और परिधान क्षेत्र का प्रमुख प्रदर्शन मंच बनकर उभरा है। इससे वस्त्र विनिर्माण, खरीद, नवाचार और निवेश के पसंदीदा वैश्विक गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति फिर मजबूत हुई है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के पहले तीन दिनों में लगभग 95,000 कारोबारी आगंतुक पहुंचे। इसमें 138 देशों के 6,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल हुए और लगभग 28,500 कारोबारी बैठकें हुईं। विभिन्न राज्यों ने 30 से अधिक समझौता ज्ञापनों के माध्यम से लगभग 14,300 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई, जबकि आईएंडयूपी ने 4,800 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की। कार्यक्रम में लगभग 2.8 अरब अमरीकी डॉलर के कारोबारी पूछताछ प्रस्ताव भी मिले, जो भारत के वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र में मजबूत वैश्विक भरोसे को दर्शाते हैं। वार्ता में संधारणीय, चक्रीय अर्थव्यवस्था, तकनीकी वस्त्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जिम्मेदार खरीद, भविष्य के अनुकूल कौशल और निर्यात प्रतिस्पर्धा पर ध्यान दिया गया। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की तेज वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि 2025-26 में वस्त्र और परिधान निर्यात लगभग 3.16 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। नए मुक्त व्यापार समझौतों और वैश्विक बाजार तक बढ़ती पहुंच के सहारे वर्ष 2030 तक इसे 9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

## अर्थव्यवस्था

### भारत में सामाजिक सुरक्षा के दायरे में एक अरब से अधिक लोग

भारत ने एक अरब से अधिक नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2015 में यह दायरा 19 प्रतिशत था, जो 2026 में बढ़कर 68.4 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने 16 जुलाई को इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन से प्रमाणित ये आंकड़े वित्तीय सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और खाद्य सहायता देने वाले कल्याण कार्यक्रमों के विस्तार को दर्शाते हैं। सरकार ने कहा कि यह उपलब्धि समावेशी विकास और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ देशभर में लोगों की आजीविका बेहतर बनाती है।

### संशोधित 'उड़ान' योजना से 120 नए गंतव्यों तक हवाई संपर्क बढ़ेगा




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 4 जुलाई को 'उड़ान' योजना के अगले चरण का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य अगले दस वर्षों में 120 नए गंतव्यों को जोड़ना और चार करोड़ यात्री, यात्राएं संभव बनाना है। संशोधित योजना में विमानन कंपनियों को दी जाने वाली व्यवहार्यता अंतर वित्तीय सहायता की अवधि तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई है। इसके साथ चुनिंदा टियर-2 और टियर-3 हवाई अड्डों के संचालन और रखरखाव के लिए भी सहायता दी जाएगी। लगभग 29,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से सरकार 100 और हवाई अड्डे तथा 200 हेलीपोर्ट विकसित करेगी। इस पहल से क्षेत्रीय हवाई संपर्क मजबूत होने, रोजगार बढ़ने, स्वदेशी विमान विनिर्माण को समर्थन मिलने और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## अंतरराष्ट्रीय

### भारत-ब्रिटेन सीईटीए लागू, भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच

भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता 15 जुलाई को लागू हो गया। इसके तहत भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात अब ब्रिटेन के बाजार में 'शून्य शुल्क' पर पहुंचेगा। यह द्विपक्षीय व्यापार में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ सामाजिक सुरक्षा समझौता भी लागू हुआ है, जिसके तहत ब्रिटेन में अस्थायी नियुक्ति पर गए भारतीय पेशेवरों को पांच वर्ष तक दोहरा सामाजिक सुरक्षा अंशदान नहीं देना होगा। पहले दिन भारत के बंदरगाहों, हवाई अड्डों और औद्योगिक केंद्रों से 14 करोड़ अमरीकी डॉलर से अधिक मूल्य की 50 से अधिक निर्यात खेपों को रियायती शुल्क व्यवस्था के तहत रवाना किया गया। सरकार ने कहा कि इस समझौते से निर्यात बढ़ेगा, श्रम-प्रधान क्षेत्रों को लाभ होगा, सेवा व्यापार मजबूत होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, किसानों तथा कुशल पेशेवरों के लिए अवसर बढ़ेंगे।

### भारत और बेल्जियम ने सहयोग बढ़ाने के लिए रणनीतिक संवाद शुरू किया

भारत और बेल्जियम ने 15 जुलाई को ब्रुसेल्स में अपना पहला रणनीतिक संवाद शुरू किया। इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के लिए एक नया ढांचा बना है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने संवाद की सह-अध्यक्षता की। इसमें व्यापार, निवेश, हरित ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा, सुरक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए नियमित उच्चस्तरीय संपर्क बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

## खेल

### एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत ने दो स्वर्ण पदक जीते



भारत ने 17 जुलाई को जकार्ता में एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष फाइनल में दो स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर अपना अभियान समाप्त किया। मौजूदा एशियाई चैंपियन विश्वनाथ सुरेश ने 50 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि गंगा ने 55 किलोग्राम वर्ग का खिताब अपने नाम किया। वंशज ने 65 किलोग्राम, आदित्य ने 55 किलोग्राम और शुभम राजपूत ने 90 किलोग्राम वर्ग में उपविजेता रहते हुए रजत पदक जीते। इस प्रदर्शन ने महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की मजबूत उपस्थिति को रेखांकित किया।

### भारतीय महिला टीम ने लॉर्ड्स में पहली टेस्ट जीत दर्ज कर इतिहास रचा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 13 जुलाई को लॉर्ड्स में खेले गए पहले महिला टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 270 रन से हराकर इतिहास रचा। 457 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 186 रन पर आउट हो गई। भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच जीतकर महिला टेस्ट क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज की और इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में अपना अपराजेय क्रम बनाए रखा। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और कई अन्य नेताओं ने इस ऐतिहासिक जीत की सराहना की।

### राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी कानून लागू, स्वच्छ खेल व्यवस्था हुई मजबूत

सरकार की अधिसूचना के बाद राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी अधिनियम, 2022 और राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी संशोधन अधिनियम, 2025, 15 जुलाई से लागू हो गए हैं। ये कानून डोपिंग रोकने, खिलाड़ियों के अधिकारों की रक्षा करने और भारत के डोपिंग-रोधी कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत करते हैं। संशोधित कानून संस्थागत स्वतंत्रता बढ़ाता है, प्रक्रियागत सुरक्षा तथा विवाद समाधान व्यवस्था को सुदृढ़ करता है और भारत की डोपिंग-रोधी प्रणाली की विश्वसनीयता को मजबूत बनाता है।

(संकलन- ईएन टीम)

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल(एस)-01/3558/2026-28 यू(सी)107/2026-28 (पूर्व भुगतान के बिना डाक से भेजने की अनुमति) पीआरजीआई 28729/1976

अनुपमा भटनागर, प्रधान महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्वेस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित. संपादकः रहीसुद्दीन रिहान